


■ वैश्विक चुनौतियों के बावजूद अप्रैल में निर्यात 13.78% बढ़ा, व्यापार घाटा 28.38 - 10



■ कुछ बेरोजगार युवा कॉकरोच की तरह, व्यवस्था पर करते हैं हमला : सीजेआई - 11



■ चीन के साथ विवादित मुद्दों पर बिना किसी समझौते के बीजिंग से लौटे ट्रंप - 11



■ मुझे काबिलियत साबित करनी पड़ी, तो मैं वहां नहीं रहूंगा : विराट कोहली - 12


आज का मौसम

39.0⁰ अधिकतम तापमान

27.0⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.21 | सूर्यास्त 06.55

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष अमावस्या 01:30 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2083

शनिवार, 16 मई 2026, वर्ष 7, अंक 171, पृष्ठ 12+4 ■ मूल्य 6 रुपये


## पेट्रोल-डीजल 3 और सीएनजी 2 रुपये प्रति किग्रा महंगी

- पिछले चार वर्षों में पेट्रोल-डीजल के दाम में पहली बार बढ़ोतरी
- कच्चे तेल की बढ़ती वैश्विक कीमतों के कारण हुई वृद्धि

नई दिल्ली, एजेंसी

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में शुक्रवार को तीन रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई। यह पिछले चार वर्षों में पेट्रोल-डीजल के दाम में पहली वृद्धि है। कच्चे तेल की बढ़ती वैश्विक कीमतों के कारण तेल विपणन कंपनियों का घाटा बढ़ने के बीच यह वृद्धि की गई है। इसके साथ ही, दिल्ली और मुंबई जैसे शहरों में सीएनजी की कीमतों में दो रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की गई।

उद्योग जगत से जुड़े सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में पेट्रोल की कीमत 94.77 रुपये से बढ़कर 97.77 रुपये प्रति लीटर हो गई है। डीजल अब 87.67 रुपये के मुकाबले 90.67 रुपये प्रति लीटर हो गया है। दरें राज्यों में मूल्य वर्धित कर (वैट) के अंतर के कारण अलग-अलग होती हैं। दिल्ली में अब सीएनजी की कीमत 79.09 रुपये प्रति किलोग्राम और मुंबई में 84 रुपये प्रति किलोग्राम है। हालांकि, घरों में खाना पकाने के लिए पाइप से मुहैया कराई जाने वाली पीएनजी और घरेलू खाना पकाने वाली गैस एलपीजी दोनों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिका-इजराइल हमले के बाद और तेहरान की जवाबी कार्रवाई के बाद से 50 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। इस युद्ध से होर्मुज अवरुद्ध हो गया जिससे दुनिया के तेल एवं गैस का पांचवां हिस्सा गुजरता है।



### दस फीसदी तक बढ़ सकती है माल ढुलाई

लखनऊ। डीजल दरों में हुई बढ़ोतरी के बाद माल ढुलाई भाड़ा बढ़ने के आसार हैं। यह बढ़ोत्तरी दस प्रतिशत की होगी। ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन का कहना है कि बढ़ोत्तरी अतिशीघ्र लागू होगी। इस सिलसिले में सोमवार को बैठक बुलाई गई। संगठन के साथ वार्ता कर अंतिम निर्णय लेंगे।

"सोमवार को देर शाम ट्रांसपोर्टनगर में बैठक की जा रही है। इसे लेकर प्रांतीय पदाधिकारियों को भी अवगत करा दिया गया है। करीब दस प्रतिशत माल ढुलाई के भाड़े में बढ़ोत्तरी हो सकती है। बढ़ी दरों को जल्द लागू किया जाएगा। दरअसल माल ढुलाई को लेकर कंपनियों के साथ एग्रीमेंट होता है। उन्हें सूचित किया जाएगा और नई दरें भेज भाड़े को लागू कर दिया जाएगा।

**-पंकज शुक्ला**, महामंत्री लखनऊ गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन

"किराया दस प्रतिशत बढ़ेगा। बैठक सोमवार को है। इसमें संगठन के लखनऊ और मंडल के पदाधिकारी रहेंगे। प्रांतीय नेतृत्व से भी माल ढुलाई भाड़े को लेकर वार्ता हो गई है। संगठन ने इस सहमति जताई है। बैठक के बाद सभी एजेंसियों से वार्ता कर दरें लागू कर दी जाएगी। इस पर अगले हफ्ते की शुरुआत में मुहर लग जाएगी।

**-अमित शर्मा**, सदस्य, यूपी मोटर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन

### नीट प्रश्नपत्र लीक मामले में सीबीआई को मिली बड़ी सफलता

## रसायन विज्ञान का प्रो. पीवी कुलकर्णी निकला मास्टरमाइंड, पुणे से गिरफ्तार

- वर्षों तक प्रश्नपत्र तैयार करने वाली समितियों से जुड़ा रहा है कुलकर्णी

नई दिल्ली, एजेंसी

सीबीआई ने शुक्रवार को नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले के सरगना एक प्रोफेसर को महाराष्ट्र के पुणे से गिरफ्तार किया है। अधिकारियों के अनुसार, रसायन विज्ञान के विशेषज्ञ और लातूर निवासी प्रोफेसर पीवी कुलकर्णी कई वर्षों से नीट प्रश्नपत्र तैयार करने वाली समितियों से जुड़े रहे हैं। गहन पूछताछ के बाद प्रोफेसर कुलकर्णी को पुणे स्थित उनके आवास से हिरासत में लिया गया।



अधिकारियों के अनुसार, गोपनीय सामग्री तक विशेष पहुंच का फायदा उठाते हुए प्रोफेसर कुलकर्णी ने अप्रैल के अंतिम सप्ताह में अपने घर पर विशेष कोचिंग कक्षाएं आयोजित कीं, जिनमें उन्होंने छात्रों को वे प्रश्न, विकल्प और उत्तर लिखवाए जो तीन मई को आयोजित नीट-यूजी परीक्षा में पूछे गए थे। अप्रैल 2026 के अंतिम सप्ताह में कुलकर्णी ने एक अन्य आरोपी मनीषा वाघमारे की मदद से छात्रों को संगठित किया था। मनीषा को सीबीआई ने 14 मई को गिरफ्तार किया था। उन्होंने बताया कि छात्रों ने इन विशेष कक्षाओं में शामिल होने के लिए कई लाख रुपये दिए थे। इन कक्षाओं में छात्रों ने प्रश्न अपनी नोटबुक में लिखे थे, जो बाद में तीन मई को आयोजित परीक्षा के वास्तविक प्रश्नपत्र से पूरी तरह मेल खाते थे। (संबंधित पेज-7)

### नीट-यूजी की पुनर्परीक्षा 21 जून को अगले वर्ष से कंप्यूटर आधारित टेस्ट

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने घोषणा की कि नीट-यूजी की पुनः परीक्षा 21 जून को आयोजित की जाएगी। साथ ही कहा कि अनियमितताओं के आरोपों के मद्देनजर अगले वर्ष से मेडिकल प्रवेश परीक्षा कंप्यूटर आधारित होगी।

प्रधान ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र और उनका भविष्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। परीक्षा के संचालन में पाई गई अनियमितताओं के खिलाफ बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनाई जाएगी और सख्त कार्रवाई की जा रही है। परीक्षा प्रक्रिया में अनियमितताओं के आरोपों के बाद तीन मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (स्नातक) रद्द कर दी गई। प्रधान ने बताया कि पुनः परीक्षा की अवधि 15 मिनट बढ़ा दी गई है और उम्मीदवारों को परीक्षा के लिए अपनी सुविधा के अनुसार शहर चुनने का मौका फिर से मिलेगा और उन्हें 14 जून तक प्रवेश पत्र मिल जाएगा। केंद्र सरकार राज्य सरकारों के साथ मिलकर छात्रों के लिए परिवहन व्यवस्था का समन्वय भी करेगी।



- शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने की बैठक परीक्षा की अवधि 15 मिनट बढ़ाई 14 जून तक जारी होंगे प्रवेश पत्र

मैं विशेष रूप से छात्रों से अपील करना चाहता हूं कि वे बिना किसी डर के परीक्षा दें। सरकार आपके साथ है। मंत्री ने कहा, हम नहीं चाहते थे कि कोई माफिया साजिश या धनबल से आपकी सीट छीन ले। मंत्री ने कहा कि पिछली बार अनियमितताएं सामने आने के बाद राधाकृष्णन समिति का गठन किया गया था और उसकी सिफारिशों को लागू किया गया था। इसके बावजूद यह घटना हुई। इसलिए, हमारा पहला कदम परीक्षा रद्द करना था।

### ब्रीफ न्यूज

**ऐतिहासिक गिरावट: रुपया 17 पैसे और टूटकर 95.81 पर बंद**

**मुंबई।** अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के कारण रुपया शुक्रवार को 17 पैसे की भारी गिरावट के साथ 95.81 प्रति डॉलर के अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। वैश्विक स्तर पर बढ़ती मुद्रास्फीति की चिंताओं ने भी रुपये पर दबाव बढ़ाया। कारोबार के दौरान एक समय ऐसा भी आया जब रुपया पहली बार ऐतिहासिक रूप से लुढ़ककर 96 प्रति डॉलर के स्तर से भी नीचे चला गया था। रुपया इस वर्ष 6% से अधिक टूट चुका है, जबकि छह सत्रों 2% गिरावट दर्ज की गई है।

**यस बैंक के पूर्व सीईओ पर आपराधिक विश्वासघात का केस**

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने यस बैंक के पूर्व प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी राणा कपूर और अन्य के खिलाफ 1,000 करोड़ की गिरवी रखी संपत्ति के अवैध हस्तांतरण के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि बैंक ने 150 करोड़ के ऋण को एनपीए के रूप में वर्गीकृत किए बिना एक परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी को हस्तांतरित कर दिया। एचडीआईएल की अनुषंगी कंपनी सफायर लैंड डेवलपमेंट से जुड़े लखमिंदर दयाल की शिकायत पर वर्ली पुलिस थाने में कपूर, सुधीर वालिया और अन्य बैंक अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई।

## भोजशाला सरस्वती मंदिर घोषित परिसर में नमाज के आदेश रद्द

### हाईकोर्ट की इंदौर पीठ ने हिंदू पक्ष की मांग पर लगाई मुहर, एएसआई का 2003 का आदेश खत्म

इंदौर, एजेंसी

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने धार के भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर के ऐतिहासिक विवाद के मामले में शुक्रवार को फैसला सुनाते हुए इस मध्यकालीन स्मारक की धार्मिक प्रकृति हिंदू मान्यताओं में 'ज्ञान की देवी' के रूप में पूजी जाने वाली वाग्देवी (सरस्वती) के मंदिर के तौर पर तय की। कोर्ट ने रेखांकित किया कि परमार वंश के राजा भोज की विरासत से जुड़े इस स्थल पर हिंदुओं की पूजा-अर्चना की निरंतरता कभी समाप्त नहीं हुई है।

हाईकोर्ट ने विवादित परिसर में केवल हिंदुओं को उपासना का अधिकार दिए जाने की गुहार स्वीकार की। साथ ही भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के सात अप्रैल 2003 के उस आदेश को रद्द कर दिया जिसमें मुस्लिमों को हर शुक्रवार स्मारक में नमाज अदा करने की इजाजत दी गई थी। उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ के न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला और न्यायमूर्ति आलोक अवस्थी ने इस मामले से संबंधित पांच याचिकाओं और एक रिट अपील पर पुरातात्विक व ऐतिहासिक तथ्यों, एएसआई की अधिसूचनाओं व उसके वैज्ञानिक सर्वेक्षण और कानूनी प्रावधानों की रोशनी में फैसला सुनाया। अपने निर्णय में अयोध्या के राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद के मुकदमे में शीर्ष अदालत के फैसले में निर्धारित सिद्धांतों का भी उल्लेख किया। खंडपीठ ने सामाजिक संगठन 'हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस' और कुलदीप तिवारी व अन्य लोगों की दायर दो अलग-अलग जनहित याचिकाएं मंजूर करते कहा, भोजशाला परिसर और कमाल मौला मस्जिद के विवादित क्षेत्र का धार्मिक स्वरूप वाग्देवी (सरस्वती) के मंदिर वाली भोजशाला के रूप में तय किया जाता है। (संबंधित राष्ट्रीय पेज पर)






- एमपी हाईकोर्ट ने अयोध्या के राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद के मुकदमे में शीर्ष कोर्ट के फैसले में निर्धारित सिद्धांतों का भी किया उल्लेख

### हिंदू पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दाखिल की

**नई दिल्ली।** हिंदू पक्ष के एक याचिकाकर्ता की तरफ से शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में एक कैविएट दाखिल की गई, जिसमें अनुरोध किया गया कि भोजशाला परिसर विवाद मामले में हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ किसी भी अपील पर कोई भी आदेश उसका पक्ष सुने बिना पारित नहीं किया जाए। जितेंद्र सिंह 'विशेन' द्वारा वकील बरुण कुमार सिन्हा के जरिए दायर की गई कैविएट अर्जी में कहा गया, नीचे हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति को नोटिस दिए बिना उपरोक्त मामले में कोई आदेश न दिया जाए।

### कोर्ट ने 11 मार्च 2024 को वैज्ञानिक सर्वेक्षण का दिया था आदेश

हाईकोर्ट ने 11 मार्च 2024 को एएसआई को वैज्ञानिक सर्वेक्षण करने का आदेश दिया था। एएसआई ने 98 दिनों के विस्तृत सर्वेक्षण के बाद 15 जुलाई 2024 को कोर्ट में अपनी रिपोर्ट पेश की थी। कोर्ट ने कहा, यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि ज्ञान की एक शाखा के रूप में पुरातत्व, सीखने के विज्ञान से ही अपना आधार प्राप्त करता है। यह वह बुद्धिमत्ता, अनुभव और दूरदृष्टि है जो व्याख्या की प्रक्रिया का आधार बनती है। इसलिए कोर्ट एएसआई द्वारा किए गए ऐसे बहु-विषयक वैज्ञानिक अध्ययनों के आधार पर निकाले गए निष्कर्षों पर तथा भारत के संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 के तहत प्रदत्त मौलिक अधिकारों पर निश्चिंत होकर भरोसा कर सकता है।

### आईटीआर 1 व 4 के फॉर्म दाखिल करने की ऑनलाइन सुविधा शुरू

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने वर्ष 2026-27 के लिए आईटीआर-1 व आईटीआर-4 फॉर्म को ऑनलाइन दाखिल करने की सुविधा शुक्रवार को शुरू कर दी। ये फॉर्म मुख्य रूप से छोटे और मध्यम करदाताओं द्वारा भरे जाते हैं। यह सुविधा अब ई-फाइलिंग पोर्टल पर उपलब्ध है।

इन दोनों फॉर्म को 30 मार्च को अधिसूचित किया गया था। करदाता अब आयकर रिटर्न दाखिल करना शुरू कर सकते हैं। व्यक्तिगत करदाताओं के लिए आईटीआर-1 दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है, जबकि आईटीआर-4 (गैर-ऑडिट मामलों) के लिए यह समयसीमा 31 अगस्त तय की गई है। आईटीआर-1 (सहज) फॉर्म उन निवासी व्यक्तियों के लिए है, जिनकी सालाना आय 50 लाख रुपये तक है और जिनकी आय वेतन, एक मकान, ब्याज जैसे अन्य स्रोतों और 5,000 रुपये तक की कृषि आय से होती है।

### 100 निजी अस्पतालों का भुगतान रोका, 100 अन्य को योजना से किया निलंबित

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में मानकों का पालन नहीं करने वाले निजी अस्पतालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। सरकार ने 100 निजी अस्पतालों का भुगतान रोक दिया है, जबकि करीब 100 अन्य अस्पतालों को योजना से निलंबित कर दिया गया है। सरकार का कहना है कि गरीबों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। राज्य स्वास्थ्य एजेंसी की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि आयुष्मान योजना को अधिक प्रभावी और विश्वसनीय बनाने के लिए अस्पतालों की सूचीबद्धता और गुणवत्ता परीक्षण की प्रक्रिया को पहले से अधिक सख्त किया है। अस्पताल इम्पैनलमेंट मॉड्यूल 2.0 पोर्टल के माध्यम से सूचीबद्ध अस्पतालों का सत्यापन किया जा रहा है। नई व्यवस्था के तहत अस्पतालों के लिए 35 महत्वपूर्ण मानकों को पूरा करना अनिवार्य किया गया है।

- आयुष्मान योजना में गड़बड़ी पर योगी सरकार की बड़ी कार्रवाई

- **राज्य-जिला स्तर पर ऑडिट :** कार्रवाई की जद में आगरा, अलीगढ़, प्रयागराज, लखनऊ, गाजियाबाद, मेरठ, वाराणसी, गोरखपुर, कानपुर नगर, मथुरा, सहारनपुर, बरेली, बाराबंकी, मिर्जापुर, अमरोहा, देवरिया और सोनभद्र समेत कई जिलों के अस्पताल आए हैं। सरकार ने सभी सूचीबद्ध अस्पतालों को एनएबीएच गुणवत्ता प्रमाणन प्राप्त करने के निर्देश भी दिए हैं।
- **क्या हैं नए सख्त मानक :** अस्पतालों को अब फायर सेफ्टी एनओसी, चिकित्सकों की योग्यता, एचएफआर पंजीकरण, जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर और गुणवत्ता मानकों सहित 35 शर्तें पूरी करनी होंगी। तय समय में प्रक्रिया पूरी नहीं करने वाले अस्पतालों पर भुगतान रोकने और निलंबन जैसी कार्रवाई की जा रही है।

## आरजी कर मामले में 3 आईपीएस अधिकारी निलंबित

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने शुक्रवार को आरजी कर अस्पताल में दुष्कर्म और हत्या मामले की प्रारंभिक जांच के दौरान लापरवाही और कर्तव्य में चूक के आरोप में तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों को निलंबित कर दिया। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने यह जानकारी दी।

शुभेंदु ने कहा कि कोलकाता के पूर्व पुलिस आयुक्त विनीत गोयल, पूर्व उपायुक्त इंदिरा मुखर्जी और अभिषेक गुप्ता को उनके खिलाफ शुरू की गई विभागीय जांच के मद्देनजर निलंबित करने का आदेश दिया गया है। तीनों अधिकारी मामले को लापरवाहीपूर्ण तरीके से संभालने में शामिल थे, पीड़िता के माता-पिता को रिश्वत के रूप में पैसे की पेशकश की और अगस्त 2024 में हुए इस जघन्य अपराध के संबंध में एक अनाधिकृत संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। राज्य सरकार अपराध की वास्तविक जांच में हस्तक्षेप नहीं कर रही है, जो सीबीआई द्वारा की जा रही है। अनुशासनात्मक कार्रवाई और विभागीय जांच का नेतृत्व राज्य के गृह सचिव मुख्य सचिव के मार्गदर्शन में करेंगे।



- शुभेंदु सरकार ने प्रारंभिक जांच में लापरवाही और कर्तव्य में चूक के आरोप में की कार्रवाई
- कोलकाता के पूर्व पुलिस आयुक्त विनीत गोयल, पूर्व उपायुक्त इंदिरा मुखर्जी और अभिषेक गुप्ता पर गिरी गाज

## उन्नाव कांड में पूर्व विधायक सेंगर को झटका, सजा निलंबन के आदेश रद्द

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली हाईकोई के उस आदेश को रद्द कर दिया जिसमें 2017 के उन्नाव दुष्कर्म मामले में पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की आजीवन कारावास की सजा को निलंबित कर दिया गया था। साथ ही उच्च न्यायालय से याचिका पर नए सिरे से फैसला करने को कहा।

पीठ ने हाईकोर्ट से यह भी कहा कि वह सेंगर की दोषसिद्धि और आजीवन कारावास के खिलाफ दायर मुख्य याचिका पर दो महीने के भीतर फैसला करने का प्रयास करे। यदि हाईकोर्ट के लिए मुख्य याचिका पर शीघ्रता से निर्णय लेना संभव नहीं है तो उसे वहां ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू होने से पहले सेंगर की उस याचिका पर आदेश पारित करना चाहिए जिसमें मामले में आजीवन कारावास को निलंबित करने की मांग की गई है।

- सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट से याचिका पर नए सिरे से फैसला करने को कहा

## फरीदपुर टोल प्लाजा के पास ट्रक से कुचलकर दो शिक्षकों की मौत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली-शाहजहांपुर रोड पर शुक्रवार सुबह परीक्षा ड्यूटी को जा रहे स्कूटी सवार दो शिक्षकों को बेकाबू ट्रक ने रौंद दिया। हादसे में दोनों शिक्षकों की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक चालक गाड़ी लेकर भाग निकला। दुर्घटना में जान गंवाने वाले टीचर पीके यादव व प्रमोद यादव फरीदपुर क्षेत्र के गांव लोंगपुर में स्थित परिषदीय विद्यालय में तैनात थे।

पुलिस के अनुसार, बरेली महानगर में सिविल लाइंस निवासी शिक्षक पीके यादव और मुंशीनगर के रहने वाले उनके साथी अध्यापक प्रमोद यादव की फरीदपुर में परीक्षा ड्यूटी लगी थी। सुबह जल्दी दोनों अध्यापक एक ही स्कूटी से डीएलएड एग्जाम ड्यूटी को रवाना हुए थे। जैसे ही वे फरीदपुर से पहले टोल प्लाजा के पास पहुंचे, अचानक पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने चपेट में ले लिया। टक्कर लगने से स्कूटी क्षतिगस्त हो गई और दोनों टीचर उछलकर दूर जा गिरे। ट्रक उन्हें कुचलता आगे बढ़ गया। आसपास मौजूद लोग मदद को दौड़े। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। शिक्षकों की मौत से परिवारों में कोहराम मचा है। थाना पुलिस ट्रक ड्राइवर तक पहुंचने को सीसीटीवी खंगाल रही है।

- परीक्षा ड्यूटी के लिए स्कूटी से जा रहे थे टीचर पीके यादव व प्रमोद यादव, लोंगपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में तैनात थे दोनों



मृतक पंकज यादव



मृतक प्रमोद यादव

### विदेश दौरा

### यूएई पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन के साथ की बैठक

## भारत-यूएई के बीच छह समझौते, एलपीजी सप्लाई को प्राथमिकता

- मोदी बोले- प. एशिया में शांति के लिए भारत हर संभव सहयोग देने को तैयार
- यूएई ने भारत में पांच अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की घोषणा की

अबू धाबी, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ शुक्रवार को बातचीत की और कहा कि भारत पश्चिम एशिया में शांति लाने के लिए हर संभव सहयोग देने को तैयार है। इस दौरान दोनों पक्षों ने ऊर्जा, रक्षा और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में रणनीतिक सहयोग को मजबूत करने के लिए कुछ छह समझौतों पर हस्ताक्षर भी किए। इसके तहत यूएई एलपीजी सप्लाई को प्राथमिकता देगा।

मोदी ने कहा कि यूएई ने भारत में पांच अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की भी घोषणा की है। प्रधानमंत्री और अल नाहयान की मुलाकात मोदी के पांच देशों के दौरे के पहले चरण में यूएई पहुंचने के तत्काल बाद हुई। मोदी यूएई में लगभग ढाई घंटा ठहरे और उसके बाद नीदरलैंड के लिए रवाना हो गए। यूएई के नेता के साथ बैठक की शुरुआत में मोदी ने कहा, हम यूएई पर हुए हमलों की निंदा करते हैं।

मोदी ने कहा, यूएई को जिस तरह से निशाना बनाया गया है, वह अस्वीकार्य है लेकिन यूएई ने जिस तरह से संयम रखते हुए मौजूदा स्थिति को संभाला है वह प्रशंसनीय है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व्स लिमिटेड ने अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी के साथ 'सामरिक सहयोग' के उद्देश्य से एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसका लक्ष्य ऊर्जा सुरक्षा, भारत के पेट्रोलियम भंडार को बढ़ाने और एलएनजी और एलपीजी भंडारण केन्द्रों पर सहयोग करना है। दोनों नेताओं ने एलपीजी में रणनीतिक सहयोग समझौते पर भी हस्ताक्षर किए।



यूएई में राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ प्रधानमंत्री मोदी।

### दोनों देश बंदरगाहों और तटीय बुनियादी ढांचे को देंगे बढ़ावा

विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और यूएई ने रक्षा औद्योगिक सहयोग को मजबूत करने, नवाचार और प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने और राष्ट्रीय तथा क्षेत्रीय सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से एक रणनीतिक रक्षा समझौते पर भी हस्ताक्षर किए हैं। मंत्रालय ने कहा कि चौथा समझौता गुजरात के वडीनार में एक जहाज मरम्मत केंद्र स्थापित करने और बंदरगाहों और तटीय बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने से संबंधित है, जबकि पांचवां समझौता जहाज मरम्मत में कौशल विकास की व्यवस्था से संबंधित है। छठा समझौता भारत की कृत्रिम बुद्धिमत्ता संबंधी महत्वाकांक्षाओं को बढ़ावा देने के लिए सुपरकंप्यूटर का एक समूह स्थापित करने से संबंधित है।

## न्यूज ब्रीफ

### पिछड़ा वर्ग आयोग ने 87 प्रतिशत शिकायतें कीं निस्तारित

**लखनऊ, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने सितंबर 2024 से अप्रैल 2026 तक प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में तेजी दिखाई है। आयोग को इस अवधि में 3394 शिकायतें मिलीं, जिनमें से 2962 मामलों का समाधान किया गया। आयोग ने 87 प्रतिशत से अधिक शिकायतों के निस्तारण का दावा किया है। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने बताया कि सबसे अधिक शिकायतें जाति प्रमाण पत्र, आरक्षण, छात्रवृत्ति और शैक्षणिक सुविधाओं से संबंधित मिलीं। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति और शैक्षणिक सुविधाओं से जुड़ी शिकायतों पर प्राथमिकता से सुनवाई की जा रही है।

### पीएम मोदी पर टिप्पणी के खिलाफ प्रदर्शन

**लखनऊ, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी ने समाजवादी पार्टी के सांसद अजेंद्र सिंह लोधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में शुक्रवार को प्रदेशभर में जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन किया। भाजपा की महिला पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने सपा सांसद के खिलाफ विरोध जताया। भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय राय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 140 करोड़ देशवासियों की आशाओं और आत्मगौरव के प्रतीक हैं। उनके खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग लोकतांत्रिक मूल्यों और जनता की भावनाओं का अपमान है। उन्होंने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी की राजनीति अराजक और अमर्यादित भाषा पर आधारित है। भाजपा नेताओं ने कहा कि जनता ऐसे व्यवहार का जवाब लोकतांत्रिक तरीके से देगी।

### ईंधन पर वसूले गए लाखों करोड़ कहां गए : कांग्रेस

**लखनऊ, अमृत विचार :** कांग्रेस प्रवक्ता अंशु अवस्थी ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों और बढ़ती महंगाई को लेकर केंद्र सरकार पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें कम होने के दौरान आम जनता को राहत नहीं दी गई, जबकि अब वैश्विक कीमतों में बढ़ोतरी का हवाला देकर ईंधन के दाम बढ़ाए जा रहे हैं। अंशु अवस्थी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने पिछले दस वर्षों में पेट्रोल-डीजल पर केंद्रीय करों के जरिए करीब 43 लाख करोड़ रुपये वसूले, लेकिन इसका लाभ आम लोगों को नहीं मिला। उनका कहना था कि कई देशों ने ईंधन कीमतों में कमी कर राहत दी, जबकि भारत में महंगाई लगातार बढ़ती रही।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली पर पेड़ गिरा, दो की मौत

**बाराबंकी, एजेंसी :** बाराबंकी जिले के टिकैतनगर थाना क्षेत्र में भेलसर मार्ग पर तेज हवा के कारण शीशम का पेड़ ट्रैक्टर-ट्रॉली पर गिरने से दो मजदूरों की मौत हो गई और ट्रैक्टर चालक घायल हो गया। पुलिस के अनुसार यह हादसा गुरुवार रात करीब नौ बजे मैदीपुर मोड़ के पास हुआ जब खेतासराय गांव निवासी विकास रावत (32), मैकूलाल (55) और दो अन्य लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली में सेंटरिंग का सामान लेकर गांव लौट रहे थे तभी तेज हवा के कारण सड़क किनारे शीशम का पेड़ अचानक ट्रॉली पर गिर पड़ा।

### फसल बीमा योजना के लिए 24.73 करोड़ रुपये स्वीकृत

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश सरकार ने किसानों को फसल नुकसान से सुरक्षा देने के लिए नेशनल क्रॉप इंश्योरेंस प्रोग्राम के तहत 24.73 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति जारी की है। कृषि अनुभाग-2 की ओर से वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए यह राशि मंजूर की गई है। शासनादेश के अनुसार अनुदान संख्या-11 के तहत नेशनल क्रॉप इंश्योरेंस प्रोग्राम मद में कुल 450 करोड़ रुपये का प्रावधान है। इसके सापेक्ष 24 करोड़ 73 लाख 95 हजार रुपये की पहली वित्तीय स्वीकृति दी गई है। यह धनराशि किसानों को फसल बीमा योजना के लाभ और संचालन पर खर्च की जाएगी।

### चलती मोटरसाइकिल में आग लगने से युवक जिंदा जला


**हापुड़, एजेंसी :** जिले के थाना बाबूगढ़ क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-नौ पर चलती मोटरसाइकिल में आग लगने से उस पर सवार युवक जिंदा जल गया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, बागड़पुर फ्लाईओवर के पास तेज गति से जा रही मोटरसाइकिल में अचानक आग लग गई और युवक के उतरने से पहले ही आग की लपटों ने उसे घेर लिया। चीख-पुकार सुनकर राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आग बुझाकर गंभीर रूप से झुलसे युवक को अस्पताल भेजा, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

---

**368 करोड़ की एआई सिटी और 225 करोड़ के एआई मिशन से नई पहचान**

# एआई विजन को रफ्तार, लखनऊ बन रहा टेक्नोलॉजी हब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश तेजी से देश के बड़े टेक्नोलॉजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) केंद्र के रूप में उभर रहा है। इसी दिशा में शुक्रवार को राजधानी लखनऊ में आयोजित 'एआई ट्रांसफॉर्मेशन कॉन्क्लेव 2026' में देशभर से 50 से अधिक आईएएस अधिकारियों और वरिष्ठ प्रशासकों ने भाग लिया। कॉन्क्लेव में भविष्य की डिजिटल गवर्नेंस, एआई आधारित प्रशासन और तकनीक आधारित नीति निर्माण पर मंथन हुआ। कार्यक्रम में 'द एआई-पावर्ड पब्लिक एडमिनिस्ट्रेटर: कॉम्पिटेंसीज फॉर ए न्यू एरा ऑफ गवर्नेंस' विषय पर उच्चस्तरीय कैपेसिटी बिल्डिंग वर्कशॉप आयोजित की गई। कॉन्क्लेव में प्रदेश सरकार की एआई नीति और टेक्नोलॉजी विजन पर भी चर्चा हुई। हाल ही में लखनऊ की वृंदावन योजना में 368 करोड़ की लागत से देश की पहली एआई सिटी को मंजूरी दी गई है। इसके साथ ही यूपी एआई मिशन के लिए 225 करोड़ का विशेष बजट भी निर्धारित किया गया है। स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकारी कार्यप्रणालियों में एआई ट्रांसफॉर्मेशन का राष्ट्रीय मॉडल बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इससे प्रदेश के ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को भी नई गति मिलेगी।

वहीं, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने कहा कि सरकार एआई, क्वांटम और डीपटेक जैसी उभरती तकनीकों के लिए मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर रही है। कॉन्क्लेव में एआई इकोसिस्टम, साइबर सुरक्षा, डिजिटल गवर्नेंस, एमएसएमई, स्टार्टअप्स और नागरिक सेवाओं में एआई की भूमिका पर भी विस्तार से चर्चा हुई। डॉ. चतुर्वेदी ने प्रधानमंत्री के 'मानव' फ्रेमवर्क का उल्लेख करते हुए नैतिक, जवाबदेह और मानव केंद्रित एआई पर जोर दिया।

संचालन एनआईएचआईटी की संस्थापक और इंडिया-यूएस सीईओ फोरम की वर्किंग ग्रुप-7 की शेरपा डॉ. सुबी चतुर्वेदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश, खासतौर पर लखनऊ, एआई इनोवेशन का नया केंद्र बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा कि पहले लखनऊ तहजीब की पहचान था, अब यह नवाचार और डीपटेक इकोसिस्टम की नई पहचान बन रहा है। इनमोबी जैसी कंपनियों के डीपटेक ऑपरेशंस शुरू होने से प्रदेश में गवर्नेंस, रिसर्च, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और स्टार्टअप संस्कृति को नई गति मिल रही है।

---

**दुलार**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को महाराजगंज जिले के नौतनवा में कार्यक्रम के दौरान बच्चे को दुलारते हुए। ● एजेंसी

---

# पूर्व विधायक विजय मिश्रा को 46 साल पुराने मामले में उम्रकैद

**पत्नी व बेटे को 10-10 साल की कैद, बहू को 4 साल की सजा**

भदोही/ प्रयागराज, एजेंसी

**विधायक के परिवार को सजा**



- हत्या और संपत्ति हड़पने के दो मामले में आया फैसला

आगरा जेल में बंद पूर्व विधायक बाहूबली विजय मिश्रा और उनके परिवार की समस्याएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। प्रयागराज कचहरी में 46 वर्ष पहले हुए एक हत्याकांड के मामले में पूर्व विधायक को आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद अब भदोही जिले में रिश्तेदार की संपत्ति पर जबरन कब्जा करने के मामले में भी उन्हें सजा का सामना करना पड़ा है।

हत्याकांड के मामले में 11 फरवरी 1980 को कचहरी परिसर में 35 वर्षीय प्रकाश नारायण पांडेय की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के बड़े भाई श्याम नारायण पांडेय ने कर्नलगंज थाने में हत्या की एफआईआर दर्ज कराई थी। पूर्व विधायक विजय मिश्रा जहां पहले से ही आगरा जेल में बंद हैं। तीन अन्य आरोपी जमानत पर थे जिन्हें कल कोर्ट ने दोषी करार दिए जाने के बाद हिरासत में लेकर जेल भेज दिया था। फैसला सुनाए जाने के लिए कड़ी सुरक्षा में बाहुबली विजय मिश्रा को कचहरी परिसर में लाया गया था। फैसला सुनाए जाने के चलते कचहरी की सुरक्षा कड़ी कर दी गई थी। एमपी एमएलए स्पेशल कोर्ट के बाहर भी भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया था।

संपत्ति हड़पने के मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट की अपर जिला जज पुष्पा सिंह की अदालत ने पूर्व विधायक विजय मिश्र, उनकी पत्नी पूर्व एमएलसी रामलली मिश्रा, बेटे विष्णु मिश्रा को 10-10 वर्ष और बहू रूपा मिश्र को चार वर्ष के साधारण कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने चारों पर अर्थदंड भी लगाया है। गोपीगंज कोतवाली के कवलापुर निवासी रिश्तेदार कृष्ण मोहन तिवारी ने अगस्त 2020 में कोतवाली में तहरीर देकर पूर्व विधायक विजय मिश्रा, उनकी पत्नी रामलली मिश्रा, पुत्र विष्णु मिश्रा और बहू रूपा मिश्रा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप लगाया गया था कि इन लोगों ने उनकी पैतृक संपत्ति पर कब्जा कर लिया है और जबरन वसीयतनामा पर हस्ताक्षर करने की धमकी दी जा रही है। मामले की विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था।यह मामला फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट में चल रहा था।

---

## खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में 15 नए निवेश प्रस्तावों की समीक्षा

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में निवेश लगातार बढ़ रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि यह क्षेत्र किसानों की आय बढ़ाने और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने अधिकारियों को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के तहत उपलब्ध सुविधाओं और अनुदानों के बारे में व्यापक जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए।

उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की अप्रेजल समिति की बैठक में 15 नए निवेश प्रस्तावों की तकनीकी और वित्तीय समीक्षा की गई। ये प्रस्ताव लखनऊ, बरेली, प्रयागराज, सीतापुर, शाहजहांपुर, देवरिया, गाजियाबाद, बिजनौर, फतेहपुर, कानपुर देहात और मैनपुरी जिलों से प्राप्त हुए हैं।

बैठक में बताया गया कि नीति-2023 के तहत अब तक 521 लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी किए जा चुके हैं और लगभग 400 इकाइयां उत्पादन शुरू कर चुकी हैं।

---

# सिर्फ शुद्धि-पत्र जारी कर अधिकारों को खत्म करना अनुचित : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज



- इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा, कोई भी शुद्धि-पत्र त्रुटि सुधार या स्पष्टीकरण तक ही सीमित हो सकता है

**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कोराइजेंडम की भूमिका को स्पष्ट करते हुए कहा कि कोई भी शुद्धि-पत्र यानी कोराइजेंडम केवल त्रुटि सुधार या स्पष्टीकरण तक सीमित हो सकता है, उसके माध्यम से मूल सरकारी नीति में निहित अधिकारों को कम या समाप्त नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने कहा कि स्पेशल बीटीसी प्रशिक्षण, 2004 के चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति तक वजीफा देने का अधिकार मूल शासनादेश से प्राप्त हुआ था, जिसे बाद में विभागीय स्तर पर जारी कोराइजेंडम के जरिए उसे सीमित करना संवैधानिक प्रक्रिया के विपरीत है।

कोर्ट ने जोर देकर कहा कि कोराइजेंडम त्रुटि सुधारता है, नीति को पुनर्लेखित नहीं करता। यह आदेश न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान की एकलपीठ ने अश्वनी कुमार अवस्थी व अन्य तथा संबद्ध याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए पारित किया। याचियों की ओर से बताया गया कि 14 जनवरी 2004 के शासनादेश में स्पष्ट प्रावधान था कि स्पेशल बीटीसी प्रशिक्षण, 2004 के चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण प्रारंभ होने से नियुक्ति तक प्रतिमाह 2500 रुपये वजीफा दिया जाएगा। बाद में 14 मई 2015 को जारी एक कोराइजेंडम के जरिए सरकार ने वजीफा केवल प्रशिक्षण अवधि तक सीमित कर दिया।

---

### अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को राहत

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ दाखिल अवमानना याचिका खारिज करते हुए कहा कि प्रथमदृष्टया यहां अवमानना का मामला नहीं बनता है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि जमानत की शर्तों का उल्लंघन हुआ है तो संबंधित पक्ष जमानत निरस्तीकरण की याचिका दाखिल कर सकता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति दिनेश पाठक की एकलपीठ ने आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज की याचिका को निस्तारित करते हुए पारित किया। याचिका में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य मुकुंदानंद ब्रह्मचारी के खिलाफ कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की मांग की गई थी। बता दें कि वर्तमान में दोनों पर पॉक्सो मामले में नाबालिगों के यौन उत्पीड़न के आरोप हैं।

---

# महिला ने 5 दिन में चार बच्चों को दिया जन्म, सभी सुरक्षित

- मुरादाबाद के अस्पताल में हुआ समान्य प्रसव

**मुरादाबाद:** संभल जिले की एक महिला ने मुरादाबाद स्थित तीर्थंकर महावीर अस्पताल में पांच दिन के अंतराल में चार बच्चों को सामान्य प्रसव से जन्म दिया। चिकित्सकों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। चिकित्सकों ने इसे दुर्लभ मामला बताया।

अस्पताल के अनुसार, संभल के ओवरी गांव की रहने वाली अमीना ने नौ मई को पहले बच्चे को जन्म दिया और इसके बाद 14 मई को चिकित्सकों की निगरानी में तीन अन्य बच्चों का जन्म हुआ। चार नवजात बच्चों में दो बेटे और दो बेटियां हैं और अमीना छह मई को इस अस्पताल में भर्ती हुई थीं। डॉ. शुभ्रा अग्रवाल के नेतृत्व वाली टीम ने जटिलता के बावजूद सफलता प्राप्त की। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि यह अस्पताल में पहला मामला है, जहां चार बच्चों का सामान्य प्रसव हुआ। उन्होंने बताया कि महिला का इलाज गर्भावस्था के तीसरे महीने से हो रहा था और अल्ट्रासाउंड में चार भ्रूणों की पुष्टि हुई थी। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि जटिलता को देखते हुए पहले भ्रूण संख्या कम करने की सलाह दी गई थी लेकिन परिवार ने गर्भ जारी रखने का फैसला किया। उन्होंने बताया कि फिलहाल चारों शिशुओं को एहतियातन वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है और उनकी हालत स्थिर है और मां अमीना स्वस्थ हैं।

---

## आईआईटी ने शुरू किए चार नए ऑनलाइन एमटेक कोर्स

**कानपुर, अमृत विचार।** आईआईटी कानपुर ने अपने ऑनलाइन स्नातकोत्तर प्रवेश के दूसरे चरण के तहत चार नए ऑनलाइन एमटेक कार्यक्रमों की शुरुआत की है। इन कार्यक्रमों को भारतीय और वैश्विक अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों में विशेष तकनीकी विशेषज्ञता की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। नए शुरू किए गए कार्यक्रमों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग, कंस्ट्रक्शन इंजीनियरिंग एवं प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, स्मार्ट ग्रिड तथा सस्टेनेबल एनर्जी टेक्नोलॉजीज में ऑनलाइन एम.टेक. शामिल हैं।

---

### प्रदेश को कैंसर मुक्त बनाने की दिशा में काम तेज

**लखनऊ, अमृत विचार :** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही सशक्त प्रदेश और विकसित राष्ट्र की नींव हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य उत्तर प्रदेश को कैंसर मुक्त प्रदेश बनाना है और इसके लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। विधानसभा स्थित सभागार में आयोजित बैठक में उत्तर प्रदेश राज्य कैंसर मिशन, सर्जिकल सर्विसेज सशक्तिकरण मिशन और ट्रॉमा एवं इमरजेंसी नेटवर्क को मजबूत बनाने पर प्रस्तुतीकरण दिया गया।

---

# पोर्टल के बाहर डीपीसी मान्य नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश में पदोन्नति प्रक्रिया अब पूरी तरह ऑनलाइन: मुख्य सचिव
- सरकार ने तय की समयसीमा 30 जून तक करना होगा पदोन्नत

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने पदोन्नति प्रक्रिया में देरी रोकने और चयन प्रणाली को पारदर्शी बनाने के लिए बड़ा फैसला लिया है। मुख्य सचिव एसपी गोयल की ओर से जारी शासनादेश में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि अब पदोन्नति से जुड़े सभी चयन केवल मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन किए जाएंगे। इसके लिए विकसित डीपीसी (विभागीय प्रोन्नति कमेटी) मॉड्यूल के अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम से की गई चयन प्रक्रिया मान्य नहीं होगी।

मुख्य सचिव ने सभी अपर मुख्य सचिवों, प्रमुख सचिवों, विभागाध्यक्षों, मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि चयन वर्ष 2026-27 के लिए पदोन्नति से भरे जाने वाले पदों के सापेक्ष चयन प्रक्रिया 30 जून 2026 तक पूरी कर ली जाए। इसके तहत दिसंबर 2026 तक खाली होने वाले सभी पदों को शामिल करते हुए चयन कार्यवाही पूरी करनी होगी। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि चयन वर्ष 2027 के लिए जनवरी से दिसंबर 2027 तक होने वाली रिक्तियों की प्रक्रिया 15 जनवरी 2027 तक पूरी करनी होगी। शासन का कहना है कि समय पर पदोन्नति न होने से सरकारी कामकाज प्रभावित होता है और कर्मचारियों के मनोबल पर भी नकारात्मक असर पड़ता है।

जिन पदों के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में चयन समिति गठित होती है और कार्मिक विभाग के माध्यम से चयन किया जाना होता है, उनके प्रस्ताव भी जून 2026 के पहले सप्ताह तक मानव संपदा पोर्टल पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा लोक सेवा आयोग के दायरे में आने वाले पदों के लिए अधियाचन भेजने की प्रक्रिया भी समय से पूरी करने को कहा गया है। शासन ने चेतावनी दी है कि निर्देशों का समयबद्ध पालन न होने पर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

---



बाइक से कार्यालय जाते मंत्री दानिश अंसारी। अमृत विचार

### मंत्री दानिश अंसारी बाइक से पहुंचे कार्यालय, दिया जागरूकता का संदेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर अल्पसंख्यक कल्याण एवं हज राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने शुक्रवार को अपने सरकारी आवास से उत्तर प्रदेश सचिवालय तक का सफर बाइक से तय किया। बाइक से सचिवालय पहुंचकर उन्होंने ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मंत्री ने कहा कि इस विषय पर जनभागीदारी बढ़ाने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान भी चलाए जाएंगे।

---

# सार्वजनिक परिवहन वाहनों को टैक्स में छूट की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ईंधन बचत के लिए मंत्री दयाशंकर सिंह ने परिवहन विभाग को दिए निर्देश

**अमृत विचार:** परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने ईंधन बचत और सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने के लिए विभागीय अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। यह निर्णय योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में 11 मई को हुई बैठक के बाद लिया गया।

दयाशंकर सिंह ने आगामी 12 माह के लिए रोड टैक्स और पंजीकरण शुल्क में छूट का प्रस्ताव तैयार करने को कहा है, ताकि ई-वाहनों और सार्वजनिक परिवहन का उपयोग बढ़े। पीक आवर्स में बसों के फेरे बढ़ाने और 500 से अधिक कर्मचारियों वाले कार्यालयों के लिए विशेष बस सेवा चलाने के निर्देश दिए गए हैं। यह व्यवस्था उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के समन्वय से लागू होगी। उन्होंने 'पूल कार' व्यवस्था का ऑडिट कर अतिरिक्त वाहनों को वापस लेने और डीजल-पेट्रोल की खपत कम करने को कहा है। सभी कार्यालयों में अनावश्यक लाइट बंद रखने, एयर कंडीशनर 25-26 डिग्री पर चलाने तथा गोबर गैस आधारित ऊर्जा मॉडल अपनाने की योजना तैयार होगी। विभाग में अगले छह माह तक सरकारी विदेश यात्राओं पर रोक रहेगी और बैठकों के लिए वर्चुअल माध्यम को प्राथमिकता दी जाएगी।

---

**उपलब्धि** | **सीपीसीबी रिपोर्ट में दर्ज हुआ जल गुणवत्ता में ऐतिहासिक सुधार**

# नमामि गंगे योजना में यूपी बना एंकर स्टेट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 16,201 करोड़ रुपये का निवेश सीवेज अवसंरचना में



**अमृत विचार:** नमामि गंगे योजना के तहत यूपी देश का प्रमुख "एंकर स्टेट" बनकर उभरा है। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा राज्य में सीवेज अवसंरचना के लिए 16,201 करोड़ रुपये की परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं, जो देशभर में इस मद में स्वीकृत कुल निवेश का लगभग 45 प्रतिशत है।

राज्य में स्वीकृत 80 परियोजनाओं में से 53 पूरी हो चुकी हैं। कुल 2,701 एमएलडी सीवेज उपचार क्षमता में से 1,520 एमएलडी क्षमता संचालित हो चुकी है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य गंगा में बिना उपचार के गिरने वाले सीवर प्रवाह को रोकना है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की 2025 रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2018 में कन्नौज से वाराणसी तक गंगा का पूरा हिस्सा गंभीर रूप से प्रदूषित था। अब सतत प्रदूषित पट्टी समाप्त हो चुकी है और प्रदूषण केवल फर्रुखाबाद-पुराना राजापुर, डालमऊ और मिर्जापुर-तारीघाट के सीमित हिस्सों तक रह गया है।

### प्रमुख शहरों में विकसित हो रही सीवेज व्यवस्था

वाराणसी, प्रयागराज, कानपुर, आगरा, मथुरा, वृंदावन, मुरादाबाद, भदोही, बिजनौर और शुक्लागंज सहित 11 प्रमुख शहरों में सीवेज नेटवर्क और एसटीपी परियोजनाएं संचालित हैं। वाराणसी के अस्सी-बीएचयू में 55 एमएलडी और आगरा में 31 व 35 एमएलडी क्षमता के एसटीपी प्रभावी रूप से कार्य कर रहे हैं।

### प्रयागराज का 'ग्रीन एसटीपी मॉडल' बना उदाहरण

प्रयागराज में विकसित ग्रीन एसटीपी मॉडल के तहत नैनी, झूंसी और फाफामऊ स्थित संयंत्र सौर ऊर्जा और बायोगैस से अपनी ऊर्जा जरूरतें पूरी कर रहे हैं। महाकुंभ 2025 के दौरान भी इन संयंत्रों ने निर्बाध संचालन बनाए रखा। वहीं, वाराणसी के अस्सी नाला क्षेत्र में एडवांस्ड ऑक्सिडेशन टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, अब लक्ष्य शेष प्रदूषित हिस्सों को भी साफ कर गंगा को शून्य प्रदूषण की दिशा में ले जाना है।

---

# झींगा पालन को बनेगा रेगुलेटरी फ्रेमवर्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अंतर्देशीय खारे जल क्षेत्रों में नियंत्रित होगा एल वन्नामेई झींगा पालन
- जैव-सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और किसान पंजीकरण के लिए नई व्यवस्था लागू

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने अंतर्देशीय खारे जल क्षेत्रों में झींगा पालन को वैज्ञानिक और नियंत्रित ढंग से विकसित करने के लिए नई व्यवस्था लागू की है। उत्तर प्रदेश मत्स्य विभाग ने पहली बार एल वन्नामेई झींगा पालन के लिए विस्तृत रेगुलेटरी फ्रेमवर्क तैयार किया है। इसके तहत किसानों को पंजीकरण और अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

मत्स्य विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि व्यवस्था का उद्देश्य झींगा पालन को वैज्ञानिक आधार देना, रोग नियंत्रण और पर्यावरणीय नुकसान रोकना है। किसानों को आवेदन के साथ भूमि विवरण, जल परीक्षण रिपोर्ट, फार्म लेआउट और जैव-सुरक्षा योजना देनी होगी। जिला स्तरीय समिति 60 दिन के भीतर निरीक्षण कर अनुमति देगी।

नई व्यवस्था में केवल सीएए से अनुमोदित हैचरी के एसपीएफ बीज के उपयोग की अनुमति होगी। खुले जल स्रोत से जुड़े फार्मों में एफ्लुएंट ट्रीटमेंट सिस्टम लगाना अनिवार्य किया गया है। जिलाधिकारी या नामित मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला समिति गठित होगी, जो आवेदन, निरीक्षण और मानकों के पालन की निगरानी करेगी।

### गोशालाओं में कृषि सखियों की होगी तैनाती

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि प्रदेश के 75 जिलों की साढ़े सात हजार से अधिक गोशालाओं में कृषि सखियों की तैनाती की जाएगी। उत्तर प्रदेश स्टेट रूरल लाइवलीहुड मिशन से जुड़ी महिलाओं को प्रशिक्षण देकर गोशालाओं के संचालन और जैविक खाद निर्माण में लगाया जाएगा। प्रशिक्षित महिलाएं गांव-गांव अन्य समूहों को भी तैयार करेंगी।

# लापता आइसक्रीम फैक्ट्री कर्मी का मिला शव, हत्या की आशंका

## शादी में शामिल होने के बाद घर नहीं लौटे थे आदेश कुमार, पुलिस जांच में जुटी

संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी

**अमृत विचार :** शादी समारोह में शामिल होने के बाद घर नहीं लौटे इसक्रीम फैक्ट्री कर्मी का शव पुलिस ने नहर किनारे से बरामद किया है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।



आदेश कुमार।

भोजीपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम मुड़िया चेतराम निवासी आदेश कुमार मिश्रा (50) परसाखेड़ा स्थित आइसक्रीम फैक्ट्री में नौकरी करते थे। गुरुवार को ड्यूटी से घर लौटने के बाद वह सहकर्मी प्रदीप शर्मा की बहन की शादी में शामिल होने गांव के चार लोगों के साथ शाम 5 बजे स्थानीय कस्बा स्थित चिराग पैलेस में गए थे। बेटे आकाश के मुताबिक रात में वह वहीं रुके थे, लेकिन सुबह घर नहीं पहुंचे। परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। शुक्रवार शाम करीब 5 बजे ग्राम मंडोली से शंखा पुल को जाने वाले खड़ंजे पर नहर किनारे आदेश कुमार मिश्रा का शव मिला। आकाश ने डायल-112 पर सूचना दी। पुलिस व फील्ड यूनिट टीम मौके पर पहुंचकर जांच की। शव मिट्टी के सना था। कपड़े फटे थे। मौके के हालात बता रहे थे कि मरने से पहले आदेश ने संघर्ष किया था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



घटनास्थल पर जांच करती पुलिस व मौजूद लोग। ● अमृत विचार

मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी मधुबाला मिश्रा, बेटे आकाश, अधिकार, पुत्री मेघा व वर्षा का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह ने बताया कि मृतक के शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं मिले। परिजनों ने किसी से रंजिश होने से इन्कार किया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

### पंप के पास ट्रक में मिला क्लीनर का शव

**फरीदपुर, अमृत विचार :** सूचना पर पुलिस ने शुक्रवार को पचौमी गांव के पास पंकज फिलिंग स्टेशन पर ट्रक के केबिन से क्लीनर का शव बरामद किया। क्लीनर की पहचान राहुल ग्राम गोंडा गिरी जनपद सोलन, हिमाचल के रूप में हुई है। बताते हैं कि एक सप्ताह पहले ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। तब से ट्रक वहीं खड़ा था। उसके पास से नशे के इंजेक्शन एवं दवाइयां पड़ी मिलीं। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला को लाठी-डंडों से पीटा, चार पर रिपोर्ट

**कैंट, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के सदर कैंट न्यू कॉलोनी निवासी संतोष कुमारी पत्नी जैमस ने बताया कि गुरुवार रात करीब 9 :30 बजे वह घर पर थीं। इसी दौरान पड़ोसी अमित, सुमित, सन्नू, विमला आदि लाठी डंडे लेकर उनके घर में घुस आए। गाली गलौज करते हुए बाल पड़कर खींच कर जमीन पर गिरा लिया। लाठी डंडों से पीटा। चीखने की आवाज पर आसपास के लोग आ गए। जिन्होंने बचाया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़िता ने थाने में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### युवक जहर खुरानी का हुआ शिकार

**आंवला, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपूर मजरा रामनगर निवासी भूप सिंह ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसका बेटा सुमित कुमार बाहर मजदूरी करता है। वह रेवती रेलवे स्टेशन पर गया था। वहां से लौटते समय टेंपो में उनके साथ ग्राम मऊचंदपुर के कुछ लोग भी थे। रास्ते में उसे कोल्ड ड्रिंक पीने को दी गई। सुमित ने जैसे ही कोल्ड ड्रिंक पी, उसे नशा होने लगा। आरोपी उसे रेवती मोड़ पर बने यात्री शेड पर छोड़ गए और उसका मोबाइल व पर्स ले गए। बेटे को तीन दिन बाद होश आया।

# सिटी मजिस्ट्रेट धरना स्थल पर पहुंचे

संवाददाता, बहेड़ी



धरना स्थल पर किसान नेताओं से वार्ता करते अफसर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गन्ना मूल्य भुगतान की मांग को लेकर भाकियू (टिकैत) का चल रहा धरना शुक्रवार को समाप्त हो गया। सिटी मजिस्ट्रेट और जॉइन्ट मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में धरना समाप्त करने की घोषणा की गई। गुरुवार को जिलाधिकारी की मध्यस्तता में किसान नेताओं और केसर मिल प्रबंधन के बीच वार्ता के बाद समझौते पर सहमति बन गई थी।

भाकियू (टिकैत) ने 11 मई को गन्ना मूल्य भुगतान की मांग को लेकर धरना दिया था। मिल प्रबंधन ने चीनी मिल की बिक्री पर ही गन्ना मूल्य दिए जाने की बात कही थी, जिससे नाराज होकर धरना अनिश्चित कालीन कर दिया गया था। गुरुवार को डीएम की मध्यस्तता में हुई वार्ता में मिल के मुंडिया फार्म की जमीन यूपीएसआईडीसी से खरीदवाने की बात हुई थी। इसके लिए एसडीएम को वार्ता के लिए अधिकृत किया गया। नीलामी से आए पैसे को किसानों को देने की बात तय हुई। मिल के सीईओ ने बताया कि मिल की बिक्री की प्रक्रिया 15 जून तक होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि मिल का मूल्यांकन 447 करोड़ रूपये का है। वार्ता के दौरान डीएम ने मिल प्रबंधन से भुगतान की कार्ययोजना शीघ्र देने का निर्देश दिया। इस समझौते की कॉपी को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट धरना स्थल पर पहुंचे। भाकियू अपनी मासिक पंचायत धरना स्थल पर ही कर रही थी। सिटी मजिस्ट्रेट ने डीएम की मध्यस्तता में हुई वार्ता की जानकारी दी, जिसके बाद किसान नेताओं ने धरना समाप्त करने की घोषणा कर दी। सिटी मजिस्ट्रेट के साथ डीसीओ और जॉइन्ट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर मौजूद रहीं।

- समझौते की कॉपी दी, केसर मिल गेट पर चल रहा भाकियू का धरना समाप्त

तहसील अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष जगत सिंह, जिला संगठन मंत्री विजय सिंह, रवि ढाका, ब्लॉक अध्यक्ष शंकर लाल, नारायण दास तिवारी, जिला महासचिव यामीन मालिक, प्रदेश सचिव धीरेन्द्र राठी, हरीश गंगवार, मुन्ना लाल पटेल, ब्रह्म स्वरुप शर्मा, अनिल कुमार दुबे, उमाशंकर, रमाकांत उपाध्याय, अहमद रिजवान, करीम सैफी, मुन्ना सिंह राशिद खान, राहिब खान मौजूद रहे।






















### अपात्रों को आवास देने का आरोप लगाया

**देवरनियां, अमृत विचार :** नगर पंचायत के एक सभासद ने पीएम आवास योजना में फर्जीवाड़े का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि कई अपात्रों को योजना का लाभ दिया गया है। मामले में एसडीएम से शिकायत की गई है। वार्ड आठ मुंडिया जागीर के सभासद कमलेश कश्यप ने एसडीएम और अन्य अफसरों को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री आवास योजना में फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। आरोप लगाया कि उनके वार्ड में 46 आवास स्वीकृत हुए थे। दस से ज्यादा अपात्र लोगों को कुछ सभासद, लेखपाल व कर्मचारियों ने मिलीभगत कर पात्र घोषित कर उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाया है। आरोप है कि इसके एवज में रुपये भी लिए गए हैं। सभासद ने मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

# ठगी : 19 हजार ले लिए, थमा दी कागजों की गड्डी

संवाददाता, भमोरा

**अमृत विचार :** बैंक में रुपये जमा कराने पहुंची महिला को युवक ने झांसे में लेकर 19 हजार रुपये ठग लिए। आरोपी ने मदद के बहाने महिला को जाल में फंसाया और नोटों की जगह कागज से भरी गड्डी थमा कर फरार हो गया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश में जुटी है।

गांव नितोई निवासी धर्मेंद्र राजपूत की पत्नी लज्जावती गुरुवार दोपहर बैंक ऑफ बड़ौदा भमोरा शाखा में रुपये जमा कराने पहुंची थीं। उन्हें अपने खाते में 19 हजार रुपये जमा करने थे। इसी दौरान बैंक के बाहर खड़े एक युवक ने उनसे बातचीत शुरू कर दी। युवक ने मदद करने के बहाने महिला से जमा पर्ची भरने की बात कही। आरोप है कि युवक महिला को बातों में उलझाकर बैंक के बाहर ले गया और चालाकी से रुपये अपने कब्जे में कर लिए। कुछ देर बाद उसने कपड़े में लिपटी एक गड्डी महिला को थमा दी और मौके से फरार हो गया। महिला ने जब गड्डी खोलकर देखी तो ऊपर 500 रुपये का एक नोट रखा था, जबकि अंदर कागज के टुकड़े भरे थे। ठगी का एहसास होते ही महिला ने शोर मचाया, जिससे बैंक परिसर में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर परिजन और बैंक कर्मचारी मौके पर पहुंचे।

- मदद करने के बहाने युवक ने महिला को बातों में फंसाया
- पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ठग की तलाश में जुटी

### साइबर ठगों ने खाते से 39 हजार रुपये उड़ाए, रिपोर्ट दर्ज

**नवाबगंज, अमृत विचार :** साइबर ठगों ने एक व्यक्ति के खाते से 39 हजार रुपये उड़ा लिए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला दयालपुरा निवासी विनोद कुमार गुप्ता के मुताबिक 9 मई की शाम करीब 4 :30 बजे उनका मोबाइल अचानक बंद हो गया। कुछ देर बाद जब फोन दोबारा चालू किया गया तो पूरा मोबाइल रीसेट मिला। इसके बाद उन्हें बैंक खाते से रकम कटने की जानकारी हुई। पीड़ित ने बताया कि उनके यूनियन बैंक खाते से 39,336 रुपये ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के जरिए निकाल लिए गए। उन्होंने बैंक के टोल फ्री नंबर पर संपर्क किया। वहां से शिकायत 1930 साइबर हेल्पलाइन पर दर्ज कराई गई। शिकायत दर्ज कराने के बावजूद अब तक रकम वापस नहीं मिली और न ही किसी आरोपी का पता चल सका। उन्होंने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### पैसे दोगुने करने का लालच देकर युवती को ठगा, पुलिस से शिकायत

**फरीदपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला मिर्धान निवासी फरहा वासित ने कोतवाली फरीदपुर में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 13 अप्रैल 2026 को इंस्टाग्राम पर ट्रेंड डेव नाम के अकाउंट से उसे पैसे दोगुने करने का लालच दिया गया। शुरुआत में छोटी रकम जमा कराने के बाद ठग लगातार यह कहकर रकम मंगाते रहे कि पूरा भुगतान होने पर सारा पैसा वापस कर दिया जाएगा। झांसे में आई फरहा ने 13 से 15 अप्रैल के बीच ऑनलाइन अलग-अलग खातों में 1 लाख से अधिक रुपये ट्रांसफर कर दिए। रकम बहादुर सिंह मीणा, कुंजी लाल मीणा, सलिलऔर कुलदीप कुमार नाम के खातों में भेजी गई। जब युवती ने अपनी जमा रकम वापस मांगी तो आरोपी ने उसके मोबाइल नंबर को ब्लॉक कर दिया। पीड़िता ने ऑनलाइन साइबर पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई, लेकिन एक महीने बाद तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब फरहा ने कोतवाली में तहरीर दी है।

# भाकियू ने किसानों की समस्याएं उठाईं



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू नेता। ● अमृत विचार

**मीरगंज, अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की मासिक पंचायत शुक्रवार को तहसील परिसर में संपन्न हुई। इस दौरान किसान नेता किसानों के मसीहा बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि मनाई गई। बड़ी संख्या में किसानों, पदाधिकारियों और क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

वक्ताओं ने बाबा महेंद्र सिंह टिकैत के संघर्षपूर्ण जीवन को याद किया। उन्होंने कहा कि बाबा टिकैत ने किसानों के अधिकारों और सम्मान की लड़ाई को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई थी। उन्होंने किसानों को संगठित कर उनकी समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का कार्य किया। बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। किसानों ने प्रमुख रूप से बिजली संकट, आवारा पशुओं से फसलों को हो रहे नुकसान, सिंचाई व्यवस्था की बदहाली, खाद-बीज की अनुपलब्धता और गन्ना भुगतान में देरी जैसी समस्याओं को उठाया। संगठन पदाधिकारियों ने संबंधित विभागों से इन समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने की मांग की। पंचायत में संगठन को मजबूत बनाने और गांव-गांव तक किसान हितों की आवाज पहुंचाने का संकल्प लिया गया।इसके बाद किसानों ने एसडीएम निधि शुक्ला को ज्ञापन सौंपा गया। तहसील अध्यक्ष सुधीर बालियान, युवा तहसील अध्यक्ष विशाल पाल, तहसील संरक्षक राकेश कुमार, जिला सचिव मदन लाल गंगवार, पूर्व जिला सचिव हरवीर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष हरपाल सिंह, अब्दुल वाहिद, झंडू सिंह गंगवार, महावीर सिंह, मुदित प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान आदि उपस्थित रहे।

- तहसील परिसर में पंचायत कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

### किशोरी से मारपीट, नस काटने का आरोप

**भमोरा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे उनकी बेटी घर की छत पर कपड़े उतारने गई थी। आरोप है कि पहले से घात लगाए बैठे दो अज्ञात युवक वहां पहुंच गए और किशोरी को पकड़ लिया। आरोपियों ने उसके मुंह में कपड़ा ठूंसकर मारपीट की। पीड़ित पिता का आरोप है कि युवकों ने किशोरी के हाथ और पैरों की नस भी काट दीं। शोर मचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे और कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में सीओ नितिन कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

## न्यूज डायरी

### बसपाइयों ने मायावती को मुख्यमंत्री बनाने का लिया संकल्प



**सिरौली, अमृत विचार :** बसपा के ''गांव चलो अभियान'' के तहत ग्राम ब्योधन खुर्द और पिपरिया वीरपुर में कैडर कैंप का आयोजन हुआ, जिसमें संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए बूथ कमेटियों की समीक्षा की गई। नए बूथों का गठन किया गया। मुख्य अतिथि दीनदयाल एडवोकेट ने कहा कि आज हर समाज के लोग बसपा की नीतियों और सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय के सिद्धांत से प्रभावित होकर पार्टी से जुड़ रहे हैं। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने साल 2027 के विधानसभा चुनाव में पार्टी मुखिया मायावती को फिर से मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया। राहुल गौतम ने संगठन की मजबूती पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि महावीर सागर इंद्रभान सागर रहे। अशोक वर्मा, रवेंद्र कुमार, सचिन कुमार, चरण सिंह, अजय पाल, सुमित, नन्हे, धर्मपाल आदि मौजूद रहे।

### उद्योग व्यापार मंडल ने गोवंशों की सेवा के लिए सौंपी सहयोगी राशि



**मीरगंज, अमृत विचार :** उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष रामनारायण गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारियों ने आपसी सहयोग से 11 हजार रुपये एकत्र कर गोशाला के लिए भूसा खरीदने को तहसीलदार आशीष कुमार सिंह को सौंपे। तहसीलदार ने कहा कि व्यापारियों ने गोवंश हित के लिए सहयोग राशि सौंपी है। इसके अलावा अन्य संगठन भी इस कार्य में बढ़चढकर हिस्सा ले रहे हैं। एसडीएम निधि शुक्ला ने आम जनता और किसानों से भी अपील की कि वे गोसेवा के लिए स्वेच्छा से अधिक से अधिक भूसा दान करें। चरनजीत सिंह टोनी, संजीव गुप्ता, अरविंद गंगवार, कैलाश गंगवार उपस्थित रहे।

### पुण्य तिथि पर महेंद्र सिंह टिकैत को दी श्रद्धांजलि



**बहेड़ी, अमृत विचार :** किसानों ने भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्य तिथि पर उन्हें याद किया। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। भाकियू के प्रदेश मीडिया प्रभारी चौधरी अजीत सिंह ने कहा कि बाबा टिकैत ने किसानों के अधिकारों के लिए पूरी जिंदगी संघर्ष किया और उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। प्रदेश प्रवक्ता सुरेन्द्र सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य योगेश सिंह, हरवीर सिंह, प्रमोद मौर्य, जगदीश मौर्या, जतिन मौर्या, राम सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

### द्वारकेश मिल के क्षेत्रीय कार्यालय का किया उद्घाटन



**फरीदपुर/ क्योलड़िया, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव ठिरिया बन्नोजान में शुक्रवार को द्वारकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड की ओर से क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस दौरान ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक नवाबगंज, चीनी मिल के मुख्य महाप्रबंधक (गन्ना) की मौजूदगी रही। इस मौके पर किसान गोष्ठी हुई। मुख्य महाप्रबंधक (गन्ना) पवन कुमार चतुर्वेदी ने किसानों को गन्ना विपणन संबंधी जानकारी दी। उप प्रबंधक (गन्ना) अखिलेश गंगवार, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मनी कान्त कुमार, रामपाल गंगवार, संदीप राणा, रामपाल गंगवार मौजूद रहे।

### नानक चंद शर्मा बने विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष

**नवाबगंज, अमृत विचार:** अखिल भारतीय राज आर्य सभा के प्रदेश अध्यक्ष बलबीर शास्त्री ने नानक चंद शर्मा को विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष नियुक्त किया है। संगठन के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी। रामकुमार गंगवार, प्रागदेव आर्य, रोहतास आर्य का कहना है कि उनके नेतृत्व से संगठन को मजबूती मिलेगी।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र आनन्द सिंह व उसकी पत्नी कमलेश उर्फ भोला को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल- अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **देवकी पत्नी स्व. सुरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम चैना रूरिया थाना निगोही तहसील पुवायां जिला शाहजहांपुर**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र सर्वेश कुमार को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **कृष्णा देवी पत्नी स्व. कृष्ण पाल निवासी ग्राम धनेटा थाना फतेहगंज प. तहसील मीरगंज जिला बरेली**

**सूचना**

मेरे पुत्र के आधार कार्ड पर नाम कृष्णा वर्मा, जन्मतिथि 01.04.2011 त्रुटिवश अंकित हो गई है, जो गलत है। सही नाम आयुष कनौजिया, जन्मतिथि 19.02.2015 है, जिसे सुधार कर आधार कार्ड में सही नाम और जन्मतिथि अंकित की जाये। **रिंकू पुत्र बिहारीलाल ग्राम व पोस्ट भल्लिया बुजुर्ग, तहसील व ब्लॉक लखीमपुर जिला-खीरी**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

न्यूज ब्रीफ

### पिटाई प्रकरण में एक और आरोपी गिरफ्तार

कैंट, अमृत विचार : पुलिस ने पिटाई प्रकरण में एक और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। 29 मार्च की रात सदर कैंट स्थित पहलवान बाबा मंदिर के सामने लड़की के साथ घूम रहे दूसरे समुदाय के युवक को ऋषभ ठाकुर तथा अन्य लड़कों ने पीटा था। युवक ने 9 हजार बतौर रंगदारी देकर अपनी जान बचाई थी। पिटाई का वीडियो बनाकर ऋषभ ठाकुर ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करके सनसनी फैलाई थी। पुलिस ने ऋषभ ठाकुर को अगले दिन ही गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जांच में रवि कुमार, अंकित यादव ,अंकित, भारत यादव, चुन्नू उर्फ छुन्नू निवासी ग्राम चेत गौटिया चनेहटा के नाम भी सामने आए। पुलिस ने आरोपी रवि कुमार को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। वहीं एक अन्य आरोपी अंकित ने न्यायालय में आत्मसमर्पण के लिए अर्जी दी है।

### ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : महिला ने पति व ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मोहल्ला नौगामा निवासी कोमल श्रीवास्तव की शादी गांव ट्यूलिया निवासी दीपक के साथ 9 महीने पहले हुई थी। परिजनों के मुताबिक दोनों ने प्रेम विवाह किया था। कोमल का आरोप है विवाह करके जब वह सुसराल गई तो पति समेत सुसराली दहेज लाने का दबाव बनाकर उत्पीड़न करने लगे। एक दो महीने पति ने उसका साथ दिया, लेकिन फिर वो भी सुसराल वालों के पक्ष में होकर उसके साथ मारपीट करने लगे।

# मीरगंज में ग्रामीणों का बिजलीघर पर धरना

## लाइनमैन पर लगाया वसूली का आरोप, एसडीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीओ को सौंपा, कार्रवाई की मांग

मीरगंज, अमृत विचार : ग्राम दौंद आलमपुर में बिजली आपूर्ति को लेकर विवाद गहरा गया है। शुक्रवार को गुस्साए ग्रामीणों ने मीरगंज बिजलीघर पर धरना देकर प्रदर्शन किया। एसडीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीओ को सौंपा। एसडीओ ने ग्रामीणों को मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है।

ग्रामीण बिजलीघर पर पहुंचे और धरने पर बैठ गए। ग्रामीणों के अनुसार दौंद आलमपुर गांव की मुख्य बिजली लाइन मियूडी बुजुर्ग गांव से होकर गुजरती है। आरोप है कि तीन लाइनमैन जानबूझकर बिजली लाइन काट देते हैं। बाद में लाइन जोड़ने के बदले पूरे गांव से रुपयों की मांग करते हैं। विरोध करने पर ग्रामीणों को धमकाया जाता है। धरना-प्रदर्शन में भाजपा जिला पंचायत सदस्य निरंजन यदुवंशी भी ग्रामीणों के साथ मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि लाइनमैन बार-बार बिजली काट देते हैं और परेशान करते हैं। एसडीओ सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जाएगी। इस दौरान ग्राम प्रधान इंद्रपाल, विकास, हर प्रसाद, शिवप्रताप, आकाश, सूरजपाल, चंद्र शर्मा व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।


बिजलीघर पर धरना देकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

**दर्जनों गांवों में बिजली गुल लोग परेशान**

**देवरनियां :** बुधवार रात आंधी के साथ हुई बारिश से मुंडिया जागीर, सेमीखेड़ा , सिंगतरा , हिस्मा भोजपुर , मोहनपुर , कठर्रा , करनपुर , अमृता , कमालपुर , विच्छपुरी , अभयपुर , रहपुरा घनश्याम , भदरक आदि गांवों की बिजली ठप है। हालांकि, बिजली कर्मचारियों ने टूटे तार व पोल सही करने का दावा किया है, मगर शुक्रवार देर शाम तक आपूर्ति सुचारू नहीं हो सकी थी।

### लाइन में फाल्ट से रात भर गुल रही बिजली

फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार : 11 हजार की लाइन में फाल्ट से कस्बे में गुरुवार रात बिजली गुल रही। भीषण गर्मी के बीच लोग परेशान होते रहे। जनप्रतिनिधियों ने फोन किया तो किसी अधिकारी का फोन बंद था तो किसी ने कॉल रिसीव नहीं की। बीते मंगलवार और बुधवार को आई तेज आंधी के चलते कस्बा व आसपास क्षेत्र के 75 गांव की विद्युत व्यवस्था ठप हो गई। इस दौरान लोग परेशान होते रहे। बामुश्किल विभाग ने फरीदपुर से आने वाली 33 केवी लाइन को दुरुस्त किया। गुरुवार रात नगर की 11हजार लाइन में फाल्ट आ गया। इससे बिजली फिल गुल हो गई। इस दौरान स्थानीय लोगों ने अधिकारियों को फोन किए, मगर कॉल रिसीव नहीं हुई। कस्बे में रह रहे पूर्व विधायक वीरेंद्र प्रताप सिंह ने भी विभागीय अफसरों को फोन किया, लेकिन किसी ने कॉल रिसीव नहीं की। इसके अलावा कटरा से भाजपा विधायक वीर विक्रम सिंह के पीए ने भी फोन लगाए, परंतु किसी अधिकारी ने फोन रिसीव नहीं किया। कस्बे के बिजली घर पर संविदा कर्मी को के अलावा कोई स्थाई कर्मचारी नहीं रहता है। कस्बे में किसी भी स्थाई लाइनमैन की तैनाती नहीं है। पूरी जिम्मेदारी संविदा कर्मियों पर है। देर रात तक जब नगर की सप्लाई दुरुस्त नहीं की गई तो सैकड़ों की तादात में लोग बिजली घर पहुंच गए और बिजली घर को बंद करने की धमकी दी। तब संविदा कर्मचारी मौके पर पहुंचे और 11 हजार की लाइन को दुरुस्त कर नगर की सप्लाई को बहाल किया।

# नन्हे मियां का हाल जानने अस्पताल पहुंचे प्रभारी मंत्री


नन्हे के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेते प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर। ● अमृत विचार

संवाददाता, भमोरा

● आंधी में टिनशेड के साथ हवा में उड़कर गिरने से घायल हुए थे नन्हे

अमृत विचार : भमोरा क्षेत्र में बुधवार को आई भीषण आंधी के दौरान टिनशेड के साथ करीब 50 फुट तक हवा में उड़ने के बाद गिरकर घायल हुए नन्हे मियां का मामला शासन स्तर तक पहुंच गया है। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद मुख्यमंत्री ने मामले का संज्ञान लिया। शुक्रवार शाम करीब 5:15 बजे प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर, डीएम अविनाश कुमार समेत कई प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि देवचरा स्थित पलक अस्पताल पहुंचे और घायल नन्हे का हाल जाना।

प्रभारी मंत्री के साथ उप जिलाधिकारी विदुषी सिंह, बिथरी विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह और सीओ आंवला नितिन कुमार ने नन्हे से घटना की जानकारी ली। हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। साथ ही चिकित्सकों से उपचार की स्थिति की जानकारी लेते हुए जरूरत पड़ने पर हायर सेंटर रेफर करने की बात कही। बमियाना गांव निवासी नन्हे मियां ई-रिक्शा चलाकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। बुधवार को वह ई-रिक्शा लेकर बमियाना स्टेशन गए थे। मौसम अचानक खराब होने पर वह गांव लौटने लगे। रास्ते में गांव के बाहर पूर्व प्रधान शकीर के बरातघर पर आंधी से बचने के लिए रुक गए। इसी दौरान तेज तूफानी हवाएं चलने लगीं और बरातघर का टिनशेड उखड़ने लगा। वहां मौजूद लोग टिनशेड को संभालने की कोशिश कर रहे थे। बताया जाता है कि नन्हे मियां ने टिनशेड से बंधी रस्सी अपने हाथ में लपेट ली थी। तभी तेज हवा का झोंका आया और टिनशेड के साथ वह भी हवा में उड़ गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक नन्हे करीब 50 फुट ऊंचाई तक पहुंच गए थे। रस्सी छूटने पर वह पास के मक्के के खेत में जा गिरे। हादसे में उनके हाथ में फ्रैक्चर हो गया और शरीर पर कई गंभीर चोटें आई हैं।

### बाघ एक्सप्रेस का इंजन फेल, अप लाइन पर दो घंटे यातायात प्रभावित

शाहजहांपुर, अमृत विचार: बंथरा और तिलहर के बीच बाघ एक्सप्रेस के इंजन में बाइक फंस गई, ट्रेन का इंजन पाइप टूट जाने से इंजन फेल हो गया। अप लाइन पर दो घंटे यातायात प्रभावित रहा। मालगाड़ी का इंजन कटकर गया और ट्रेन में जोड़कर तिलहर स्टेशन के लूप लाइन पर भेजा गया। दो घंटे तक रेल यातायात बाधित रहने से रेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। हावड़ा से काठगोदाम बाघ एक्सप्रेस शुक्रवार की सुबह साढ़े चार बजे बरेली की ओर जा रही थी। बंथरा और तिलहर रेलवे स्टेशन के बीच पगडंडी से एक युवक बाइक निकाल रहा था। उसने देखा कि ट्रेन आ रही है तो वह घबरा गया। अप लाइन पर युवक बाइक छोड़कर भाग गया।

### फायरिंग कर फैलाई दहशत, वीडियो वायरल

कुंवरगांव, अमृत विचार : कुंवरगांव थाना क्षेत्र के गांव पड़ौलिया में बच्चों के झगड़े के दौरान एक बुजुर्ग ने तमंचे की बट मारकर खुद को घायल करने का आरोप लगाया था, अब उसके पक्ष के लोगों ने फायरिंग कर गांव में दहशत फैलाई जिसका वीडियो भी सोशल साइट्स पर वायरल हुआ है। जिसमें युवक तमंचा तानते हुए नजर आया है। मामले में एक महिला ने एसएसपी से शिकायत की है।

### शादी का झांसा देकर बनाए संबंध, गिरफ्तार

शाहजहांपुर , अमृत विचार : पुलिस ने शादी और नौकरी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने युवती से नौकरी लगवाने के नाम पर 30 लाख रुपये ठग लिए थे। आरोपी ने अपने आप को एक अधिकारी बताया था। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से दो मोबाइल, ब्लैंक चेक, एक ज्वाइनिंग लेटर, रेलवे टिकट, डेबिट कार्ड आदि बरामद किये हैं।

जलालाबाद थाना क्षेत्र के एक महिला ने 11 मई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि एक युवक ने अपना नाम और पता बताकर एक सरकारी अधिकारी बताया था। पीड़िता और उसके परिवार को सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर 30 लाख रुपये और जेवरात प्राप्त कर धोखाधड़ी की गई थी। साथ ही पीड़िता की बैंक की नौकरी छुड़वा कर कूटरचित ज्वाइनिंग लेटर एवं अन्य कूटरचित दस्तावेज उपलब्ध कराए गए।

# सौहार्द के साथ मनाएं त्योहार

मीरगंज, अमृत विचार : आगामी ईदुल जुहा पर्व को लेकर शुक्रवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई, अध्यक्षता उपजिलाधिकारी निधि शुक्ला और क्षेत्राधिकारी अजय कुमार ने की। बैठक में क्षेत्र के मुतावल्ली, मौलवी, ग्राम प्रधानों व विभिन्न समुदायों के लोगों ने हिस्सा लिया। अधिकारियों ने लोगों से त्योहार आपसी भाईचारे और शांति सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। कहा कि कोई नई परंपरा न डाली जाए। मोहम्मद इल्यास अंसारी, नावेद खान, व्यापार मंडल अध्यक्ष राम नारायण गुप्ता, शान नबी उर्फ शानू, शाजिम खान, जीशान अंसारी, लाल बहादुर, मिसरयार, मुनेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

**त्योहार भाईचारे का प्रतीक**

**सिरौली :** त्योहारों को लेकर थाना परिसर में थाना प्रभारी विनोद सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। थाना प्रभारी ने कहा कि त्योहार भाईचारे का प्रतीक है। अगर किसी ने खुराफात की तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जनता से सहयोग मांगा। सभासद परवेज, अकरम अली, परवेज खान, चंदन माली, सुरेश पांडे,संदीप गौड़, रामपाल मौर्य, अंकित चौहान आदि मौजूद रहे।


मीरगंज में पीस कमेटी की बैठक में मौजूद अफसर व लोग। ● अमृत विचार

### माहौल बिगाड़ने वालों की खैर नहीं



आंवला, अमृत विचार : थाने में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में इंस्पेक्टर बीनू चौधरी ने सभी लोगों से ईद का पर्व आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाने की अपील की। कहा कि किसी भी प्रकार की नई परंपरा या माहौल बिगाड़ने वाली गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शांति भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शरीफ ,अमजद हुसैन, तोरपाल मौर्य, अजय पाल सिंह यादव आदि मौजूद रहे ।

### चेकिंग अभियान : रिठौरा में 250 से ज्यादा बाइकों के कटे चालान

रिठौरा, अमृत विचार : पुलिस ने कस्बे में बरेली-पीलीभीत हाईवे पर शुक्रवार को चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान नियमों की अनदेखी पर 250 बाइकों के चालान काटे गए। वाहन नो पार्किंग जोन में थे। कस्बे हाईवे किनारे डेढ़ दर्जन से अधिक पुरानी बाइक बेचने की दुकानें हैं। ये दुकानदार बाइकें दुकानों के बाहर मुख्य सड़क और फुटपाथ पर खड़ी कर देते हैं। इसके चलते न केवल पैदल यात्रियों को निकलने में असुविधा होती है, बल्कि हाईवे पर हर समय हादसे का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों की शिकायतों और बढ़ते जाम को देखते हुए पुलिस ने यह सख्त रुख अपनाया है। पुलिस टीम में एसएसआई मदनलाल, एसआई आकाश चौधरी, दिनेश कुमार सिंह, गजेंद्र कुमार सिंह, सुनील कुमार, पायल रानी शामिल रहीं। थानाध्यक्ष प्रवीण सोलंकी का कहना है कि ढाबों और दुकानों के बाहर होने वाले अवैध कब्जे को भी शीघ्र हटवाया जाएगा।

### पेड़ सुखाने को खेत में डाली दवा

नवाबगंज, अमृत विचार : ग्राम ज्योरा मकरंदपुर में एक व्यक्ति ने अपने भाई पर खेत में खड़े यूकेलिप्टिस के पेड़ों को नुकसान पहुंचाने और विरोध करने पर धमकाने का आरोप लगाया है। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। पीड़ित के मुताबिक उसके खेत में लगे पेड़ों पर भाई ने राउंडअप दवा का छिड़काव कर दिया, जिससे पेड़ सूखने लगे।







# हैंडपंप में उतरा करंट, ताई और भतीजे की मौत

## खुदागंज थाना क्षेत्र के गांव हसनापुर में हुई घटना

संवाददाता, खुदागंज/ शाहजहांपुर


मृतका रन्ना देवी


मृतक विवेक

**अमृत विचार :** हसनापुर गांव में शुक्रवार दोपहर सरकारी हैंडपंप पर उतरे करंट से युवक व उसकी ताई झुलस गईं। दोनों बेहोश होकर जमीन पर गिर गए। परिवार वाले उन्हें सीएचसी ले गए, जहां दोनों को मृत घोषित कर दिया गया।

खुदागंज थाना क्षेत्र के गांव हसनापुर निवासी श्याम पाल के घर के बाहर सरकारी हैंडपंप लगा है। हैंडपंप में मोटर लगी थी। श्याम पाल की पत्नी रन्ना देवी (38 वर्ष) शुक्रवार की दोपहर एक बजे हैंडपंप से पानी भरने गई थीं। उन्होंने मोटर चालू करने के लिए हैंडपंप को टच किया तो वह करंट से झुलस गई। तभी 19 वर्षीय विवेक ने ताई रन्ना देवी को तड़पता हुआ देखा तो उसे उठाने का प्रयास किया। इस दौरान वह भी करंट से झुलस गया। आस-पास के लोगों ने दोनों को नल के पास बेहोशी की हालत में गिरा देखा तो तुरंत मोटर बंद किया। परिवार वाले दोनों को एंबुलेंस से सीएचसी पर ले गए। यहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। परिजन दोनों के शव घर लेकर आ गए। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# बैंक अफसरों के सामने सब्जी विक्रेता ने लगाई आग, कई पर गिरी गाज

**अमरोहा, अमृत विचार :** नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के पंजू सराय गांव में गुरुवार को बैंक लोन को चुकाने को लेकर हुए विवाद में सब्जी विक्रेता अशोक ने बैंक अधिकारियों के सामने पेट्रोल छिड़कर स्वयं को आग लगा ली। बैंक अधिकारियों के साथ राजस्व विभाग के अधिकारी भी थे। गंभीर हालत में अशोक का सफदरजंग अस्पताल में इलाज चल रहा है।


उधर, मामले के तूल पकड़ने पर जिलाधिकारी डा. नितिन गौड़ ने संबंधित नायब तहसीलदार और लेखपाल को हटाकर मुख्यालय से अटैच कर दिया है। इस बीच, घटना को छिपाने पर एसपी संभल ने नौगावां सादात कोतवाल बालेंद्र यादव, मूंढाखेड़ा चौकी प्रभारी परविंदर मलिक और बीट कांस्टेबल हेमंत कुमार को निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा एलआईयू और नौगावां सादात क्षेत्राधिकारी अवधभान भदौरिया से स्पष्टीकरण मांगा गया है। विभागीय जांच भी बैठा दी गई है। आरोप है कि बैंक अधिकारियों की टीम नायब तहसीलदार के साथ पुलिस बल लेकर बिना किसी पूर्व सूचना के गांव में अशोक के घर पहुंची और मकान खाली कराने का दबाव बनाया। अशोक ने गुस्से में पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली।

# उड़द के खौलते भगोने में गिरकर मासूम की मौत

संवाददाता, हसनपुर (अमरोहा)

**अमृत विचार :** बुआ की शादी के लिए गुरुवार को मेहमानों की दावत के लिए बने उड़द के खौलते भगोने में गिरकर पांच साल के मासूम गंभीर रूप से झुलस गया। मेरठ के अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

शादी के मौके पर हुए हादसे से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। गमगीन माहौल में शुक्रवार सुबह शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव गुलामपुर निवासी ओमकार सिंह की बेटी की बरात गुरुवार दोपहर बाद हापुड़ से आई थी। मेहमानों की दावत के लिए हलवाई खाना तैयार कर रहा था। इस दौरान ओमकार का 5 वर्षीय पोता आर्यन खौलते उड़द के भगोने में गिरकर गंभीर रूप से झुलस गया। उसे निजी अस्पताल लाया गया। जहां से मेरठ रेफर कर दिया गया। देर रात उपचार के दौरान मौत हो गई।


मृतक आर्यन।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं0 24/2026**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से ''खुली'' निविदा आमंत्रित करते है।

**क्र.सं.1:-कार्य का विवरण:** पूर्वोत्तर रेलवे में वमंई/।/इज्जतनगर के अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत इंटरलॉकड एलसी गेट नंबर 2 (पीलीभीत-नौरिया हुसैनपुर), 3 (पीलीभीत-नौरिया हुसैनपुर), 11 (नौरिया हुसैनपुर-मझोला पकड़िया), 12 (नौरिया हुसैनपुर-मझोला पकड़िया), 10 (गूलरभोज-बाजपुर), 34 (हेमपुर इस्माईल-बाजपुर), 41(हेमपुर इस्माईल-काशीपुर) एवं 42 (हेमपुर इस्माईल-काशीपुर) (कुल = 08 नग) पर एस एंड टी सर्विस बिल्डिंग का निर्माण। (इंटरलॉक्ड एलसी गेट पर एस एंड टी सर्विस बिल्डिंग का निर्माण के स्वीकृत कार्य के अन्तर्गत (कुल = 19 नग), अनुमानित लागत रूपयों में: ₹1,51,94,519.86, बयाना राशि रूपयों में: ₹3,03,900/- निविदा प्रपत्र का मूल्य-शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 06 माह।

**क्र.सं.2:-कार्य का विवरण:** पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर डिवीजन के वमंई/।/इज्जतनगर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत विविध ट्रैक कार्यों का निष्पादन, जैसे कि रेल/स्लीपरों का आकस्मिक नवीनीकरण, डी-स्ट्रेसिंग, विभिन्न ट्रैक मशीनों से संबंधित प्री/पोस्ट कार्य, ड्रेसिंग/बॉक्सिंग/ प्रोफाइलिंग, पी.वे सामग्री की ढुलाई आदि। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹3,09,64,556.63, बयाना राशि रूपयों में: ₹6,19,300/- निविदा प्रपत्र का मूल्य-शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 06 माह।

1. ई- निविदा दिनांक 04.06.2026 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे।
2. ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट www.ireps.gov.in पर देखे।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी0), इज्जतनगर

मुजाधि/डब्लू-102

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर 11 लाख की ठगी

**पीलीभीत, अमृत विचार :** कनाडा भेजने के नाम पर एक युवक से 11 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। थाना न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम किशनपुर निवासी श्रीपाल पुत्र कोमिल प्रसाद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पुत्र यशवंत कुमार को कनाडा में नौकरी दिलाने के नाम पर कुल 11 लाख रुपये की ठगी की गई है।

# हरदोई कोर्ट जाने के लिए निकले बुजुर्ग की डंडों से पीटकर हत्या, पुलिस जांच में जुटी

**सेहरामऊ दक्षिणी/ शाहजहांपुर, अमृत विचार :** डींगरपुर गांव में श्मशान घाट के पास एक व्यक्ति की लाठियों से पीटकर हत्या कर दी गई। शव के पास चप्पलें पड़ी थी और माचिस सीने पर रखी थी। उसके सिर में चोट के निशान थे। वह घर से मुकदमे की तारीख पर निकले थे। पुलिस ने मौके से खून से सना हुआ डंडा बरामद किया है। फोरेंसिक टीम ने मौके पर जाकर जांच करके नमूना लिया। हरदोई के थाना शाहाबाद के गांव हैदपुर निवासी 60 वर्षीय पप्पू बुधवार की सुबह घर से हरदोई में कोर्ट पर तारीख पर निकले थे। इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटे। शुक्रवार सुबह 8 बजे शाहजहांपुर जिले के सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के डींगरपुर गांव में श्मशान घाट में खून से लथपथ शव मिला। लोगों ने थाना पर सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और उसके परिवार वालों को सूचना दी। परिवार वाले मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त पप्पू के रूप में की है।

## कार्यालय नगर निगम, शाहजहांपुर

पत्रांक : 748/पी.आर.ओ./ज.क.वि./न.नि.-शाह/2026-27 दिनांक : 15.05.2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

राज्य वित्त आयोग अन्तर्गत प्राप्त स्वीकृति के अनुपालन में नगर निगम, शाहजहांपुर के जलकल विभाग में नगर निगम सीमान्तर्गत वार्ड सं. 40 मो. बाडूजई पेषावरी में पीली मस्जिद वाली गली में 01 नग 05 एच.पी. सबमर्सिबल मोटर पम्प लगवाये जाने का कार्य हेतु अनुभवी एवं पंजीकृत/अपंजीकृत/फर्मो/ठेकेदारों से द्वितीयबार दिनांक 30.5.26 को 3:00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जो तद्दिनांक 04:00 बजे खोली जायेंगी। ई-निविदा प्रणाली की समस्त कार्यवाही वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर की जायेगी। कार्य का निविदा शुल्क नगर निगम, शाहजहांपुर के बैंक खाता सं. 50200017927485, IFSC कोड HDFC0000869 एच.डी.एफ.सी. बैंक, शाहजहांपुर में तथा कार्य की जमानत धनराशि नगर निगम के बैंक खाता सं. 50265293184 IFSC कोड IDIB000C632 इंडियन बैंक, गोविन्दगंज, शाहजहांपुर में जमा कराने उपरान्त मूल प्रति ई-निविदा के साथ अपलोड करनी होगी, ई-निविदा खोले जाने निर्धारित तिथि पर अवकाश आदि की स्थिति में अगले कार्य दिवस में प्रश्नगत निविदा खोली जायेगी। 01 अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा।

**नगर आयुक्त**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, बीसलपुर, पीलीभीत

पत्रांक : 831/न.पा.परि.बी./2025-26 दिनांक : 14.5.2026

**ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद बीसलपुर द्वारा राज्य वित्त/पालिका निधि के अन्तर्गत निर्माण कार्य की लागत के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य विवरण निम्नवत है :-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी.एस.टी. सहित (लाख रू. मे) | बिड सिक्यूरिटी 2 प्रतिशत पूर्णांक में | निविदा मूल्य+18 प्रतिशत जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड नं. 18 में गौहर खां की पुलिया से बदयू एवं मुस्तकीम से इरशाद एवं अजीम से शहबाज तक सी.सी. सड़क का निर्माण कार्य। | 2590671.00 | 44000.00 | 3100.00 | 3 माह |

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 15.5.26 को प्रातः 11:00 बजे से।
2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा अपलोड के लिए अन्तिम तिथि/समय 4.6.26 को अपरान्ह 5:00 बते तक।
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 5.6.26 को प्रातः 10 बजे से।
4. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
5. निविदा प्रपत्र शुल्क और 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि (जी.एस.टी. सहित) पालिका के आई.सी.आई.सी.आई. में खाता सं. 321005500073 IFSC-ICIC0003210 में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. द्वारा हस्तान्तरित कर पावती की मूल प्रति स्कैन करके ई-निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगी।
6. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइड http//etender.up.nic.in पर लागइन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को अपलोड करें।
7. टेण्डर स्वीकृति होने के उपरान्त शेष 8 प्रतिशत धरोहर धनराशि नगर पालिका परिषद बीसलपुर के उपरोक्त खाते में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के द्वारा अथवा नियमानुसार एफ.डी.आर./एन.एस.सी. द्वारा जमा कर मूल प्रति जमा कर निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त तीन दिवस के अन्दर नगर पालिका परिषद बीसलपुर के कार्यालय में हार्डकापी के साथ जमा करनी होगी।

**अधिशासी अधिकारी** — नगर पालिका परिषद बीसलपुर (पीलीभीत)
**अध्यक्ष** — नगर पालिका परिषद बीसलपुर (पीलीभीत)

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, पुवायां, जनपद-शाहजहांपुर

पत्रांक : 102/न.पा.प.-पु./रा.वि.आ./ई-टेण्डर/2026-274 दिनांक : 15.05.2026

**ई-निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरी के द्वारा राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग 'ए''बी''सी' एवं 'डी' श्रेणी में कार्य की लागत की सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए ई-निविदा दे सकता है।

**1. कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नवत है :-**

| क्र.सं. | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | बिड सिक्योरिटी (ई.एम.डी.) | निविदा का मूल्य (18% GST सहित) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | शाहजहांपुर | वार्ड नं. 01 मो. काशीरामनगर में अग्निशमन के निकट रामलीला मैदान कॉम्पलेक्स शौचालय से जेबॉ रोड तक इण्टरलॉकिंग सड़क एवं नाले की दीवार पर पैरापिट बॉल का निर्माण कार्य। | 1438192.00 | 121881.00 | 1438.00 | 01 माह |

2. वेबसाईट पर बिड डाक्यूमेंट की उपलब्धता की तिथि 20.05.2026 समय 10:00 बजे से।
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय 12.06.2026 को 5:00 बजे तक।
4. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 13.06.2026 को 11:00 बजे पूर्वान्ह से कार्य समाप्ति तक।
5. निविदा आमन्त्रणकर्ता को आईटीबी के क्लाज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखे। अधिक जानकारी के लिए तथा निविदा की शर्तो/नियमों आदि की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लाग इन करें, तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

**(कल्पना शर्मा)** अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, पुवायां, शाहजहांपुर
**(संजय गुप्ता)** अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, पुवायां, शाहजहांपुर

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, बीसलपुर, पीलीभीत

पत्रांक : 830/न.पा.परि.बी./2025-26 दिनांक : 14.5.2026

**ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद बीसलपुर द्वारा राज्य वित्त/पालिका निधि के अन्तर्गत निर्माण कार्य की लागत के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य विवरण निम्नवत है :-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी.एस.टी. सहित (लाख रू. मे) | बिड सिक्यूरिटी 2 प्रतिशत पूर्णांक में | निविदा मूल्य+18 प्रतिशत जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गोवल पुलिया से पावर हाउस (बरेली मोड़) तक कच्चे नाले की सफाई का कार्य। | 1837207.00 | 31200.00 | 2200.00 | 3 माह |
| 2. | पावर हाउस से भन्डरिया मोड (बरेली रोड) तक कच्चे नाले की सफाई का कार्य | 2299512.00 | 39000.00 | 2750.00 | 3 माह |

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 15.5.26 को प्रातः 11:00 बजे से।
2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा अपलोड के लिए अन्तिम तिथि/समय 25.5.26 को अपरान्ह 5:00 बते तक।
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 26.5.26 को प्रातः 10 बजे से।
4. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
5. निविदा प्रपत्र शुल्क और 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि (जी.एस.टी. सहित) पालिका के आई.सी.आई.सी.आई. में खाता सं. 321005500073 IFSC-ICIC0003210 में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. द्वारा हस्तान्तरित कर पावती की मूल प्रति स्कैन करके ई-निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगी।
6. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइड http//etender.up.nic.in पर लागइन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को अपलोड करें।
7. टेण्डर स्वीकृति होने के उपरान्त शेष 8 प्रतिशत धरोहर धनराशि नगर पालिका परिषद बीसलपुर के उपरोक्त खाते में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के द्वारा अथवा नियमानुसार एफ.डी.आर./एन.एस.सी. द्वारा जमा कर मूल प्रति जमा कर निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त तीन दिवस के अन्दर नगर पालिका परिषद बीसलपुर के कार्यालय में हार्डकापी के साथ जमा करनी होगी।

**अधिशासी अधिकारी** — नगर पालिका परिषद बीसलपुर (पीलीभीत)
**अध्यक्ष** — नगर पालिका परिषद बीसलपुर (पीलीभीत)

**जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग-द्वितीय, बरेली।**
**परिवाद सं. 128/2025**

नोटिस बनाम आई.सी.एल. म्युचुअल बेनिफिट्स कॉर्पोरेशन लि., कॉर्पोरेट ऑफिस 41-सी. गांधी नगर, पंचम एम.आर.आई. सेंटर के सामने, बरेली, रजिस्टर्ड ऑफिस 10, जमुना विहार नॉर्थ सिटी एक्सटेंशन के सामने, पीलीभीत रोड, बरेली।

आपको सूचित किया जाता है कि आपके विरूद्ध कृति अग्रवाल पुत्री सुनील अग्रवाल, निवासी अशरफ खां छावनी बरेली ने दिनांक 30.06.2025 को एक शिकायत पत्र उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के अन्तर्गत इस आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतः आपको आदेश दिया जाता है कि आप इस सम्बन्ध में अपना उत्तर स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा इस आयोग के समक्ष दिनांक 30.06.2026 को प्रातः 10:30 बजे तक प्रस्तुत करें तथा अपने कथन के समर्थन में जो अभिलेख दाखिल करना चाहें, दाखिल कर दें। यदि आप नोटिस मिलने पर अपना उत्तर उपरोक्त अवधि के अन्दर प्रस्तुत नहीं करेंगे तो आपके विरूद्ध एक तरफा आदेश पारित कर दिया जायेगा।

आज दिनांक15.05.2026 को जारी किया गया।

**आज्ञा से-अध्यक्ष जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग-द्वितीय बरेली**

**जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग-द्वितीय, बरेली।**
**परिवाद सं. 127/2025**

नोटिस बनाम आई.सी.एल. म्युचुअल बेनिफिट्स कॉर्पोरेशन लि., कॉर्पोरेट ऑफिस 41-सी. गांधी नगर, पंचम एम.आर.आई. सेंटर के सामने, बरेली, रजिस्टर्ड ऑफिस 10, जमुना विहार नॉर्थ सिटी एक्सटेंशन के सामने, पीलीभीत रोड, बरेली। आपको सूचित किया जाता है कि आपके विरूद्ध ववित्ता गुप्ता पत्नी श्री विवेक गुप्ता, निवासी 1/5902 कबूलनगर शाहदरा एस.ओ. ईस्ट दिल्ली-110032 ने दिनांक 30.06.2025 को एक शिकायत पत्र उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के अन्तर्गत इस आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतः आपको आदेश दिया जाता है कि आप इस सम्बन्ध में अपना उत्तर स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा इस आयोग के समक्ष दिनांक 30.06.2026 को प्रातः 10:30 बजे तक प्रस्तुत करें तथा अपने कथन के समर्थन में जो अभिलेख दाखिल करना चाहें, दाखिल कर दें। यदि आप नोटिस मिलने पर अपना उत्तर उपरोक्त अवधि के अन्दर प्रस्तुत नहीं करेंगे तो आपके विरुद्ध एक तरफा आदेश पारित कर दिया जायेगा।

**आज्ञा से-अध्यक्ष जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग-द्वितीय बरेली**

## कार्यालय ग्राम पंचायत उदयपुर बन्नोजान विकास खण्ड जनपद बरेली

शासनादेश सं.-42/2021/1235/33-3-2021-989/2021 दिनांक 25 जुलाई 2021 के क्रम में निदेशक पंचायती राज उ.प्र. लखनऊ के पत्र संख्या-6/2222/2018-6/203 ए/2024-25 दिनांक 17.12.2024 के द्वारा पंचायत सहायक/ एकाउन्टेन्ट-कम- डाटा इण्ट्री आपरेटर के पद पर चयन हेतु निर्धारित योग्यता व विवरण के अनुसार आवेदन पत्र योग्य अभ्यर्थियों से आमंत्रित किये जाते है।

1. कुल रिक्त पद : 01
2. ग्राम पंचायत की रिक्ति का विवरण एवं आवेदन पत्र ग्राम पंचायत सचिवालय पर उपलब्ध है।
3. आवेदन/मुनादी तिथि 18.05.2026 से 25.05.2026 तक।

| क्र.सं. | भर्ती प्रक्रिया | निर्धारित समय |
|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत सहायक/एकाउण्टेण्ट कम डाटा इन्ट्री आपरेटर के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करने की सूचना, ग्राम पंचायत के सूचना पट्ट एवं मुनादी द्वारा कराया जाना। | 18.05.2026 से 25.05.2026 तक |
| 2. | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय, विकास खण्ड कार्यालय एवं ग्राम पंचायत कार्यालय में आवेदन पत्र जमा कराया जाना। | 26.05.2026 से 10.06.2026 तक |
| 3. | जिला पंचायत अधिकारी कार्यालय व विकास खण्ड कार्यालय में प्राप्त आवेदन पत्रों को सम्बन्धित ग्राम पंचायत को उपलब्ध कराया जाना। | 11.06.2026 से 18.06.2026 तक |
| 4. | ग्राम पंचायत में प्राप्त आवेदन पत्रों की श्रेष्ठता सूची (मेरिट लिस्ट) तैयार करना एवं ग्राम पंचायत की प्रशासनिक समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया जाना एवं समिति द्वारा अनुमोदित श्रेष्ठता सूची को जिला स्तरीय समिति के विचारार्थ समिति के सदस्य सचिव (जिला पंचायत राज अधिकारी) को उपलब्ध कराया जाना | 19.06.2026 से 26.06.2026 तक |
| 5. | जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा परीक्षण एवं संस्तुति। | 27.06.2026 से 04.07.2026 तक |
| 6. | ग्राम पंचायत द्वारा नियुक्ति पत्र निर्गतम किया जाना | 05.07.2026 से 10.07.2026 तक |

आवेदन की प्रक्रिया : निर्धारित आवेदन के प्रारूप पर समस्त सूचनाएं अंकित कर व्यक्तिगत रूप से अथवा रजिस्टर्ड डाक से अपनी ग्राम पंचायत विकास खण्ड कार्यालय अथवा जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में निर्धारित समयावधि में उपलब्ध करारया जायेगा। समस्त चयन प्रक्रिया शासनादेश सं.-42/2021/1235/33-3-2021-989/2021 दिनांक 25 जुलाई 2021 एवं संख्या /33-3-2025 दिनांक 13.10.2025 (संशोधन/प्रतिस्थापित व्यवस्था) में दिये गये प्राविधानों के अनुरूप संचालित होगी।

**अमरीन बेगम - ग्राम प्रधान** **हर्ष चौहान - ग्राम विकास अधिकारी**

## कार्यालय नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा, पीलीभीत

पत्रांक : मेमो/न.पं.गु.भि./2026-27 दिनांक : 15.05.2026

**नोटिस**

**(अन्तर्गत धारा-143, नगर पालिका अधिनियम, 1916)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित विवरण के अनुसार कॉलम-04 में अंकित व्यक्ति के द्वारा किये गये रजिस्ट्री बैनामा के द्वारा हस्तांतरण के आधार पर कॉलम-05 में उल्लिखित व्यक्ति ने अपना नाम गृहकर पंजिका में दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में प्रार्थना-पत्र दिया है, यदि कॉलम संख्या-05 में अंकित व्यक्ति अपने नाम को गृहकर पंजिका में अंकित किये जाने में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 01 माह के अन्दर नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा में लिखित रूप से प्रस्तुत कर सकता है। उल्लिखित समय-सीमा के अन्दर किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में प्रस्तावित नाम को नगर पंचायत भिण्डारा के गृहकर रजिस्ट्रर में गृहकर वसूली के उद्देश्य से दर्ज कर लिया जायेगा।

| क्र.सं. | सम्पत्ति का विवरण | हस्तांतरण हेतु प्रस्तावित सम्पत्ति का वार्ड का नाम व पता | रजिस्टर्ड बैनामाकर्ता वसीयतनामाकर्ता/ दानकर्ता का नाम व पता | प्रस्तावित व्यक्ति का नाम जो उस व्यक्ति को गृहकर हेतु दर्ज किया जाना है। | हस्तांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | गाटा सं. 138 मि. रकबा-22.29 वर्गमी. (टीन शेड) | वार्ड नं. 02, नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा तहसील अमरिया, जिला पीलीभीत | श्रीमती नीतू अग्रवाल पत्नी श्री संजीप अग्रवाल निवासी-5396/69 रैगरपुरा करोलबाग सेन्ट्रल दिल्ली 11055 हाल निवासी वार्ड नं. 06 गुलड़िया भिण्डारा तहसील उमरिया जिला पीलीभीत | श्री मलकीत सिंह पुत्र अवतार सिंह निवासी ग्राम-बेला पुखरा पोस्ट न्यूरिया हुसैनपुर तहसील अमरिया जिला पीलीभीत | रजिस्ट्री बैनामा |

**अधिशासी अधिकारी** — नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा, पीलीभीत
**अध्यक्ष** — नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा, पीलीभीत

## कार्यालय नगर पंचायत न्यूरिया हुसैनपुर, पीलीभीत

पत्रांक : /न.पं.न्यु.हु./2026-27 दिनांक : 07.05.2026

**ई-निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंचायत न्यूरिया हुसैनपुर, पीलीभीत के द्वारा अपनी कार्ययोजना में वर्णित 15वें वित्त आयोग की संस्तुति के अन्तर्गत अनटाईड ग्रान्ट शासनादेश संख्या 8/5974/5842/320(4) 15वां वि.आ./2024-25 दिनांक 27.03.2025 द्वारा 64,70,349/7 की लागत सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकता है। कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नवत है :-

**15वें वित्त आयोग की संस्तुति के अन्तर्गत अनटाईड ग्रान्ट प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले कार्यो का विवरण**

| क्र.सं. | कार्य का नाम | मद | अनुमानित लागत (रू. में) जी.एस.टी. सहित | बिड सिक्योरिटी (ई.एम.डी.) 10: (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. आदि सहित (यदि आवश्यक हो) (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01. | टनकपुर रोड से एम.आर.एफ. सेन्टर तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 15वें वित्त आयोग की अनटाईड ग्रान्ट के अन्तर्गत | 2733000 | 273300 | 3224 | 45 दिन |
| 02. | मेन चौराहा से असफाक की दुकान तक सी.सी. मार्ग व नाली निर्माण कार्य। | 15वें वित्त आयोग की अनटाईड ग्रान्ट के अन्तर्गत | 1218000 | 121800 | 1437 | 45 दिन |
| 03. | वार्ड नं. 01 बाबू के मकान से अल्ताफ के मकान तक इण्टरलॉकिंग एवं नाली निर्माण कार्य। | 15वें वित्त आयोग की अनटाईड ग्रान्ट के अन्तर्गत | 502000 | 50200 | 592 | 45 दिन |
| 04. | वार्ड नं. 04 आजाद के मकान से कमर से कमान तक इण्टरलॉकिंग एवं नाली निर्माण कार्य। | 15वें वित्त आयोग की अनटाईड ग्रान्ट के अन्तर्गत | 763000 | 76300 | 900 | 45 दिन |
| 05. | वार्ड नं. 08 बाईपास से अलीम के मकान तक इण्टर लॉकिंग एवं नाली निर्माण कार्य | 15वें वित्त आयोग की अनटाईड ग्रान्ट के अन्तर्गत | 510000 | 51000 | 601 | 45 दिन |

1. वेबसाईट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 08.05.2026 दोपहर 12 बजे से।
2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्त के लिए अंतिम तिथि/समय 29.5.2026 को दोपहर 02:00 बजे तक
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि व समय 29.5.2026 को अपरान्ह 04:00 बजे।
4. निविदा आंमत्रिणकर्ता को आई टी बी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर लॉगइन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।
5. अन्य नियमों व शर्तो की सम्पूर्ण जानकारी http://etender.up.nic.in पर अपलोड कर दी गयी है तथा किसी भी कार्यालय दिवस में कार्यालय नगर पंचायत न्यूरिया हुसैनपुर, पीलीभीत से प्राप्त की जा सकती है।

## कार्यालय नगर पंचायत न्यूरिया हुसैनपुर, पीलीभीत

पत्रांक : /न.पं.न्यु.हु./2026-27 दिनांक : 11.05.2026

**ई-निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत न्यूरिया हुसैनपुर, पीलीभीत के द्वारा अपनी कार्ययोजना में वर्णित सीवरेज एवं जल निकासी योजना के अन्तर्गत 116.36 (लाख) की लागत से सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकता है। कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नवत् है :-

**सीवरेज एवं जल निकासी के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले कार्यो का विवरण**

| क्र.सं. | कार्य का नाम | मद | अनुमानित लागत (रू. में) जी.एस.टी. सहित | बिड सिक्योरिटी (ई.एम.डी.) 10: (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. आदि सहित (यदि आवश्यक हो) (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01. | धर्मेन्द्र के मकान से बालकरन के मकान तक नाला निर्माण का कार्य। | सीवरेज एवं जल निकासी के अन्तर्गत | 1298000 | 129800 | 1533 | 60 दिन |
| 02. | प्रेसर से हफीस के मकान तक नाला निर्माण का कार्य | सीवरेज एवं जल निकासी के अन्तर्गत | 1298000 | 129800 | 1533 | 60 दिन |
| 03. | मास्टर के मकान से रियाज अहमद के मकान तक नाला निर्माण का कार्य | सीवरेज एवं जल निकासी के अन्तर्गत | 1303000 | 130300 | 1537 | 60 दिन |
| 04. | नन्ने के मकान से नशीम की टाल तक नाला निर्माण कार्य | सीवरेज एवं जल निकासी के अन्तर्गत | 1547000 | 154700 | 1825 | 60 दिन |
| 05. | नत्थू की प्लाट से कब्रिस्तान के गेट तक नाला निर्माण कार्य | सीवरेज एवं जल निकासी के अन्तर्गत | 1326000 | 132600 | 1564 | 60 दिन |
| 06 | उसमान के मकान से अलीम बाबू के प्लाट तक नाला निर्माण का कार्य | सीवरेज एवं जल निकासी के अन्तर्गत | 1106000 | 110600 | 1305 | 60 दिन |
| 07 | हाफिज की प्लाट से गुड्डू के मकान तक नाला निर्माण कार्य | सीवरेज एवं जल निकासी के अन्तर्गत | 1106000 | 110600 | 1305 | 60 दिन |
| 08 | मोहम्मद जफर के मकान से गुलशने फातिमा स्कूल तक नाला निर्माण कार्य | सीवरेज एवं जल निकासी के अन्तर्गत | 1326000 | 132600 | 1564 | 60 दिन |
| 09 | गुलशने फातिमा स्कूल से मोहम्मद शजर के मकान तक नाला निर्माण कार्य | सीवरेज एवं जल निकासी के अन्तर्गत | 1326000 | 132600 | 1564 | 60 दिन |

1. वेबसाईट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 12.05.2026 दोपहर 12 बजे से।
2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि/समय 02.06.2026 को दोपहर 02:00 बजे तक
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि व समय 02.06.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे।
4. निविदा आंमत्रिणकर्ता को आई टी बी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर लॉगइन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।
5. अन्य नियमों व शर्तो की सम्पूर्ण जानकारी http://etender.up.nic.in पर अपलोड कर दी गयी है तथा किसी भी कार्यालय दिवस में कार्यालय नगर पंचायत न्यूरिया हुसैनपुर, पीलीभीत से प्राप्त की जा सकती है।

न्यूज ब्रीफ

### लोकसभा सचिवालय जवाब दे या न देने का कारण बताए: सीआईसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने लोकसभा सचिवालय को 2021-22 के दौरान लगभग 1.7 करोड़ रुपये के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की खरीद से जुड़े बिलों की जानकारी देने से इन्कार करने के फैसले पर पुनर्विचार करने का निर्देश दिया है। आयोग ने कहा कि सचिवालय या तो बिलों की प्रतियां उपलब्ध कराए या फिर यह जानकारी न देने के स्पष्ट कारण बताए। सीआईसी ने आदेश का पालन न करने पर दंडात्मक कार्रवाई करने की भी चेतावनी दी है। यह आदेश सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत तीसरे पक्ष के विक्रेताओं से प्रतिक्रिया प्राप्त करने के बाद दिया गया। मामला एक आरटीआई आवेदन से जुड़ा है, जिसमें 2021-22 के दौरान खरीदे गए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर हुए खर्च की जानकारी मांगी गई थी जिसमें बिलों की प्रतियां और पुराने गैजेट्स का ब्योरा शामिल है।

### अरुणाचल के ईटानगर में आईएलपी मुद्दों पर बंद हिंसक हुआ

**ईटानगर।** अरुणाचल एसटी बचाओ आंदोलन समिति द्वारा आहूत 36 घंटे का ईटानगर बंद शुक्रवार को हिंसक हो गया। इस दौरान राजधानी क्षेत्र के अलग-अलग हिस्सों से सड़क जाम करने, पत्थरबाजी, वाहनों पर हमले और ईटानगर पुलिस स्टेशन का घेराव करने की घटनाएँ सामने आयी। हाल ही में जारी "अरुणाचल प्रदेश इनर लाइन परमिट (आईएलपी) दिशानिर्देश, 2026" के विरोध में बुलाए गए इस बंद ने पूरे ईटानगर राजधानी क्षेत्र में सामान्य जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया। बंद के दौरान सरकारी और निजी कार्यालय, बैंक, डाकघर, स्कूल, कॉलेज, वित्तीय संस्थान, व्यावसायिक प्रतिष्ठान, दुकानें और पेट्रोल पंप ज़्यादातर बंद रहे। खबरों के मुताबिक, प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-415 के कई हिस्सों को जाम कर दिया, जिससे वाहनों की आवाजाही बाधित हो गई।

### शिवसेना चुनाव चिह्न: सुप्रीम कोर्ट ने उद्धव गुट को दी चेतावनी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के चुनाव चिह्न मामले की सुनवाई की। कई बार स्थगित होने के बाद हुई इस सुनवाई के दौरान अदालत ने उद्धव गुट के वकील को सख्त निर्देश दिया कि वे अपने मुवक्किल (उद्धव ठाकरे) को मीडिया में बयानबाजी करने से रोकें। यह सुनवाई उद्धव गुट की उस याचिका पर हुई, जिसमें पिछले तीन वर्षों से मामला लंबित होने के कारण जल्द सुनवाई की मांग की गयी थी। शिवसेना के दो गुटों में बंटने के बाद चुनाव आयोग ने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट को असली शिवसेना माना था। शिवसेना का धनुष-बाण चुनाव चिह्न भी शिंदे गुट को आवंटित कर दिया था।

# पेट्रोल-डीजल कीमतें बढ़ने पर विपक्ष हमलावर, भाजपा ने कहा- ये मामूली वृद्धि

## मूल्यवृद्धि की घोषणा के बाद देश के कई हिस्सों में तेल के लिए लगीं लंबी लाइनें, कई जगह पेट्रोल पंप बंद

- कांग्रेस ने कहा- देश की जनता कोये पहला झटका, किस्तों में की जाएगी वसूली

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पेट्रोल-डीजल और सीएनजी के दामों में वृद्धि के बाद शुक्रवार को विपक्ष ने केंद्र सरकार पर तगड़ा हमला किया। विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा नेतृत्व की केंद्र सरकार ने पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव में वोटों के कारण चुप्पी साधे रखी और संकट को नियंत्रित करने के लिए समय रहते उपाय नहीं किए और अब चुनाव निपटते ही जनता पर मूल्यवृद्धि का बोझ लाद दिया। उधर, भाजपा ने केंद्र के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि वैश्विक स्तर पर छाए संकट को देखते हुए यह मामूली मूल्यवृद्धि है।


झारखंड के रांची में बंद पड़ा एक पेट्रोल पंप।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पेट्रोल एवं डीजल के दाम में बढ़ोतरी को लेकर शुक्रवार को कहा कि गलती मोदी सरकार करेगी और कीमत जनता चुकाएगी। उन्होंने यह दावा भी किया कि तीन रुपये का झटका आ चुका, बाकी वसूली क़िस्तों में की जाएगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, जनता को यह समझना होगा कि मोदी सरकार में नेतृत्व का संकट है और अक्षमता कूट-कूटकर भरी है। तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ'ब्रायन ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार पहले जनता के वोट लूटती है और फिर उनकी दुखती रग को और दबाती है।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय ने मूल्यवृद्धि को अस्वीकार्य बताते हुए केंद्र सरकार से इसे तत्काल वापस लेने की मांग की। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में कमी के दौरान तेल की कीमतें घटाकर जनता को लाभ न देने और सारा मुनाफा खुद रखने के लिए तेल कंपनियों पर कटाक्ष किया।

### वैश्विक संकट में देशवासियों को दो महीने बचाए रखा: भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी का बचाव करते हुए दावा किया कि भारत ने वैश्विक तेल संकट के बावजूद दो महीने से अधिक समय तक नागरिकों को इसके असर से बचाए रखा और केवल सीमित मूल्य वृद्धि की, जबकि कई देशों में कीमतों में भारी उछाल आया है। के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख अमित मालवीय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में भारत में सबसे कम बढ़ोतरी दर्ज की गई, जहां पेट्रोल की कीमतों में 3.2 प्रतिशत और डीजल में 3.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। उन्होंने कहा, यह बढ़ोतरी लगभग चार वर्षों में पहली मूल्य वृद्धि है और 95 रुपये प्रति लीटर के बेस प्राइस पर केवल करीब 3.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी बनती है। पूरे परिदृश्य में भारत एक अलग और उल्लेखनीय अपवाद बनकर उभरा। प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे कम वृद्धि भारत में दर्ज की गई।

तेल मूल्यवृद्धि

### ओडिशा सरकार ने बस किराये में वृद्धि की

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार ने बस किराये में वृद्धि कर दी। साधारण यात्री बसों का किराया कम से कम दो पैसे प्रति किलोमीटर बढ़ाया गया है। परिवहन आयुक्त द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, साधारण यात्री बसों का किराया 88 पैसे प्रति किलोमीटर से बढ़ाकर 90 पैसे प्रति किलोमीटर कर दिया गया है। इसी तरह, एक्सप्रेस बसों का किराया 92 पैसे से बढ़ाकर 94 पैसे प्रति किलोमीटर कर दिया गया है। डीलक्स बसों का किराया 1.27 रुपये से बढ़ाकर 1.31 रुपये प्रति किलोमीटर कर दिया गया है, जबकि एसी डीलक्स श्रेणी में किराया 1.55 रुपये के बजाय 1.59 रुपये प्रति किलोमीटर होगा। सुपर डीलक्स श्रेणी में किराया छह पैसे प्रति किलोमीटर बढ़ाकर 2.47 रुपये प्रति किलोमीटर कर दिया गया है।

### छत्तीसगढ़: गरियाबंद में पेट्रोल-डीजल का कोटा तय

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के कुछ जिलों में पेट्रोल पंपों पर वाहनों की लंबी कतारों की खबरों के बीच अब गरियाबंद जिला प्रशासन ने पेट्रोल पंप संचालकों को आदेश जारी कर वाहनों में निर्धारित मात्रा में ईंधन प्रदान करने के लिए कहा है। अधिकारियों ने बताया कि गरियाबंद के जिलाधिकारी ने शुक्रवार को सभी पेट्रोल पंप के संचालकों के लिए जारी आदेश में कहा है कि दोपहिया वाहन में अधिकतम तीन सौ रुपये और चारपहिया वाहन में एक हजार रुपये का पेट्रोल दें, साथ ही तेल को ड्रम, जेरीकेन या बोतल में विक्रय न करें। अतिआवश्यक सेवा के एम्बुलेंस जैसे वाहनों को प्राथमिकता से तेल प्रदान करें।

# नीट यूजी पेपर लीक : परीक्षा रद्द होने के बाद 3 और अभ्यर्थियों ने की आत्महत्या

## सीकर में बहन की चुन्नी से फंदा बना लटका छात्र, दिल्ली में युवती ने दी जान, गोवा में भी खुदकुशी

**जयपुर/नई दिल्ली, एजेंसी**

नीट यूजी पेपर लीक के बाद 3 मई को हुई परीक्षा रद्द होने से निराश तीन और अभ्यर्थियों ने जान दे दी। राजस्थान के सीकर में एक छात्र बहन की चुन्नी से फंदा बनाकर लटक गया, जबकि दिल्ली में एक 20 वर्षीय युवती ने अपने घर पर आत्महत्या कर ली। गोवा में भी एक 17 वर्षीय छात्र के आत्महत्या करने की खबर है। बृहस्पतिवार को यूपी के लखीमपुर खीरी में एक छात्र ने खुदकुशी कर ली थी।

सीकर के उद्योगनगर थाने की पुलिस के मुताबिक आत्महत्या करने वाले छात्र प्रदीप मेघवाल काफी समय से नीट यूजी की तैयारी कर रहा था और हाल ही में 3 मई को हुई परीक्षा भी दी थी। वह झुंझुनू जिले के गुढ़ागौड़जी इलाके में कनिका की ढाणी गांव का रहने वाला था और अपनी दो बहनों के साथ सीकर के जलधारी नगर में किराए के मकान में रहकर नीट की तैयारी कर रहा था। पुलिस के अनुसार प्रदीप ने अपनी बहन की चुन्नी से फांसी लगा ली। उस समय उसकी एक बहन कोचिंग क्लास में थी और दूसरी बाथरूम में थी। उसकी बड़ी बहन ने उसे फंदे से लटका हुआ देखा एवं उसे नीचे उतारने के बाद मकान मालिक और पुलिस को सूचना दी। उसके शव को मुर्दाघर में रखवाया गया है और अभी तक उसका पोस्टमार्टम नहीं किया गया है।

उत्तर-पश्चिम दिल्ली के आजादपुर इलाके में पिछले कुछ साल से मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रही 20 वर्षीय छात्रा ने अपने घर में खुदकुशी कर ली। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला, लेकिन परिवार वालों का कहना है कि नीट परीक्षा रद्द होने के कारण उसने यह कदम उठाया। युवती के परिजन घटना की सूचना पुलिस को दिए बिना ही शव को अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट ले गए लेकिन सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसके गले पर गहरा निशान है और शक है कि उसने फंदे पर लटककर आत्महत्या की है। परिजनों का कहना था कि उन्हें ऐसे मामलों में कानूनी प्रक्रिया के बारे में जानकारी नहीं थी। इसी कारण वे शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जा रहे थे। पुलिस अधिकारी ने कहा, पीड़ित नीट अभ्यर्थी थी। क्राइम टीम और फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के अधिकारियों ने भी घटनास्थल का मुआयना कर घर से सबूत इकट्ठा किए हैं।

### अच्छी हुई थी परीक्षा, 650 अंक मिलने की थी उम्मीद



छात्र के पिता राजेश कुमार मेघवाल ने पुलिस को बताया कि प्रदीप की नीट की परीक्षा अच्छी हुई थी और परिवार को उम्मीद थी कि उसे करीब 650 अंक मिलेंगे। परीक्षा होने के बाद प्रदीप काफी खुश था लेकिन पेपर लीक और फिर परीक्षा रद्द होने से निराश हो गया था। राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने भी इस घटना पर दुख व्यक्त किया और इसे नीट परीक्षा 2026 में अनियमितताओं और पेपर लीक की खबरों के बाद छात्रों में बढ़ रही चिंता का नतीजा बताया। पायलट ने कहा कि नीट 2026 पेपरलीक को लेकर भविष्य की चिंता ने विद्यार्थियों पर गहरा दबाव डाला है और इसका सीधा असर उनके मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। होनहार, ईमानदार विद्यार्थी जी-तोड़ मेहनत करते हैं और अंत में पेपर लीक के कारण परीक्षा रद्द कर दी जाती है।

### पांच साल से नीट की तैयारी कर रही थी छात्रा



मृत छात्रा के मामा ने दावा किया कि नीट यूजी 2026 के रद्द होने के बाद से उनकी भांजी तनाव में थी। उन्होंने शवगृह के बाहर बताया, वह एक होशियार छात्रा थी और पिछले कई वर्षों से नीट की तैयारी कर रही थी। उसके माता-पिता ने मुझे बताया कि मंगलवार को परीक्षा रद्द होने के बाद वह परेशान थी। घटना के समय वह घर पर अकेली थी, क्योंकि उसके माता-पिता काम पर बाहर गए हुए थे। उन्होंने कहा, हमें संदेह है कि नीट परीक्षा को अचानक रद्द करने के फैसले ने उसे यह कदम उठाने के लिए मजबूर किया होगा। उसके मामा ने यह भी बताया कि उसे डॉक्टर बनाने के लिए उसके माता-पिता ने उसकी पढ़ाई के लिए हर संभव कोशिश की थी। जब वह पांचवीं कक्षा में थी तभी से उसका सपना डॉक्टर बनने था, और आठवीं कक्षा में पहुंचने के बाद उसने तैयारी शुरू कर दी थी।

### योग्य हाथों में है एनटीए की कमान : धर्मेंद्र प्रधान



**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की कमान योग्य हाथों में है और वह हर साल करीब एक करोड़ छात्रों की परीक्षाएं सफलतापूर्वक कराती है। प्रधान ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह एजेंसी शीर्ष न्यायालय की सिफारिशों पर बनी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार भविष्य में एनटीए की परीक्षाओं में जीरो एरर सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार की नीति कदाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की है। परीक्षा माफिया, असामाजिक तत्व और तकनीक के जरिए फैलाए जा रहे भ्रम आज बड़ी चुनौती बन चुके हैं। सरकार सभी पक्षों को ध्यान में रखते हुए समाधान निकालने के लिए प्रतिबद्ध है।

# तमिलनाडु : अवैध मतदान करने के आरोप में 25 विदेशी गिरफ्तार

**चेन्नई, एजेंसी**

तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में कथित तौर पर अवैध रूप से वोट डालने के आरोप में लगभग 25 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। ये विदेशी नागरिक श्रीलंका, ब्रिटेन, इंडोनेशिया और कनाडा के हैं और उनके पास अपने देशों के पासपोर्ट हैं। इन्हें चेन्नई और मदुरई हवाई अड्डों पर तब गिरफ्तार किया गया, जब उनकी बाईं तर्जनी उंगली पर अमिट स्याही लगी पाई गई।

दस्तावेजों की जांच में सामने आया कि उनके पास भारतीय पहचान साबित करने के लिए कोई भारतीय पासपोर्ट नहीं था। इन लोगों पर चुनाव में धोखाधड़ी से पहचान संबंधी दस्तावेज हासिल कर अवैध रूप से मतदान करने का आरोप लगाया गया है। मदुरई जैसे अन्य हवाई अड्डों और अन्य शहरों में भी मामले दर्ज किए गए जहां गिरफ्तारियां हुईं। हालांकि चेन्नई के पुलिस कमिश्नरेट ने शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति में कहा कि अन्ना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आप्रवासन अधिकारियों ने 10 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनमें



- श्रीलंका, ब्रिटेन, इंडोनेशिया और कनाडा के हैं नागरिक, उंगली पर लगी थी अमिट स्याही

चार महिलाएं भी शामिल हैं, जो अपने देशों में लौटने के लिए उड़ान भरने ही वाली थीं। इन 10 विदेशी नागरिकों में से सात श्रीलंका और जबकि एक-एक इंग्लैंड, इंडोनेशिया व कनाडा का था।

जांच में पता चला कि उनके पास विदेशी नागरिकता थी और उन्होंने भारतीय नागरिक होने का कोई वैध प्रमाण न होने के बावजूद मतदान किया था। गिरफ्तार किए गए सभी 10 विदेशी नागरिकों को चेन्नई सिटी पुलिस के हवाले कर दिया गया है। पुलिस ने इनके खिलाफ नौ मामले दर्ज कर सभी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। अधिकारियों ने चुनाव आयोग को इस संबंध में सूचना भेज दी है।

# बिहार के आधे मंत्रियों पर आपराधिक मामले

एडीआर की रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** बिहार मंत्रिमंडल के पुनर्गठन के बाद शामिल किए गए लगभग आधे मंत्रियों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने का खुलासा किया है,जबकि 90 प्रतिशत मंत्री करोड़पति हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर)और बिहार इलेक्शन वाच की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

रिपोर्ट में बिहार मंत्रिमंडल में सात मई को हुए फेरबदल के बाद मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित 35 में से 31 मंत्रियों के स्वघोषित शपथ पत्रों का विश्लेषण किया गया जो बिहार में 2025 में होने वाले विधानसभा और विधान परिषद चुनावों से पहले जमा किए गए थे। रिपोर्ट के अनुसार, जिन मंत्रियों के शपथपत्र का विश्लेषण किया गया उनमें 15 मंत्री यानी 48 प्रतिशत ने अपने नाम पर आपराधिक मामले दर्ज होने की बात स्वीकार की है। इनमें से नौ मंत्री यानी 29 प्रतिशत गंभीर आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे हैं। एडीआर के मुताबिक, दो मंत्री जदयू के अशोक चौधरी और भाजपा के प्रमोद कुमार को शपथ पत्र जमा करने की जरूरत नहीं थी क्योंकि वे विधान परिषद के मनोनीत सदस्य थे। आरएलएम के दीपक प्रकाश और जदयू के निशांत का विवरण भी रिपोर्ट में शामिल नहीं किया गया है क्योंकि वे बिहार विधानसभा के किसी भी सदन के सदस्य नहीं हैं।

# भोजशाला फैसले पर बोला हिंदू पक्ष आखिर रंग लाया 700 साल का संघर्ष

**इंदौर, एजेंसी**

- हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस ने कहा- अयोध्या के बाद हिंदू समुदाय की लगातार दूसरी जीत हुई
- दूसरी याचिका दायर करने वाले कुलदीप बोले- पूरा विश्वास था पक्ष में आएगा फैसला

धार के भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर को सरस्वती मंदिर करार दिए जाने को लेकर मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के शुक्रवार के फैसले का हिंदू पक्ष ने स्वागत किया और कहा कि समुदाय को 700 साल के संघर्ष में जीत हासिल हुई है। अदालत ने हिंदू पक्ष की दो जनहित याचिकाओं को स्वीकार करते हुए यह फैसला सुनाया। इनमें से एक याचिका सामाजिक संगठन 'हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस' ने दायर की थी।

इस संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष और याचिकाकर्ताओं में शामिल आशीष गोयल ने कहा, यह हिंदू समुदाय के लिए अविस्मरणीय और ऐतिहासिक दिन है। अयोध्या स्थित राम जन्मभूमि के मुकदमे के बाद धार के भोजशाला प्रकरण में हिंदू समुदाय की लगातार दूसरी जीत हुई है। ''हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस'' ने मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय में दावा किया था कि भोजशाला मूलतः परमार वंश के राजा भोज द्वारा वर्ष 1034 में स्थापित सरस्वती मंदिर है जिसे मालवा क्षेत्र पर अलाउद्दीन खिलजी की फौज के आक्रमण के दौरान 1305 में


कोर्ट के फैसले के बाद मध्यप्रदेश के धार में भोजशाला के बाहर इकट्ठी भीड़।

ढहा दिया गया था। संगठन का यह भी दावा था कि विवादित परिसर में मस्जिद निर्माण के लिए मंदिर के अवशेषों का पुनः उपयोग किया गया। गोयल ने कहा, भोजशाला की मुक्ति के लिए हिंदू समुदाय पिछले 700 साल से संघर्ष कर रहा था।

हिंदू पक्ष की ओर से दूसरी जनहित याचिका दायर करने वाले कुलदीप तिवारी ने कहा, भोजशाला के सरस्वती मंदिर को लेकर हिंदू समुदाय में सदियों से अटूट आस्था है। हमें पूरा विश्वास था कि एक दिन हमारी जीत होगी। उच्च न्यायालय ने 242 पन्नों के फैसले में एएसआई के सात अप्रैल 2003 के उस आदेश को भी रद्द कर दिया जिसमें मुस्लिमों को हर शुक्रवार परिसर में नमाज अदा करने की अनुमति दी गई थी। अदालत का फैसला आने के बाद उच्च न्यायालय परिसर के बाहर हिंदू पक्ष के याचिकाकर्ताओं के बीच उत्सव का माहौल दिखा।

### सुप्रीम कोर्ट जाएगा मुस्लिम पक्ष, एएसआई रिपोर्ट को बताया त्रुटिपूर्ण

**इंदौर।** धार के भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर को सरस्वती मंदिर करार दिए जाने और इस मध्यकालीन स्मारक में नमाज की अनुमति समाप्त करने संबंधी मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के शुक्रवार के फैसले को मुस्लिम पक्ष ने शीर्ष अदालत में चुनौती देने की घोषणा की है। मुस्लिम पक्ष के वकील अशहर वारसी ने कहा, हम भोजशाला मामले में उच्च न्यायालय के फैसले से संतुष्ट नहीं हैं और इसे शीर्ष अदालत में जल्द से जल्द चुनौती देंगे। उन्होंने दावा किया कि भोजशाला परिसर में एएसआई का वैज्ञानिक सर्वेक्षण और इसकी रिपोर्ट त्रुटिपूर्ण थी तथा उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में मुख्य रूप से इस रिपोर्ट पर भरोसा किया है। वारसी ने यह भी कहा कि 'विवादित तथ्यों वाले इस मामले' का निपटारा संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत नहीं किया जाना चाहिए था और इसे दीवानी अदालत भेजा जाना चाहिए था। यह अनुच्छेद उच्च न्यायालयों को लोगों के मौलिक अधिकारों और अन्य कानूनी अधिकारों के मामलों में अलग-अलग रिट (औपचारिक आदेश) जारी करने की शक्ति देता है। वारसी ने बताया कि मुस्लिम समुदाय से ताल्लुक रखने वाले उनके मुवक्किलों ने धार की एक दीवानी अदालत में भोजशाला मामले को लेकर पहले ही मुकदमा दायर कर रखा है।

### बंगाल : 2011 के बाद जारी जाति प्रमाण पत्रों के सत्यापन का आदेश

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं के आरोपों के मद्देनजर राज्य में वर्ष 2011 से जारी सभी जाति प्रमाणपत्रों का पुनः सत्यापन करने का निर्णय लिया है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि राज्य के पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने शुक्रवार को सभी जिलाधिकारियों को पत्र जारी कर पुनः सत्यापन प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया। पूर्व सरकार के कार्यकाल में जाति प्रमाणपत्र जारी करने में भ्रष्टाचार के आरोप बार-बार सामने आए थे। राज्य के पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री क्षुदिराम टुडू ने कहा कि उस दौरान कई फर्जी प्रमाणपत्र जारी किए गए थे। तृणमूल के शासनकाल में बड़ी संख्या में फर्जी एससी, एसटी और ओबीसी प्रमाण पत्र जारी किए गए। कई लोगों ने इनका लाभ उठाया था।

# गौतम और सागर अडानी भरेंगे 1.26 करोड़ डॉलर का जुर्माना, मुकदमे का निपटारा करेगा अमेरिका

**न्यूयॉर्क/नई दिल्ली, एजेंसी**

- गौतम अडानी को छह लाख और सागर को चुकानी होगी 1.2 डॉलर की रकम
- ऊर्जा अनुबंध के लिए भारतीय अफसरों को घूस देने की साजिश का है आरोप



अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग ने भारतीय उद्योगपति गौतम अडानी और उनके भतीजे सागर अडानी के जुर्माना देने पर राजी होने के बाद उनसे जुड़े मुकदमे का निपटारा करने पर सहमति जताई है। अदालत के बृहस्पतिवार को जारी दस्तावेजों से यह जानकारी सामने आई है। अमेरिकी अभियोजकों ने गौतम अडानी समेत कई पर सौर ऊर्जा अनुबंध पाने के लिए भारतीय अधिकारियों को रिश्वत देने की साजिश रचने और अमेरिकी निवेशकों से इसे छिपाने का आरोप लगाया था।

वर्ष 2024 के अंत में दायर इस मुकदमे में अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग (एसईसी) ने गौतम अडानी और ऊर्जा कंपनी अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के प्रमुख तथा उनके भतीजे सागर अडानी पर आरोप लगाया था कि उन्होंने भारतीय सरकारी अधिकारियों को करोड़ों डॉलर के बराबर राशि देने का वादा किया और उसके एवज में ऊर्जा खरीद अनुबंध हासिल किए। साथ ही, कंपनी ने अमेरिका के निवेशकों से कई अरब डॉलर जुटाए जिन्हें आश्वासन दिया गया था कि कंपनी के पास मजबूत भ्रष्टाचार रोधी अनुपालन कार्यक्रम है और वरिष्ठ प्रबंधन की ओर से यह वादा किया गया था कि कोई रिश्वतखोरी नहीं होगी। एसईसी ने उस समय कहा था कि ये कार्रवाइयां अमेरिकी प्रतिभूति कानूनों के धोखाधड़ी-रोधी प्रावधानों का उल्लंघन करती हैं।

अमेरिकी अदालत की ओर से जारी दस्तावेजों के अनुसार, गौतम अडानी ने छह लाख अमेरिकी डॉलर का जुर्माना जबकि उनके भतीजे सागर अडानी ने 1.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर का जुर्माना भरने पर सहमति जताई है। प्रस्तावित समझौते में किसी भी प्रकार के अपराध की स्वीकारोक्ति शामिल नहीं है। अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने उस समय आरोपों को खारिज करते हुए उन्हें निराधार बताया था। बृहस्पतिवार को गौतम तथा सागर के वकीलों को भेजे गए संदेशों का कोई जवाब नहीं मिला।

### प्रधानमंत्री ने किया अडानी की रिहाई का सौदा: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अमेरिका में उद्योगपति गौतम अडानीके खिलाफ मामले से जुड़ी खबरों की पृष्ठभूमि में आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौता नहीं, अडानी की रिहाई का सौदा किया है। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, कंप्रोमाइज्ड, पीएम ने व्यापार समझौता नहीं, अडानी की रिहाई का सौदा किया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया कि अब यह स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री मोदी भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर क्यों सहमत हुए और उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को अचानक क्यों रोक दिया।

फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने कहा- ये बेहद संवेदनशील मामला, हमें मिलीं प्रतिक्रियाएं काफी चिंताजनक

# अरावली में खनन के संबंध में फिलहाल कोई आदेश नहीं देंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि उसे अरावली पहाड़ियों और पर्वतमाला में खनन को लेकर काफी चिंताजनक प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं, जिसे देखते हुए वह फिलहाल खनन पट्टा धारकों के पक्ष में कोई आदेश पारित नहीं करेगा। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि इस मामले में विशेष पारिस्थितिकीय मुद्दे जुड़े हुए हैं।

सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने



शुक्रवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध मामले का उल्लेख किए जाने पर कहा, हम इस मामले की टुकड़ों में सुनवाई नहीं करेंगे। जब तक हम पूरी तरह संतुष्ट नहीं हो जाते, तब तक किसी भी गतिविधि की अनुमति नहीं देंगे। सुप्रीम कोर्ट ''अरावली पहाड़ियों और पर्वतमालाओं की परिभाषा और संबंधित मुद्दे'' शीर्षक से स्वतः संज्ञान लेते हुए एक मामले की सुनवाई कर रहा है। सीजेआई ने कहा, वहां बहुत कुछ हो रहा है। हमें जो प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं, वे काफी चिंताजनक हैं। पीठ ने मामले का उल्लेख करने वाले वकील से कहा कि यदि किसी खनन पट्टे को रद्द किया जाता है, तो संबंधित पक्ष उसे चुनौती दे सकता है। पीठ ने कहा, हम अभी खनन पट्टा धारकों के पक्ष में कोई आदेश पारित नहीं करेंगे। यह एक संवेदनशील मामला है।

न्यायालय ने 20 नवंबर 2025 को अरावली पहाड़ियों और पर्वतमाला की एक समान परिभाषा स्वीकार करते हुए दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात में इसके दायरे में आने वाले क्षेत्रों में विशेषज्ञों की रिपोर्ट आने तक नए खनन पट्टे देने पर रोक लगा दी थी। न्यायालय ने दुनिया की सबसे पुरानी पर्वत श्रृंखला की सुरक्षा के लिए इसकी परिभाषा को लेकर मंत्रालय की समिति की इस सिफारिशों को स्वीकार किया था कि अरावली पहाड़ी उस भू-आकृति को माना जाए, जिसकी ऊंचाई निर्धारित अरावली जिलों में स्थानीय भू-स्तर से 100 मीटर या उससे अधिक हो, जबकि अरावली पर्वतमाला ऐसी दो या अधिक पहाड़ियों का समूह होगा, जो एक-दूसरे से 500 मीटर के भीतर स्थित हों। सुप्रीम कोर्ट ने 29 दिसंबर को अरावली की नई परिभाषा को लेकर उठे विरोध का संज्ञान लेते हुए 20 नवंबर के अपने आदेश को स्थगित कर दिया था।



न तो कुछ अच्छा है और न ही बुरा, बल्कि हमारी सोच ही उसे ऐसा बनाती है।
**–विलियम शेक्सपियर**, अंग्रेजी नाटककार

## महंगाई की मार

थोक महंगाई दर का 42 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंचना भारतीय अर्थव्यवस्था और आम जनता दोनों के लिए गंभीर चेतावनी है। महंगाई का थोक मूल्य सूचकांक महीने भर में 3.88% से बढ़कर 8.3 फीसदी तक पहुंचना सांख्यिकीय उछाल के साथ व्यापक लागत संकट का संकेत है। वैश्विक ऊर्जा बाजार की अस्थिरता, पश्चिम एशिया में युद्ध की आशंकाएं, दबाव में रुपया और जलवायु संबंधी अनिश्चितता के परिदृश्य में यह महंगाई केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक चुनौती भी बन सकती है। आम जनता की पहली प्रतिक्रिया स्वाभाविक रूप से चिंता और असुरक्षा की होगी। मध्यम वर्ग को ईंधन, गैस सिलेंडर, परिवहन तथा कर्जे की ईएमआई चुकाने की चिंता सताएगी, जबकि निम्न आय वर्ग रोजमर्रा के खर्च बढ़ने से सबसे अधिक प्रभावित होगा।

पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, दूध, घरेलू गैस, सोना-चांदी, टेक्सटाइल, बेसिक मेटल और केमिकल उत्पादों की कीमतों में वृद्धि का अर्थ है कि महंगाई अब केवल एक-दो क्षेत्रों तक सीमित नहीं रही, बल्कि पूरी अर्थव्यवस्था में फैलने लगी है। यह 'कॉस्ट-पुश इन्फ्लेशन' का संकेत है, जिसमें उत्पादन लागत बढ़ने से वस्तुओं और सेवाओं के दाम क्रमशः ऊपर जाते हैं। कच्चे तेल की कीमत बढ़ने का सीधा असर परिवहन, उत्पादन और वितरण लागत पर पड़ता है। लगातार कमजोर होता रुपया आयातित वस्तुओं को और महंगा बना रहा है। वैश्विक कमोडिटी की कीमतों में वृद्धि और सप्लाई चेन पर दबाव एवं अल नीनो की आशंका, जो कृषि उत्पादन और खाद्य आपूर्ति को प्रभावित कर सकती है, आगे भी महंगाई पर लगाम न लग सकने के गंभीर संकेतक हैं, हालांकि अभी राहत की बात यह है कि खाद्य महंगाई अपेक्षाकृत नियंत्रित दिख रही है। प्याज और आलू जैसे उत्पादों के दाम अभी पिछले वर्ष की तुलना में नीचे हैं, लेकिन यह राहत स्थायी नहीं मानी जा सकती। यदि मानसून कमजोर रहा या ईंधन महंगा होता गया, तो परिवहन लागत बढ़ने से खाद्य वस्तुओं पर भी दबाव आ सकता है। अभी तक कई कंपनियां बढ़ी हुई लागत का पूरा बोझ ग्राहकों पर नहीं डाल रही हैं और अपने मार्जिन घटाकर काम चला रही हैं, लेकिन यह स्थिति लंबे समय तक नहीं टिक सकती। यदि कच्चे माल और ईंधन की कीमतें ऊंची बनी रहीं, तो कंपनियां अंततः उपभोक्ताओं पर कीमत बढ़ोतरी का बोझ डालेंगी। आरबीआई भी रेपोरेट बढ़ा देगी। इसका अर्थ होगा कि आज की थोक महंगाई कल खुदरा महंगाई में बदल जाएगी तथा इन सबके चलते आगे चल कर थोक महंगाई और ईएमआई दोनों जनता को और परेशान करेगी।

सरकार को इस अत्यंत जटिल चुनौती से निबटने के लिए ईंधन पर करों की समीक्षा, रणनीतिक तेल भंडार का विवेकपूर्ण उपयोग, खाद्य आपूर्ति प्रबंधन और कमजोर वर्गों के लिए लक्षित राहत उपायों पर तेजी से काम करना होगा। कृषि उत्पादकता बढ़ाने, लॉजिस्टिक्स लागत कम करने और वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को प्रोत्साहित करने जैसी दीर्घकालिक नीतियां भी आवश्यक हैं। महंगाई केवल आर्थिक आंकड़ा नहीं होती, यह लोगों के जीवन स्तर, सामाजिक संतुलन और राजनीतिक विश्वास को भी प्रभावित करती है। सरकार के लिए यह केवल कीमतों को नियंत्रित करने का नहीं, बल्कि जनता के भरोसे को बनाए रखने का भी कठिन समय है।

### प्रसंगवश

## सड़क दुर्घटनाओं की क्षति जीडीपी का 3.14 फीसदी

भारत तेजी से विकसित होता देश है। आधुनिक सड़कें बन रही हैं, एक्सप्रेस-वे तैयार हो रहे हैं, वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन इसके साथ सड़क दुर्घटनाओं का संकट भी भयावह रूप ले चुका है। आज सड़क हादसे केवल यातायात की समस्या नहीं रह गए हैं, बल्कि यह राष्ट्रीय चिंता का विषय बन चुके हैं। हर दिन सैकड़ों परिवार अपने प्रियजनों को खो रहे हैं। कोई बच्चा अनाथ हो रहा है, कोई माता-पिता अपने जवान बेटे को खो रहे हैं, तो कोई परिवार जीवनभर के लिए अपंगता और आर्थिक संकट में डूब जाता है। यही कारण है कि भारत का सुप्रीम कोर्ट भी सड़क सुरक्षा को लेकर लगातार चिंता जता रहा है।

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भारत में 'लेन ड्राइविंग' जैसी कोई अवधारणा ही नहीं रह गई है और यही सड़क दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण है। अदालत ने सार्वजनिक वाहनों में ट्रैकिंग डिवाइस और पैनिक बटन नहीं लगाए जाने पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की। कोर्ट ने कहा कि नियम बनने के बावजूद एक प्रतिशत से भी कम सार्वजनिक वाहनों में ये सुरक्षा उपकरण लगे हैं।



**कांतिलाल मांडोत**
वरिष्ठ पत्रकार

भारत में सड़क दुर्घटनाओं का आंकड़ा अत्यंत भयावह है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार वर्ष 2024 में लगभग 1 लाख 99 हजार लोगों की मौत सड़क हादसों में हुई। इसका अर्थ है कि प्रतिदिन औसतन 546 लोगों की जान चली जाती है। यदि इसे घंटे के हिसाब से देखें तो भारत में हर घंटे लगभग 23 लोगों की मृत्यु सड़क दुर्घटनाओं में होती है। यानी लगभग हर ढाई मिनट में एक व्यक्ति सड़क हादसे का शिकार बन रहा है। यह आंकड़ा किसी युद्ध या बड़ी महामारी से कम नहीं है। सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली सामाजिक और आर्थिक क्षति भारत की जीडीपी का लगभग 3.14 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। इसका मतलब यह है कि सड़क हादसे केवल जान ही नहीं ले रहे, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी कमजोर कर रहे हैं।

भारत में सड़क दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा कारण यातायात नियमों की अनदेखी है। लोग सड़क पर वाहन चलाते समय अनुशासन का पालन नहीं करते। लेन ड्राइविंग का पालन लगभग नहीं के बराबर होता है। कोई वाहन अचानक दूसरी लेन में घुस जाता है, कोई बिना संकेत दिए मुड़ जाता है, तो कोई तेज रफ्तार में ओवरटेक करता है। यही कारण है कि सुप्रीम कोर्ट ने विशेष रूप से लेन अनुशासन की कमी को दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बताया।

देश में अधिकांश लोग हेलमेट और सीट बेल्ट को अब भी गंभीरता से नहीं लेते। दोपहिया वाहन चालकों में हेलमेट न पहनने की आदत सबसे खतरनाक साबित हो रही है। आंकड़ों के अनुसार सड़क दुर्घटनाओं में सबसे अधिक मौतें दोपहिया वाहनों से होती हैं। कुल मौतों में लगभग 48.3 प्रतिशत हिस्सा दोपहिया दुर्घटनाओं का है। यह दर्शाता है कि बाइक और स्कूटर चलाते समय लोग सुरक्षा मानकों को नजरअंदाज कर रहे हैं।

पैदल चलने वाले भी सड़क हादसों का बड़ा शिकार बन रहे हैं। कुल मौतों में लगभग 14.7 प्रतिशत पैदल यात्रियों की होती हैं। शहरों में फुटपाथों की कमी, अवैध पार्किंग और अनियंत्रित ट्रैफिक इसके प्रमुख कारण हैं। वहीं कार दुर्घटनाओं का हिस्सा भी 13.6 प्रतिशत है। तेज गति, मोबाइल फोन का उपयोग, शराब पीकर वाहन चलाना और गलत दिशा में वाहन चलाना कार दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बनते जा रहे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# पुरानी व्यवस्था बचानी है या भविष्य बनाना है





**राजेश जैन**
वरिष्ठ पत्रकार

देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी-2026 का रद्द होना केवल एक प्रशासनिक फैसला नहीं था। यह उस भरोसे का टूटना था, जिसके सहारे 22 लाख से ज्यादा विद्यार्थी अपने भविष्य का सपना देखते हैं। किसी छात्र ने गांव छोड़कर शहर में कमरा लिया, किसी परिवार ने जमीन बेचकर कोचिंग फीस भरी। किसी ने दो साल तक मोबाइल से दूरी बनाई, लेकिन कुछ लोगों के लालच और सिस्टम की कमजोरियों ने लाखों मेहनती विद्यार्थियों को अचानक अनिश्चितता के बीच खड़ा कर दिया। इस पूरे मामले ने देश के सामने एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है- क्या भारत की परीक्षा व्यवस्था अब पुराने ढांचे पर चल सकती है? या फिर समय आ गया है कि इसे पूरी तरह नए तरीके से तैयार किया जाए?

आज सबसे बड़ी चिंता केवल पेपर लीक नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के मन में पैदा हो रहा अविश्वास है। मेहनत करने वाला छात्र यदि यह महसूस करने लगे कि सिस्टम सुरक्षित नहीं है, तो यह केवल परीक्षा का संकट नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था के नैतिक आधार का संकट बन जाता है। इस बार की शुरुआती जांच में जो जानकारियां सामने आईं, उन्होंने यह साफ कर दिया कि पेपर लीक अब किसी एक सेंटर या छोटे गिरोह तक सीमित नहीं है। देहरादून, सीकर, जयपुर, गुरुग्राम और कई अन्य शहरों से जुड़े नेटवर्क यह संकेत देते हैं कि यह अब एक संगठित माफिया तंत्र का रूप ले चुका है। सबसे गंभीर बात यह है कि अब यह नेटवर्क नई तकनीकों का इस्तेमाल कर रहा है। एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप, क्लोज्ड ग्रुप्स और डिजिटल पेमेंट सिस्टम जांच एजेंसियों के लिए भी चुनौती बन चुके हैं। यही वजह है कि अब केवल एफआईआर दर्ज करना या कुछ गिरफ्तारियां कर लेना पर्याप्त समाधान नहीं माना जा सकता। जरूरत पूरी परीक्षा व्यवस्था को नए सिरे से डिजाइन करने की है।

> नीट 2026 ने देश को एक स्पष्ट संदेश दिया है– यदि अब भी परीक्षा प्रणाली में बड़े सुधार नहीं किए गए, तो हर साल लाखों छात्रों का भरोसा टूटता रहेगा। यह समय आरोप–प्रत्यारोप का नहीं, बल्कि संरचनात्मक बदलाव का है।

नीट दुनिया की सबसे बड़ी ऑफलाइन परीक्षाओं में गिनी जाती है। करीब 22 लाख विद्यार्थी, हजारों परीक्षा केंद्र और लाखों ओएमआर शीट्स। इतनी विशाल प्रक्रिया में प्रश्नपत्र प्रिंटिंग प्रेस से लेकर सेंटर तक पहुंचने तक दर्जनों हाथों से गुजरता है। यही इसकी सबसे बड़ी कमजोरी है। वर्तमान मॉडल पूरी तरह फिजिकल सिक्योरिटी पर आधारित है, जबकि अपराधी नेटवर्क अब डिजिटल और संगठित तरीके से काम कर रहे हैं। यह असंतुलन ही लगातार खतरा पैदा कर रहा है।

इसके विपरीत जेईई मेन जैसी परीक्षाएं कंप्यूटर आधारित टेस्ट यानी सीबीटी मोड में होती हैं। वहां प्रश्नपत्र परीक्षा शुरू होने के बाद स्क्रीन पर दिखाई देता है। अलग-अलग सेट और एल्गोरिदमिक प्रश्न वितरण के कारण पेपर लीक की संभावना बेहद कम हो जाती है। यही कारण है कि शिक्षा विशेषज्ञ लगातार यह कह रहे हैं कि अब नीट जैसी परीक्षा को भी धीरे-धीरे तकनीक आधारित मॉडल की ओर ले जाना होगा।

यह सवाल अक्सर पूछा जाता है कि क्या भारत जैसे विशाल देश में इतनी बड़ी परीक्षा ऑनलाइन कराना संभव है? जवाब है- संभव है, लेकिन चरणबद्ध तरीके से। कोविड के बाद भारत ने तेजी से डिजिटल बदलाव देखा है। बैंकिंग, सरकारी सेवाएं, ऑनलाइन शिक्षा और डिजिटल भुगतान गांवों तक पहुंच चुके हैं। जेईई मेन, सीयूएटी और कई बैंकिंग परीक्षाएं पहले से कंप्यूटर आधारित मोड में सफलतापूर्वक आयोजित हो रही हैं।

नीट को भी दो चरणों में आयोजित किया जा सकता है। पहले चरण में बड़े शहरों और मजबूत डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर वाले क्षेत्रों में सीबीटी मोड लागू किया जाए, जहां सुविधाएं सीमित हैं, वहां कुछ समय तक हाइब्रिड मॉडल रखा जा सकता है। दूसरे चरण में मल्टी-सेशन ऑनलाइन परीक्षा शुरू की जा सकती है। इसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि प्रश्नपत्र परीक्षा शुरू होने से पहले किसी के पास नहीं पहुंचेगा। यही सबसे मजबूत सुरक्षा कवच बन सकता है। सिर्फ परीक्षा को ऑनलाइन कर देना पर्याप्त नहीं होगा। यदि व्यवस्था को वास्तव में सुरक्षित बनाना है, तो सुरक्षा की पूरी सोच बदलनी होगी।

सबसे पहले प्रश्नपत्र निर्माण और वितरण प्रक्रिया को जीरो ह्यूमन एक्सेस मॉडल की ओर ले जाना होगा। यानी पेपर तैयार होने के बाद किसी व्यक्ति के पास उसकी पूरी कॉपी न हो। एआई आधारित एन्क्रिप्शन और डिजिटल लॉकिंग सिस्टम अपनाने होंगे। दूसरा, परीक्षा केंद्रों की निगरानी को औपचारिकता नहीं, वास्तविक सुरक्षा व्यवस्था बनाना होगा। एआई आधारित कैमरा सिस्टम, लाइव कंट्रोल रूम और रियल टाइम अलर्ट सिस्टम लागू किए जा सकते हैं।

तीसरा, बायोमेट्रिक सत्यापन को और मजबूत करना होगा। केवल फिंगरप्रिंट नहीं, बल्कि फेस रिकग्निशन, लाइव फोटो मैचिंग और मल्टी-लेयर पहचान प्रणाली लागू करनी होगी, ताकि डमी उम्मीदवारों की एंट्री रोकी जा सके। दुनिया के कई देशों ने इसी तरह के मॉडल अपनाए हैं। अमेरिका और यूरोप में मेडिकल प्रवेश परीक्षाएं पूरी तरह सीबीटी मोड में होती हैं। चीन और दक्षिण कोरिया में एआई निगरानी, फेस रिकग्निशन और डिजिटल सिग्नल ब्लॉकर तक इस्तेमाल किए जाते हैं। भारत भी इन मॉडलों से सीख सकता है।

नीट यूजी-2026 का रद्द होना केवल परीक्षा रद्द होना नहीं, बल्कि लाखों विद्यार्थियों के भरोसे को झटका है। पेपर लीक ने साबित कर दिया कि देश की मौजूदा परीक्षा व्यवस्था अब संगठित डिजिटल अपराधों के सामने कमजोर पड़ रही है। देहरादून, जयपुर, सीकर, नासिक और गुरुग्राम जैसे शहरों से जुड़े नेटवर्क बताते हैं कि यह समस्या अब बड़े माफिया तंत्र का रूप ले चुकी है। विशेषज्ञ मानते हैं कि केवल गिरफ्तारियां समाधान नहीं हैं, बल्कि पूरी परीक्षा प्रणाली को तकनीक आधारित बनाना जरूरी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## आमने सामने



हम भी पेरियार और आंबेडकर के आदर्शों का समर्थन करते हैं। हम भी सनातन प्रथा को समाप्त करने के लिए मैदान में उतरे हैं। TVK पेरियार ईवी रामासामी और डॉ. भीमराव आंबेडकर की सामाजिक न्याय वाली विचारधारा को मानने वाली पार्टी है।

**–वीएमएस मुस्तफा**
विधायक, टीवीके



सत्ता में होने का मतलब यह नहीं कि कोई भी धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली बातें कही जाएं। मुख्यमंत्री विजय ने न तो उदयनिधि स्टालिन के बयान की आलोचना की और न ही अपनी पार्टी के विधायक मुस्तफा की टिप्पणी पर कोई स्पष्ट रुख अपनाया।

**–नारायणन तिरुपति**
भाजपा प्रवक्ता, तमिलनाडु

# 75 वर्ष: राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक बना सोमनाथ



**सौरभ वार्ष्णेय**
वरिष्ठ पत्रकार

भारत की सांस्कृतिक आत्मा और आस्था के प्रतीक सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होना केवल एक धार्मिक अवसर नहीं, बल्कि राष्ट्र की ऐतिहासिक चेतना, आत्मसम्मान और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का भी महत्वपूर्ण क्षण है। आज जब देश इस गौरवपूर्ण यात्रा को स्मरण कर रहा है, तब यह भी स्पष्ट दिखाई देता है कि केंद्र सरकार ने भारतीय विरासत और सांस्कृतिक धरोहरों के पुनर्स्थापन को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाया है। सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता की अदम्य शक्ति और सनातन परंपरा की अमर गाथा है।

सोमनाथ मंदिर का इतिहास भारत के संघर्ष, आक्रमणों और पुनर्जागरण की कहानी कहता है। विदेशी आक्रांताओं द्वारा कई बार ध्वस्त किए जाने के बाद भी यह मंदिर भारतीय आस्था का केंद्र बना रहा। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद लौह पुरुष सरदार पटेल ने इसके पुनर्निर्माण का संकल्प लिया था। वर्ष 1951 में तत्कालीन राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद द्वारा मंदिर का उद्घाटन किया गया, जिसने स्वतंत्र भारत के सांस्कृतिक स्वाभिमान को नई पहचान दी।

इन 75 वर्षों में सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं रहा, बल्कि राष्ट्र की अस्मिता का प्रतीक बन गया। विशेष रूप से पिछले एक दशक में केंद्र सरकार ने तीर्थ स्थलों के विकास और धार्मिक पर्यटन को जिस प्रकार गति दी है, वह उल्लेखनीय है। काशी विश्वनाथ धाम, महाकाल लोक, अयोध्या में राम मंदिर और केदारनाथ पुनर्विकास जैसे अनेक प्रकल्प इस सोच को मजबूत करते हैं कि भारत अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़कर ही विश्व में नई पहचान बना सकता है।

> मंदिरों और तीर्थ स्थलों के विकास के साथ–साथ देश को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक समरसता जैसे मुद्दों पर भी समान गंभीरता से आगे बढ़ना होगा।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार सोमनाथ बारह ज्योतिर्लिंगों में प्रथम माना जाता है। कहा जाता है कि चंद्रदेव ने भगवान शिव की आराधना कर यहां अपने श्राप से मुक्ति पाई थी, इसी कारण इसका नाम सोमनाथ पड़ा। अरब सागर के तट पर स्थित यह मंदिर प्राचीन काल से श्रद्धा और व्यापार दोनों का महत्वपूर्ण केंद्र रहा। इतिहासकारों के अनुसार इसका उल्लेख अनेक प्राचीन ग्रंथों और यात्रा वृतांतों में मिलता है।

सोमनाथ का इतिहास जितना गौरवपूर्ण है, उतना ही संघर्षपूर्ण भी। 11वीं शताब्दी में महमूद गजनवी ने इस मंदिर पर आक्रमण कर इसकी अपार संपदा लूटी और मंदिर को ध्वस्त कर दिया। इसके बाद भी विभिन्न कालखंडों में कई विदेशी आक्रांताओं ने इसे निशाना बनाया, लेकिन हर विनाश के बाद भारतीय समाज ने इसे फिर से खड़ा किया। यही तथ्य दर्शाता है कि किसी राष्ट्र की आत्मा को केवल पत्थरों को तोड़कर समाप्त नहीं किया जा सकता। हर वर्ष लाखों श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। आधुनिक सुविधाओं और भव्य स्थापत्य ने इसकी गरिमा को और बढ़ाया है। साथ ही यह मंदिर भारत को यह स्मरण कराता है कि हमारी संस्कृति ने हर संकट के बाद स्वयं को पुनर्जीवित करने की क्षमता दिखाई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं कई बार यह कहा है कि विकास और विरासत साथ-साथ चल सकते हैं। यही कारण है कि सरकार ने एक ओर आधुनिक आधारभूत संरचना पर बल दिया, वहीं दूसरी ओर प्राचीन मंदिरों, तीर्थों और सांस्कृतिक केंद्रों के संरक्षण को भी महत्व दिया। सोमनाथ मंदिर परिसर का आधुनिकीकरण, पर्यटन सुविधाओं का विस्तार और आसपास के क्षेत्र का विकास इसी दृष्टि का हिस्सा है।

इस अवसर पर यह भी आवश्यक है कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण केवल राजनीतिक विमर्श तक सीमित न रह जाए। मंदिरों और तीर्थ स्थलों के विकास के साथ-साथ देश को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक समरसता जैसे मुद्दों पर भी समान गंभीरता से आगे बढ़ना होगा। राष्ट्रीय गौरव तभी सार्थक होगा, जब विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। सोमनाथ के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष भारत की उस अटूट चेतना का प्रमाण हैं, जिसने सदियों के संघर्ष के बाद भी अपनी पहचान को जीवित रखा। यह अवसर केवल अतीत का स्मरण नहीं, बल्कि भविष्य के भारत की सांस्कृतिक दिशा तय करने का भी है। यदि विरासत और विकास का संतुलन बना रहा, तो भारत विश्व मंच पर अपनी सभ्यतागत शक्ति के रूप में और अधिक मजबूती से उभरेगा।

पर्यटन, स्थानीय अर्थव्यवस्था और सांस्कृतिक अध्ययन के क्षेत्र में भी ऐसे तीर्थ महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आवश्यकता इस बात की है कि हम अपनी धरोहरों के संरक्षण, स्वच्छता और ऐतिहासिक महत्व को आने वाली पीढियों तक पहुंचाने का कार्य गंभीरता से करें। समय बदलता है, चुनौतियां बदलती हैं, लेकिन जो सभ्यता अपनी जड़ों से जुड़ी रहती है, वह सदैव मजबूत बनी रहती है। सोमनाथ इसी अमर भारतीय चेतना का प्रतीक है। वर्तमान समय में जब इतिहास और सांस्कृतिक पहचान को लेकर नई बहसें चल रही हैं, तब सोमनाथ का इतिहास हमें संतुलित दृष्टि अपनाने की प्रेरणा देता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## रिश्तों का सुकून

जैसे-जैसे आप भावनात्मक रूप से ठीक होते हैं, वैसे-वैसे आपको ये एहसास होने लगता है कि 'पागलों की तरह प्यार करना' असल में प्यार नहीं होता-वो सिर्फ एक उथल-पुथल होती है, जिसे जुनून का नाम दिया गया होता है। वो एक तरह का रोमांटिक बना दिया गया असंतुलन होता है और वो थका देने वाला होता है।



**प्रशस्ति पाठक**
राइटर

जब आप खुद को समझने लगते हैं, अपने पुराने घावों को ठीक करने लगते हैं, तब आपको कुछ अलग चाहत होने लगती है। कुछ कोमल। कुछ शांत।

अब आप उस रोलर कोस्टर जैसी भावनाओं के पीछे नहीं भागते— अब आपको स्थिर ज़मीन की तलाश होती है। अब आप ऐसा प्यार चाहते हैं. जो आपकी आत्मा को सुकून दे, न कि आपके दिल में घबराहट भर दे।

आप ऐसा साथी चाहते हैं, जो समझे कि भावनात्मक अस्थिरता को गहराई या जुनून नहीं कहा जा सकता। कोई ऐसा जो आपको बार-बार टूटने की कगार पर ले जाकर फिर खींच न लाए और उसे प्यार का नाम न दे। आप चाहते हैं, शांत बातचीत, आपसी सम्मान, गहरा समझ— एक ऐसा रिश्ता जो घर जैसा लगे, न कि जंग का मैदान।

आप चाहते हैं कोई ऐसा जो चुप हो जाने पर आपके पेट में घबराहट न भर दे। ऐसा प्यार जो एक पहेली न हो। ऐसा कोई जो आपको हर वक्त अलर्ट मोड पर जीने को मजबूर न करे, हमेशा अगली चोट या अगली निराशा के इंतज़ार में।

हीलिंग यही सिखाती है। ये आपको खुद से इतना प्यार करना सिखाती है कि अब आप उस प्यार से समझौता नहीं करते, जो आपकी आत्मिक शांति छीन ले। अब आप अस्थिरता को 'पैशन' नहीं मानते, अब आप समझते हैं कि सच्चा प्यार आपको कभी असुरक्षित महसूस नहीं कराता।

मुझे वो प्यार चाहिए जो शांत हो। कोमल हाथ और नर्म निगाहें चाहिए। स्पष्ट संवाद चाहिए और निरंतर प्रयास। ऐसा प्यार चाहिए जो उस सांस की तरह लगे जो बहुत देर रोके रखने के बाद ली गई हो, क्योंकि 'पागलों जैसा प्यार' फिल्मों में तो अच्छा लगता है— पर असल ज़िंदगी में वो आपको थका देता है, खो देता है, और आपकी अपनी ही कीमत पर सवाल उठवा देता है।

**–फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## भट्टों की आग में तपती जिंदगियां

भारत जैसे विशाल देश की अर्थव्यवस्था की असली नींव उन करोड़ों श्रमिकों के कंधों पर टिकी है, जो असंगठित क्षेत्र में काम करते हैं। विभिन्न सरकारी आकलनों और श्रम मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार देश में लगभग 47 से 50 करोड़ श्रमिक कार्यरत हैं, जिनमें से करीब 90 प्रतिशत यानी लगभग 42 से 43 करोड़ मजदूर असंगठित क्षेत्र में काम करते हैं। यह वह वर्ग है, जिसे न तो नियमित वेतन मिलता है और न ही सामाजिक सुरक्षा की पूरी गारंटी।

इन असंगठित मजदूरों में एक बड़ी संख्या उन लोगों की है, जो रोज़गार की तलाश में अपने घरों को छोड़कर दूसरे राज्यों में प्रवास करते हैं। राजस्थान के विभिन्न जिलों में स्थित ईंट-भट्टों, पत्थर खदानों और निर्माण कार्यों में इन प्रवासी मजदूरों की भारी भागीदारी देखने को मिलती है। खासतौर पर अजमेर, भीलवाड़ा, जयपुर, अलवर और जोधपुर जैसे जिलों में ईंट-भट्टा उद्योग में प्रवासी मजदूरों की संख्या अधिक है। विभिन्न श्रम संगठनों के अनुमानों के अनुसार, केवल राजस्थान के ईंट-भट्टों में ही हर साल 8 से 10 लाख प्रवासी मजदूर काम करने आते हैं।



**छोटू सिंह रावत**
एक्टिविस्ट

इन प्रवासी मजदूरों का बड़ा हिस्सा छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, बिहार और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों से आता है। उदाहरण के तौर पर अजमेर और भीलवाड़ा के कई ईंट-भट्टों में काम करने वाले मजदूरों में लगभग 60 से 70 प्रतिशत मजदूर छत्तीसगढ़ और बिहार से आते हैं, जबकि शेष मजदूर उत्तर प्रदेश, झारखंड और ओडिशा से आते हैं। ये लोग अपने पूरे परिवार के साथ यहां आते हैं, जिसमें महिलाएं और किशोरियां भी शामिल होती हैं।

ईंट-भट्टों की दुनिया बाहर से देखने पर सिर्फ मिट्टी, धूल और मेहनत की कहानी लगती है, लेकिन इसके भीतर कई ऐसे सच छिपे हैं, जिन्हें अक्सर हम नजरअंदाज कर देते हैं। खुले आसमान के नीचे, चिमनियों के धुएं के बीच और ईंटों से बने कच्चे घरों में रहने वाली ये किशोरियां काम के साथ-साथ अपने भविष्य के सपने भी बुनती हैं। वे भी चाहती हैं कि उन्हें शिक्षा मिले, वे खेलें-कूदें और एक सम्मानजनक जीवन जिएं, लेकिन हकीकत यह है कि उनके सपने अक्सर भट्टों की तपती आग में ही बुझ जाते हैं।

इन किशोरियों और महिलाओं के हाथों से बनी ईंटें हमारे घरों को मजबूत छत देती हैं, लेकिन विडंबना यह है कि वे खुद उन्हीं ईंटों के बीच असुरक्षित और असुविधाजनक जीवन जीने को मजबूर हैं। लाखों ईंटों के बीच पनप रही इन जिंदगियों के पास बुनियादी सुविधाएं तक नहीं होतीं। अधिकतर भट्टों पर न तो शौचालय की व्यवस्था होती है और न ही स्नानघर। महिलाओं और किशोरियों को खुले में शौच के लिए जाना पड़ता है, जहां उन्हें हर समय असुरक्षा का भय बना रहता है।

सरकार द्वारा असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। ई-श्रम पोर्टल के माध्यम से असंगठित मजदूरों का पंजीकरण किया जा रहा है, ताकि उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के तहत वृद्धावस्था में पेंशन की सुविधा दी जाती है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के माध्यम से कम प्रीमियम पर बीमा सुरक्षा प्रदान की जाती है। इसके अलावा आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीब परिवारों को स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिलता है। महिलाओं की स्वच्छता और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए स्वच्छ भारत मिशन और उड़ान योजना जैसी पहल भी शुरू की गई हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।



# हर खासो आम को भाया आम

फलों की विशाल दुनिया में, आम को जो शाही दर्जा प्राप्त है, वैसा शायद ही किसी और को मिले। फलों का राजा कहे जाने वाला आम न केवल एक स्वादिष्ट उष्णकटिबंधीय फल है, बल्कि ऐसा पौष्टिक चमत्कार भी है, जो लाजवाब स्वाद और असाधारण स्वास्थ्य लाभों का संगम है। 4000 साल पहले दक्षिण एशिया में उत्पन्न हुए ये जीवंत व रसीले फल सभी महाद्वीपों में फैल चुके हैं और अपने अनोखे स्वाद और पोषक तत्वों के मिश्रण से लोगों का दिल जीतते हुए उनके शरीर को पोषण प्रदान कर रहे हैं।



आम सिर्फ स्वाद ही नहीं, बल्कि अपनी खास पहचान और कहानी के लिए भी मशहूर हैं। लंगड़ा आम का नाम जहां दिलचस्प कहानी से जुड़ा है, वहीं मालदाआम दुनियाभर में मशहूर है। केसर आम अपनी खुशबू और रंग के लिए जाना जाता है और हापुस आम को जीआई टैग मिला हुआ है। दूसरी ओर तोतापरी आम का उपयोग जूस, पल्प और अचार में अधिक होता है। अलग-अलग किस्मों के कारण आम हर रूप में लोगों की पसंद बना हुआ है। आम (मैंगिफेरा इंडिका) एक उष्णकटिबंधीय फल है, जिसमें मूल्यवान आवश्यक पोषक तत्व और फाइटोकेमिकल घटकों की एक अनूठी संरचना होती है। ऐतिहासिक रूप से, ताजे आम केवल शुष्क मौसम के अंत में ही उपलब्ध होते हैं। हालांकि बेहतर आपूर्ति श्रृंखला और आधुनिक फल प्रसंस्करण/संरक्षण तकनीकों के कारण, वे अब दुनियाभर के किराना स्टोरों में साल भर उपलब्ध रहते हैं। आम की सर्वउपलब्धता, विशेष सुगंध, पौष्टिकता, रसीला स्वाद तथा आकर्षक रंग के कारण इसे 'फलों का राजा' कहना बिल्कुल सही है।



डॉ. कांति भूषण पांडेय
प्रधान वैज्ञानिक, सीएसआईआर केंद्रीय नमक व समुद्री रसायन अनुसंधान संस्थान, गुजरात

## भारत में पैदा होते हैं दुनिया के आधे आम

भारत में आम की सबसे अधिक किस्में पाई जाती हैं और यह देश की सबसे अधिक व्यावसायिक रूप से उगाई जाने वाली फल फसल है। माना जाता है कि आम की उत्पत्ति इंडो-बर्मा क्षेत्र में हुई और स्पेनिश खोजकर्ताओं द्वारा इसे दक्षिण अमेरिका में फैलाया गया। भारत विश्व में आम का सबसे बड़ा उत्पादक है, जो प्रतिवर्ष कई करोड़ टन आम का उत्पादन करता है। बागानों के बढ़ते क्षेत्रफल के कारण भारत में आम का उत्पादन प्रतिवर्ष बढ़ रहा है। भारत विश्व के कुल आम उत्पादन में 52.63 प्रतिशत का योगदान देता है। देश में आम की खेती कुल क्षेत्रफल (5.57 मिलियन हेक्टेयर) का 22.1 प्रतिशत और फलों के कुल उत्पादन (47.94 मिलियन टन) का 22.9 प्रतिशत है। हालांकि आम की खेती के लिए सबसे बड़ा क्षेत्र उत्तर प्रदेश में 0.27 मिलियन हेक्टेयर है, वहीं आंध्र प्रदेश में प्रति हेक्टेयर 12 टन की उच्चतम उत्पादकता है। आंध्र प्रदेश में 3.07 मिलियन टन आम का उत्पादन होता है, जबकि उत्तर प्रदेश, बिहार और कर्नाटक में क्रमश: 2.39 मिलियन, 1.79 मिलियन और 0.92 मिलियन टन आम का उत्पादन होता है। आम की मिठास को अक्सर उच्च शर्करा स्तर से भ्रमित किया जाता है और इसे मोटापे और मधुमेह से जोड़ा जाता है, जिससे परहेज की सिफारिशें और व्यवहार उत्पन्न होते हैं। परंतु वैज्ञानिक शोध इन निष्कर्षों का समर्थन नहीं करते और स्पष्ट करते हैं कि आम का सेवन और मधुमेह रोग का संबंध कंडीशनल है।



## क्या है पृष्ठभूमि

देश में आम की लगभग 1500 किस्में पाई जाती हैं। हालांकि कुछ विशेष किस्में ही ज्यादा प्रचलित एवं लोकप्रिय हैं। आम की प्रत्येक किस्म का अपना विशेष आकार, आकृति, रंग, बनावट और विशिष्ट स्वाद होता है। रंग, स्वाद और सुगंध आम के पकने की अवस्था से भी संबंधित होते हैं। केसर, दशहरी, लंगड़ा या सिंधुरा से लेकर तोते की चोंच के आकार के तोतापुरी तक, आम की कई अनोखी किस्में भारतीय बाजारों में छाई रहती हैं। इसके अलावा, लगभग 300 ग्राम वजन का प्रसिद्ध रत्नागिरी अल्फोंसो (हापुस) और बिहार का अनोखा सुगंध वाला मालदा भी है। भारत में आमों की कई अद्भुत किस्में पाई जाती हैं, जो अप्रैल के मध्य से अगस्त तक बाजारों में छाई रहती हैं।

## किस्में हैं तमाम


- **तोतापरी**- आम की यह किस्म तोते की चोंच जैसी दिखती है। यह कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में पाई जाती है। स्वाद में हल्का और रंग में हरा, इस किस्म में आम का गूदा अन्य किस्मों की तरह मीठा नहीं होता, लेकिन सलाद और अचार के लिए बहुत अच्छा होता है।
- **हापुस**- महाराष्ट्र की मूल यह किस्म अब गुजरात और कर्नाटक के कुछ हिस्सों में भी उगाई जाती है। पुर्तगाली जनरल 'अफोंसो डी अल्बुकर्क' के नाम पर इसका नाम 'अल्फांसो' पड़ा, जिसे महाराष्ट्र में स्थानीय रूप से 'हापुस' कहा जाने लगा। हापुस (अल्फोंसो) भारत में पाई जाने वाली प्रमुख आम की किस्मों में से एक है, जो अपने रस और मिठास के लिए प्रसिद्ध है। इसका स्वाद और सुगंध लाजवाब होती है। यह सबसे महंगी किस्मों में एक है इसे निर्यात भी किया जाता है और प्रसंस्करण उद्योगों में भी इसका उपयोग होता है। अल्फोंसो आम दुनिया का सबसे स्वादिष्ट आम है।
- **चौसा**- उत्तर प्रदेश और बिहार की यह किस्म शेरशाह सूरी द्वारा सोलहवीं शताब्दी में अपने शासनकाल के दौरान लाई गई थी। बिहार के एक शहर के नाम पर इसका नाम रखा गया है। इस किस्म की विशेषता इसका बेहद मीठा गूदा और चमकीला पीला छिलका है। इसका रंग पीला-सुनहरा होता है।
- **रसपुरी**- कर्नाटक के मैसूरु क्षेत्र में इस किस्म को भारत में आमों की रानी के रूप में जाना जाता है। यह मई महीने में आता है और जून के अंत तक उपलब्ध रहता है। दही, स्मूदी और जैम के रूप में इसका स्वाद सबसे अच्छा होता है।
- **लंगड़ा**- यह उत्तर प्रदेश के आम की एक प्रसिद्ध किस्म है, जिसकी उत्पत्ति के वाराणसी में हुई थी। नाम के अनुसार, इसे लंगड़ा इसलिए कहा जाता है, क्योंकि इसकी खेती सबसे पहले एक ऐसे व्यक्ति के खेतों में हुई थी, जिसके पैर नहीं थे। यह जुलाई से अगस्त तक उपलब्ध रहता है। अंडाकार आकार का यह आम पकने पर भी हरे रंग का रहता है।
- **केसर**- आम में गुजरात की सबसे महंगी किस्मों में से एक इस आम के गूदे का रंग केसर जैसा होता है, जिसके नाम पर इसका नाम रखा गया है। इस किस्म की खेती सबसे पहले 1931 में जूनागढ़ के नवाबों द्वारा की गई थी और 1934 में इसका नाम केसर रखा गया था। इसकी सबसे खास पहचान इसकी केसर जैसी खुशबू है।

### दशहरी

उत्तर प्रदेश की इस किस्म का नाम लखनऊ के पास स्थित दशहरी गांव के नाम पर रखा गया है। यह उत्तर भारत में एक लोकप्रिय व्यावसायिक किस्म है और हमारे देश की सर्वश्रेष्ठ किस्मों में से एक है। इसका फल आकार में छोटे से मध्यम, आयताकार और तिरछा होता है और पीले रंग का होता है। इस आम की गुणवत्ता उत्कृष्ट होती है और इसका लंबे समय तक भंडारण किया जा सकता है।

**जॉब का पहला दिन**

# फिर तो ऐसा लगा कि जन्नत मिल गई




सन् 1992 में काशी हिंदू विश्वविद्यालय में एमएससी रसायन शास्त्र अंतिम वर्ष की पढ़ाई कर रहा था। समाचार पत्र में प्रक्रिया व उत्पाद विकास केन्द्र, कन्नौज में लैब तकनीशियन के तीन पदों का विज्ञापन देखा तो, अप्लाई कर दिया। इस बीच प्रोफेसर वीके वर्मा के निर्देशन में पीएचडी भी शुरू कर दी। नवंबर 1992 के अंतिम सप्ताह में एक पत्र कन्नौज से प्राप्त हुआ। प्रो. वीके वर्मा को दिखाया तो उन्होंने बधाई दी कि तुम्हारी तो नौकरी लग गई है, तुरंत जॉइन करो।

उस समय तो यह भी नहीं पता था कि कन्नौज है कहां? क्योंकि इंटरव्यू कानपुर में हुआ था। कानपुर से सुबह की ट्रेन से कन्नौज पहुंचे। वहां केन्द्र की शुरुआत ही हुई थी। मात्र दो इंडस्ट्रियल शेड थे, जिसमें केंद्र संचालित हो रहा था। विभिन्न आधुनिक मशीन और यंत्र आदि लगे थे, जो संयुक्त राष्ट्र द्वारा पोषित थे। कार्यालय में कम्प्यूटर व फोटोकापी मशीन भी थी। यह दोनों चीजें उस समय सर्वसुलभ नहीं थीं। ऐसे में जब डॉ. आलोक लहरी ने कहा कि यह सब अब तुम्हारे अंडर में है, तो मुझे लगा कि मेरी तो लॉटरी लग गई है। वर्ना तो कोई इन्हें छूने भी नहीं देता था। लैब में डॉ. लहरी ने स्टाफ से परिचय कराया कि यह मिस्टर पाल हैं और यह दिलदार, इनसे जो भी काम करवाना हो करवा लेना। इसी दौरान पाल ने पूछा कि साहब चाय बना लाएं, तो मन में लड्डू फूट पड़े कि हम साहब कब से हो गए? अभी तक तो स्टूडेंट्स थे। मात्र चंद घटों में सब कुछ बदल गया। अभी यह सोच ही रहे थे कि डॉ. लहरी बोले, लाओ अपने सारे डॉक्यूमेंट दो, जॉइनिंग पत्र बनवा देते हैं।

मालूम हुआ कि आज निदेशक डॉ. परमार्थी भी आए हैं और उन्हीं के समक्ष जॉइनिंग होगी। जब यह बताया कि हमें तो वाराणसी जाना है, सब ऐसे ही छोड़कर आ गए थे। परिवार में शादी भी है और सारा इंतजाम हमारे जिम्मे है। इस पर निदेशक डॉ. परमार्थी ने कहा कि "यह नौकरी है, ऐसे नौकरी नहीं होती। बाकायदा एप्लीकेशन दी जाती है उसके भी कुछ नियम-कानून है। ज्यादा से ज्यादा दो-तीन दिन की छुट्टी मिल सकती है। पहले काम समझ लो।" इसी दौरान पता चला कि संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास कार्यक्रम के अंतर्गत परियोजना से जुड़े विशेषज्ञ शीघ्र आने वाले हैं। मशीनों की ट्रेनिंग के लिए टर्की जाना है। जल्दी से पासपोर्ट बनवाना है, फिर तो ऐसा लगा कि जन्नत मिल गई हो। देश और विदेश में सुगंधित तेल से संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद कन्नौज के इत्र उद्योग और इससे संबंधित उद्योगों की मदद के लिए कई सुगंधित तेलों का मानकीकरण किया। सन् 2003 में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा युवा वैज्ञानिक पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके बाद प्रसार अधिकारी के रूप में कानपुर विस्तार इकाई में सन् 2004 में तैनाती मिली। 2015 में सहायक निदेशक व प्रभारी विस्तार इकाई कानपुर बनाया गया। इस तरह इस केंद्र में कार्य करते हुए 34 वर्ष हुए है।



डॉ. भक्ति विजय शुक्ला
सहायक निदेशक व प्रभारी, विस्तार इकाई, सुगंध एवं सुरस विकास केंद्र

# तीर्थस्थलों का बदलता रंग आस्था से पिकनिक तक

बचपन की बात है। हमारा पूरा परिवार हरिद्वार गया था, मेरे माता-पिता, हम तीनों बच्चे और दादी। गर्मी के दिन थे। प्रोग्राम ये बना कि हरिद्वार और आस-पास के तीर्थ तो घूमेंगे ही, साथ में गर्मी से भी थोड़ी मुक्ति मिल जाएगी। उस समय जो देखा वो ये था कि मंदिर और धर्मशालाएं बहुतायत से थीं, होटल भी थे, लेकिन बहुत कम। आना-जाना ज्यादातर पैदल ही होता था, खाने के लिए ज्यादातर ढाबे थे या फिर छोटे-छोटे होटल, जिनमें सामान्य भोजन मिलता था। सबसे न्यारा दृश्य होता था सुबह, शाम और रात को हर की पैड़ी पर होने वाला स्नान और लोगों का कोलाहल। हम लोग भी शाम को लगभग रोज ही वहां जाते थे, ढेर सारे आम और लीची के साथ। पोटली मे बांधकर आम और लीची गंगाजी में डुबोकर, जब ठंडी हो जाए तो खाते थे और हर की पैड़ी के नजारे का आनंद लेते थे। भीड़-भाड़ भी बहुत नहीं होती थी। कुल मिलाकर खुशनुमा माहौल था, जिसमें तीर्थ तो माता-पिता और दादी ने किया बाकी हमने घूमने-फिरने का आनंद लिया।



अनेहस शाश्वत
लेखक



अभी तीन साल पहले हरिद्वार फिर जाना हुआ। इतना शोर, गंदगी और भीड़-भाड़ कि पूछो मत। गंगा आरती मे जबरदस्त भीड़ और लगातार चंदा मांगते गंगा सेवा समिति के पंडे। मैंने पूछा तो पता चला हर शनिवार, रविवार को दिल्ली तक से लोग हरिद्वार आते हैं, हर तरह की सुविधाओं वाले होटलों मे रुककर पिकनिक मनाकर वापस चले जाते हैं। देखा जाए तो पिछले 20-25 सालों से तीर्थ यात्रा के पर्यटन में बदल जाने की ये कहानी है बड़ी दिलचस्प, पाठकों में से जो उम्र दराज होंगे, उनमें से बहुतों ने मेरी तरह इस बदलाव को देखा भी होगा। बदले आर्थिक माहौल ने सारे समाज पर प्रभाव डाला तो तीर्थ पर जाने वाले भी उससे प्रभावित कैसे नहीं होते? पहले तीर्थ पर जाने का मतलब होता था, सारा ध्यान पूजा-पाठ और भक्ति में लगाना और थोड़ा बहुत आस-पास के प्रसिद्ध स्थान भी देखना। जैसा मैंने बताया तीर्थ यात्रा करने के दौरान आरामदेह तरीके से रुकना और स्वादिष्ट खाना-पीना लोगों की प्राथमिकता में नहीं होता था। हां एक बात और थी तीर्थ स्थानों पर जो पंडे-पुजारी और साधू मिलते थे अधिकांश निर्विकार होते थे, लालची भी थे, लेकिन बहुत कम। तीर्थ यात्रा का ये नजारा मोटे तौर पर सन् 2000 के आस-पास तक जारी रहा। इसके बाद भारतीय समाज ने बदलाव का एक नया दौर देखा। अर्थव्यवस्था में आई संपन्नता की वजह से भारतीय समाज के एक बड़े हिस्से की मानसिकता में बदलाव आया और उसकी प्राथमिकताओं में भी।



धर्मभीरु भारतीय समाज में तीर्थ यात्रा अभी भी पहली प्राथमिकता रही, लेकिन अब सुख सुविधाओं की तरफ भी लोगों का ध्यान जाने लगा। इस बदलाव की ओर तीर्थ स्थानों में बैठे पंडे- पुजारिओं और व्यापारियों का ध्यान भी गया। अब लोगों की जेब में पैसा था और तीर्थ स्थानों में बैठे लोगों के पास जमीन, आश्रम और व्यापारी के पास पैसा। नतीजे में तीर्थस्थानों में पर्यटन सरीखी सुविधाएं देने की होड़ शुरू हो गई। नए-नए होटल तो बनने ही लगे आश्रम भी होटल सरीखे ही सुविधा संपन्न होने लगे। खाने-पीने की सुविधाएं भी मिलने लगीं। ये व्यवस्था होने लगी की, जो जैसा भोजन चाहे उसे उपलब्ध कराया जाए। इस तरह से पूरा माहौल पिकनिक सरीखा होने लगा। अब एक पंथ दो काज वाला माहौल तीर्थस्थानों पर बन गया। यानी लोग तीर्थ के साथ पर्यटन का आनंद भी लेने लगे। ये बदलाव एक तरीके से सकारात्मक ही रहा, लेकिन धन का स्वभाव है कि वो अपने साथ लालच भी लाता है। तीर्थ स्थानों में भी वही हुआ और अधिक धन की लालच में तीर्थ स्थानों पर वो सुविधाएं भी मिलने लगीं, जो शुद्ध व्यावसायिक हैं, जिनसे पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है और जो उस इलाके के लिए कालांतर मे घातक साबित होंगी, कई जगहों पर ऐसा होने भी लगा है।



अब जैसे ट्रैकिंग को ही लीजिए, पर्यटकों की डिमांड को पूरा करने के लिए तमाम जगहों पर ट्रैकिंग करवाई जाने लगी है, जिनसें पहाड़ों मे कई जगहों पर कूड़े और प्लास्टिक के कचरे के ढेर लगने लगे हैं। इसी हरिद्वार में ही शोभा के लिए गंगा आरती होती थी। उसकी सफलता से प्रेरित होकर अब गंगा आरती को एक तरह से व्यावसायिक रूप दे दिया गया है। भारी भीड़ होने लगी है और आरती खत्म होने के बाद घाटों पर गंदगी का अंबार लग जाता है, इतने से ही संतोष नहीं हुआ, तो लोग अब खास तौर से पहाड़ों वाले तीर्थ स्थानों पर परलोक सुधारने के लिए बसने भी लगे हैं। ऐसे लोगों ने तीर्थों को और प्रदूषित कराना शुरू कर दिया है। अति हर चीज की बुरी होती है। इसलिए जरूरी है कि कुछ हम खुद पर लगाम लगाएं और सरकार की तरफ से नए सिरे से कुछ नियोजन हो। वरना कालांतर में तीर्थ स्थान व्यापार के शुद्ध केंद्र बन जाएंगे और उनका स्वरूप ही बिगड़कर नष्ट हो जाएगा। बदले आर्थिक, सामजिक संदर्भों में तीर्थ यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलें, ये बात तो समझ में आती है, लेकिन इन सुविधाओं के कारण तीर्थ स्थान, पर्यटन केंद्र मे बदल जाएं ये न तो तीर्थ यात्रियों के हित मे होगा न ही पर्यटकों के।

# परिवहन ईंधनों के दाम बढ़ने से बढ़ेगी महंगाई ... लेकिन राष्ट्र हित में जरूरी : उद्योग जगत

नई दिल्ली, एजेंसी

- डीजल की कीमतों में वृद्धि से खुले बाजार में माल ढुलाई की लागत एक से डेढ़ फीसदी तक बढ़ेगी

पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के दामों में शुक्रवार को की गई बढ़ोतरी पर उद्योग जगत और व्यापारिक संगठनों का कहना है कि इससे रोजमर्रा की वस्तुओं की महंगाई बढ़ेगी, लेकिन पश्चिम एशिया संकट के मौजूदा हालातों में राष्ट्रहित के लिए यह कदम उठाना जरूरी था।तेल विपणन कंपनियों ने आज से दिल्ली में पेट्रोल और डीजल के दाम तीन-तीन रुपये प्रति लीटर बढ़ा दिए हैं। वहीं इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (IGL) ने भी सीएनजी की कीमतों में दो रुपये प्रति किलोग्राम का इजाफा किया है।

अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (कैट) के राष्ट्रीय महासचिव और भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल का मानना है कि ईंधन की कीमतों में इस बढ़ोतरी का आम लोगों पर थोड़ा बोझ तो पड़ेगा, लेकिन यह बड़े राष्ट्रीय हित में है। उन्होंने कहा कि ईंधन महंगा होने से परिवहन और लॉजिस्टिक्स लागत बढ़ेगी, लेकिन चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिस्थितियों में आम लोगों और उद्योग को सरकार के इस जिम्मेदारी पूर्वक लिए गए फैसले का समर्थन करना चाहिए।

**मांग घटने से किराया बढ़ाना आसान नहीं :** आईएफटीआरटी के मुताबिक, मई महीने में फैक्ट्रियों से माल के उठान में आठ से 10 प्रतिशत की कमी देखी गई है। मांग में इस गिरावट के कारण माल परिवहन कंपनियों के पास बढ़ी हुई लागत का बोझ सीधे ग्राहकों पर डालने का विकल्प सीमित हो गया है। ऐसे में यदि माल ढुलाई के किराए में कोई बढ़ोतरी होती भी है, तो वह बहुत कम समय के लिए होगी।



### लागत बढ़ेगी, असर सीमित

इंडियन फाउंडेशन ऑफ ट्रांसपोर्ट रिसर्च एंड ट्रेनिंग (आईएफटीआरटी) ने 75 ट्रक मार्गों के विश्लेषण के आधार पर बताया कि डीजल की कीमतों में तीन रुपये प्रति लीटर की वृद्धि से खुले बाजार में माल ढुलाई की लागत एक से डेढ़ फीसदी तक बढ़ेगी। हालांकि, लगभग 25 प्रतिशत परिवहन क्षमता को बड़े कॉर्पोरेट, सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों और बड़े एमएसएमई के साथ वार्षिक करार (सालाना कॉन्ट्रैक्ट) की सुरक्षा मिली हुई है।

**संतुलन बनाना अनिवार्य: अर्थशास्त्री :** इनफोमेरिक्स रेटिंग्स के मुख्य अर्थशास्त्री मनोरंजन शर्मा ने कहा कि यह बढ़ोतरी पहले से अपेक्षित थी, जो पश्चिम एशिया संकट का सीधा परिणाम है। भारत अपनी जरूरत का 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। कमजोर होते रुपये के कारण देश के लिए आयात की लागत बढ़ी है, इसलिए विदेशी मुद्रा भंडार और वित्तीय स्थिरता के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए यह फैसला अनिवार्य था।

### महंगाई पर बढ़ेगा दबाव

**नई दिल्ली।** विशेषज्ञों का मानना है कि इस बढ़ोतरी से वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के कारण हो रहे भारी नुकसान की पूरी भरपाई नहीं हो पाएगी, जबकि इससे घरेलू बाजार में महंगाई पर दबाव जरूर बढ़ेगा। डीबीएस बैंक की वरिष्ठ अर्थशास्त्री एवं कार्यकारी निदेशक राधिका राव ने कहा कि वैश्विक कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण घरेलू तेल कंपनियों और सरकारी वित्त पर बोझ काफी बढ़ गया था। ऐसे में यह कदम लंबे समय से अपेक्षित था। उन्होंने अनुमान जताया कि ईंधन के दाम बढ़ने से मांग में कुछ कमी आ सकती है और आयात बिल घट सकता है।

**अब भी प्रतिदिन 500 करोड़ का नुकसान :** इक्राइक्रा के प्रशांत वशिष्ठ ने कहा कि यदि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल महंगा बना रहता है, तो यह बढ़ोतरी तेल विपणन कंपनियों की लाभप्रदता बहाल करने के लिए काफी नहीं है। उन्होंने बताया कि 105 से 110 डॉलर प्रति बैरल के कच्चे तेल के भाव पर, इस बढ़ोतरी के बाद भी तेल कंपनियों को ईंधन और घरेलू एलपीजी की बिक्री पर प्रतिदिन लगभग 500 करोड़ रुपये का भारी नुकसान हो रहा है।

**प्रतिदिन 1400 करोड़ रुपये तक पहुंच गया था घाटा :** क्रिसिलक्रिसिल के सेहुल भट्ट ने इस बढ़ोतरी को आंशिक लेकिन महत्वपूर्ण कदम बताया। भट्ट ने खुलासा किया कि कच्चे तेल के चरम स्तर पर होने के दौरान तेल विपणन कंपनियों को पेट्रोल और डीजल पर प्रति लीटर 23 से 30 रुपये तक का नुकसान उठाना पड़ रहा था।

### रुपया 96 प्रति डॉलर पर रहा तो तेल कंपनियों को नहीं फायदा

एसबीआई के अनुसंधान प्रभाग की ताजा 'इकोरैप' रिपोर्ट में कहा गया है कि पेट्रोल-डीजल के दामों में शुक्रवार को की गई 3 प्रति लीटर की बढ़ोतरी से तेल विपणन कंपनियों को राहत तभी मिल सकेगी, जब चालू वित्त वर्ष 2026-27 में रुपया औसतन 94 प्रति डॉलर के आसपास रहे। अगर घरेलू मुद्रा की विनिमय दर 2 और कमजोर होकर 96 रुपये प्रति डॉलर तक पहुंचती है, तो कीमतों में बढ़ोतरी से मिलने वाला पूरा लाभ समाप्त हो जाएगा। शुक्रवार को ही तेल कंपनियों ने दिल्ली में पेट्रोल-डीजल के दाम 3 बढ़ाए हैं, इसी दिन रुपया इतिहास में पहली बार 96 प्रति डॉलर के पार लुढ़क गया है। इकोरैप के अनुसार, ईंधनों के दाम बढ़ने से तेल कंपनियों को उनकी अंडर रिकवरी में करीब 52,700 करोड़ रुपये की राहत मिलने की उम्मीद थी। हालांकि, बाजार में रुपये की ऐतिहासिक गिरावट के कारण कच्चे तेल का आयात महंगा हो जाएगा। इससे कंपनियों को मिलने वाली यह बड़ी राहत खत्म हो सकती है।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन** – तुलसी 2610, राज श्री 2010, फ़ॉर्चून कि. 2665, रविन्द्रा 2600, फॉर्चुन 13kg 2345, जय जवान 2170, सचिन 2360, सूरज 2170, अवसर 2125, उजाला 2130, गृहणी 13 kg 2200, क्लासिक (किलो) 2455, मोर 2375, चक्र टिन 2580, ब्लू 2440, आशीर्वाद मस्टर्ड 2495, स्वास्तिक 2565

**किराना** – निजामाबाद हल्दी 16000-18000, जीरा 24500-25000, लाल मिर्च 21500-24000, धनिया 14000-18000, अजवायान 14000-19000, मेथी 7000-8000 सौंफ 11000-20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850-1000, बादाम 750-1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330-380, मखाना 800-1150

**चावल** – (प्रति कु0) डबल चाबी सेला 10800, आभा स्पाइस 8300, शरबती कच्ची 6500, शर्बती स्टीम 6500, मंसूरी 4500, महबूब सेला 4600, गौरी रॉयल 10200, राजभोग 8250, हरी पत्ती (1kg,5kg) 11700, हरी पत्ति नेचुरल 10900, गौरी स्पेशल 10100, गौरी प्रीमियम 11500, जन्नत 3700, गौरी डिलाइट 10800, मंसूरी पनघट 4400, लाडली 4400

**दाल दलहन** – मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11700-13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली7250-7450 मलका दाल 7450-9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10700-12000, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500, चना काला 7200, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7400, चना अकोला 6600, डबरा 7000-8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9700, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11000-11600, अरहर कोरी छोटी 12600

**चीनी** – द्वारकेश 4330, बहेड़ी 4310, सितारगंज 4280

**बरेली सर्राफा** – (प्रति 10 ग्राम) गोल्ड (पक्के जेवर) 156000, गोल्ड (गिन्नी जेवर) 152000, सिल्वर (पक्की) 2660 (अनुमानित)

# चुनौतियों के साथ अप्रैल में निर्यात 13.78% बढ़ा, व्यापार घाटा 28.38 अरब डॉलर

## भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स और फार्मा की धूम, सेवाओं के निर्यात में भी 13.5% से ज्यादा का सुधार

नई दिल्ली, एजेंसी

वैश्विक स्तर पर जारी विभिन्न चुनौतियों के बावजूद चालू वित्त वर्ष 2026-27 के पहले महीने (अप्रैल-2026) में देश का वाणिज्यिक निर्यात सालाना आधार पर 13.78 प्रतिशत बढ़कर 43.56 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया। अप्रैल 2025 में यह आंकड़ा 38.28 अरब डॉलर था।

आंकड़ों के अनुसार, इस अवधि में वाणिज्यिक आयात भी 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 71.94 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जो पिछले साल समान महीने में 65.38 अरब डॉलर था। आयात और निर्यात के इन आंकड़ों के चलते अप्रैल माह में देश का व्यापार घाटा 28.38 अरब डॉलर दर्ज किया गया है। वस्तुओं और सेवाओं को मिलाकर अप्रैल में देश का अनुमानित निर्यात 80.80 अरब डॉलर रहा, जो अप्रैल 2025 के 71.13 अरब डॉलर के मुकाबले 13.59 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।




### सोने का आयात बिल 82% बढ़ा, पेट्रोलियम का घटा

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष 2026-27 के पहले महीने (अप्रैल-2026) में देश के आयात बिल में बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। इस दौरान सोने का आयात खर्च रिकॉर्ड 82 प्रतिशत बढ़ गया, जबकि पश्चिम एशिया संकट के चलते पेट्रोलियम आयात में 10 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2026 में देश ने 562.69 करोड़ डॉलर का सोना आयात किया। यह पिछले साल अप्रैल 2025 के 309.70 करोड़ डॉलर के मुकाबले 81.69 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह चांदी का आयात भी 157 प्रतिशत की भारी उछाल के साथ 41.11 करोड़ डॉलर पर पहुंच गया। विशेषज्ञों के मुताबिक, सोने-चांदी के आयात बिल में इस रिकॉर्ड बढ़ोतरी की मुख्य वजह अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमती धातुओं की कीमतों में आया उछाल है।

**पश्चिम एशिया संकट से पेट्रोलियम आयात घटा :** कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में तेजी के बावजूद मूल्य के आधार पर पेट्रोलियम का आयात 10.03 प्रतिशत कम हुआ है। अप्रैल 2026 में देश का पेट्रोलियम आयात घटकर 1,862.60 करोड़ डॉलर रह गया, जो पिछले साल समान अवधि में 2,070.15 करोड़ डॉलर था।

### पश्चिम एशिया संकट का व्यापार पर सीधा असर

आंकड़ों पर प्रतिक्रिया देते हुए वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि युद्धग्रस्त पश्चिम एशिया क्षेत्र (मिडल ईस्ट) में जारी तनाव के कारण भारत के व्यापार पर विपरीत असर पड़ा है। अप्रैल महीने में इस क्षेत्र को होने वाले भारतीय निर्यात में 28 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई, जिससे यह पिछले साल के 5.78 अरब डॉलर से घटकर 4.16 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह, समीक्षाधीन अवधि में पश्चिम एशिया क्षेत्र से होने वाला आयात भी पिछले साल के 15.32 अरब डॉलर की तुलना में 31.64 प्रतिशत घटकर 10.47 अरब डॉलर के स्तर पर आ गया है।

### इन प्रमुख सेक्टरों ने पकड़ी रफ्तार

**पेट्रोलियम उत्पाद :** इनका निर्यात 34.66% की भारी उछाल के साथ 7.12 अरब डॉलर से बढ़कर 9.59 अरब डॉलर हो गया।

**इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं :** सालाना आधार पर 40.31% की मजबूत बढ़त लेकर 5.18 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

**इंजीनियरिंग सामान :** पिछले साल के 9.52 अरब डॉलर से 8.76% बढ़कर इस बार 10.35 अरब डॉलर रहा।

**फार्मा (दवाइयां) :** औषधियों का निर्यात 7.12% की वार्षिक वृद्धि के साथ 2.49 अरब डॉलर से बढ़कर 2.66 अरब डॉलर रहा।

**मांस, डेयरी व पोल्ट्री :** 48.03% की सबसे तेज वृद्धि। निर्यात 0.37 अरब डॉलर से बढ़कर 0.55 अरब डॉलर हुआ।

### चुंबक प्रोत्साहन योजना समय 29 जून तक बढ़ा

**नई दिल्ली।** सरकार ने दुर्लभ पृथ्वी तत्वों से स्थायी चुंबक (आरईपीएम) के विनिर्माण के लिए संचालित 7,280 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन योजना के तहत वैश्विक निविदा जमा करने की समयसीमा बढ़ा दी है। अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह फैसला किया गया है। इसके तहत बोली जमा करने की अंतिम तिथि 28 मई से बढ़ाकर 29 जून कर दी गई है।

## निवेश की पाठशाला

## मकान-जमीन बेच कमाया लाभ! ऐसे बचाएं Property Tax

कारोबार डेस्क

अगर आपने कोई मकान, जमीन यानी कोई प्रॉपर्टी बेची है तो उससे हुआ लाभ लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स में आता है। वस्तुत: जब कोई प्रॉपर्टी (घर या जमीन) को 2 साल से अधिक समय तक रखने के बाद बेचा जाता है तो उस पर होने वाली कमाई लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स कहलाती है। इस कमाई पर 20% टैक्स देना पड़ता है। यदि आप इस टैक्स को बचाना चाहते हैं तो धारा 54EC के तहत यह टैक्स बच सकता है। आईए जानते हैं कैसे-




### अपनी कमाई करनी होगी बॉन्ड्स में निवेश

- अंतरराष्ट्रीय इनकम टैक्स की धारा 54EC के तहत सरकार आपको टैक्स बचाने का विकल्प देती है। हालांकि शर्त यह है कि आपको अपनी कमाई कुछ विशेष सरकारी बॉन्ड्स में निवेश करनी होगी। इस निवेश पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉर्पोरेशन (IRFC), रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉर्पोरेशन (REC), पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन (PFC) और नेशनल हाइवेज अथॉरिटी ऑफ इंडिया (NHAI) आदि ऐसी सरकारी कंपनियां हैं जो इन बॉन्ड्स को जारी करती हैं। ये बॉन्ड सरकार के स्वामित्व वाली कंपनियों के होने के कारण इसमें निवेश पूरी तरह सुरक्षित माना जाता है।

### निवेश की शर्तें और समय सीमा

- धारा 54EC के तहत कैपिटल गेन्स पर टैक्स छूट का लाभ उठाने के लिए आपको यहां दिये गये तीन प्रमुख नियमों का पालन करना होगा:

**समय सीमा :** प्रॉपर्टी बेचने की तारीख से छह महीने के भीतर निवेश करना अनिवार्य है।

**अधिकतम निवेश :** एक वित्तीय वर्ष में अधिकतम 50 लाख रुपये तक ही निवेश कर सकते हैं।

**लॉक-इन पीरियड :** आपका पैसा 5 साल के लिए जमा रहेगा। इसे बीच में नहीं निकाला जा सकता।

### ब्याज और टैक्स की गणना

- इन बॉन्ड्स पर फिलहाल करीब 5.25% का सालाना ब्याज मिलता है। हां! विशेष बात ये कि इन बॉन्ड्स में निवेश करने से आपके ऊपर पड़ने वाला कैपिटल गेन टैक्स तो बच जाता है, लेकिन इस निवेश पर मिलने वाला ब्याज आपकी आय में जुड़ जाएगा। ऐसे में टैक्स स्लैब के अनुसार उस पर आयकर देना होगा। यह कैपिटल गेन टैक्स के मुकाबले बेहद कम, कई बार शून्य भी हो सकता है।

### काम की बात

- इसे इस प्रकार समझते हैं-माना कि आपने एक मकान बेचा जिस पर आपने 30 लाख रुपये का शुद्ध लाभ कमाया। इस पर आपको 20 प्रतिशत अर्थात करीब 6 लाख रुपये टैक्स देना होगा। अब यदि आप इस मुनाफे को आपने धारा 54EC के तहत सरकारी बॉन्ड में निवेश कर दिया तो आपका 6 लाख का टैक्स शून्य हो जाएगा। हां, इस निवेश पर मिलने वाला ब्याज आपकी आय में गिना जाएगा, जिस पर आपकी आय के स्लैब के अनुसार बहुत कम अथवा शून्य टैक्स देना होगा।




# उप्र में प्राकृतिक गैस पर स्थानीय वैट लगाने पर सुप्रीम रोक, सरकार की याचिकाएं खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में उत्तर प्रदेश सरकार की याचिकाएं खारिज करते हुए कहा कि राज्य आंध्र प्रदेश से पाइपलाइन के जरिए लाई गई प्राकृतिक गैस पर स्थानीय मूल्य-वर्धित कर (वैट) नहीं लगा सकता है।

जस्टिस जेके माहेश्वरी और अतुल एस. चंदुरकर की पीठ ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 2012 के फैसले को बरकरार रखा, जिसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, टाटा केमिकल्स और इफको के खिलाफ राज्य के कर आकलन आदेश रद्द किए गए थे। शीर्ष अदालत ने कहा कि आंध्र प्रदेश तट पर स्थित केजी-डी6 बेसिन से आपूर्ति की गई गैस की बिक्री अंतरराज्यीय लेनदेन है और इस पर केवल केंद्रीय बिक्री कर कानून ही लागू होगा। इस तरह के मामलों में राज्यों को कर का अधिकार नहीं है।

न्यायालय ने कहा कि संविधान के तहत अंतरराज्यीय व्यापार और वाणिज्य से जुड़े कराधान का अधिकार केंद्र सरकार के पास है और राज्यों द्वारा इस क्षेत्र में हस्तक्षेप करना संघीय संतुलन के खिलाफ होगा। यह मामला उस गैस से जुड़ा था जिसे आंध्र प्रदेश के गादीमोगा डिलीवरी प्वाइंट से खरीदारों को सौंपा गया और बाद में पाइपलाइन के जरिए गुजरात होते हुए उत्तर प्रदेश तक पहुंचाया गया। राज्य सरकार का तर्क था कि पाइपलाइन में गैस के मिश्रण के कारण यह स्थानीय बिक्री बन जाती है, जिस पर 21 प्रतिशत वैट लगाया जा सकता है। हालांकि, उच्चतम न्यायालय ने इस 'तकनीकी' दलील को खारिज करते हुए कहा कि यदि बिक्री अनुबंध के कारण माल एक राज्य से दूसरे राज्य में जाता है, तो वह अंतरराज्यीय बिक्री ही मानी जाएगी। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने कहा कि 2016 में सीएसटी कानून में किया गया संशोधन इस स्थिति को स्पष्ट करता है और यह संशोधन पूर्व के मामलों पर भी लागू होता है।

## किसानों को राहत

# केंद्र सरकार 12.35 रुपये प्रति किलो की दर से खरीदेगी प्याज

**पुणे, एजेंसी।** प्याज की गिरती कीमतों के बीच किसानों को बड़ी राहत देते हुए केंद्र सरकार ने 12.35 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से प्याज खरीदने की घोषणा की है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के सतारा में आयोजित एक कार्यक्रम में यह ऐलान किया। इस मौके पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी उपस्थित थे।केंद्रीय मंत्री चौहान ने बताया कि पश्चिम एशिया संकट के कारण प्याज के निर्यात पर बुरा असर पड़ा है, जिसके चलते घरेलू बाजार में प्याज की कीमतें काफी नीचे गिर गई हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को संकट से उबारने के लिए सरकार शुक्रवार से ही 12.35 रुपये प्रति किलो की दर से ताजे प्याज की खरीद शुरू कर रही है। हम प्याज का पूरा स्टॉक खरीदेंगे और उत्पादक किसानों को हरसंभव सहायता देंगे। कृषि मंत्री ने स्पष्ट किया कि इस संबंध में भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नाफेड) को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस संकट को लेकर मुख्यमंत्री फडणवीस के साथ विस्तृत चर्चा के बाद यह कदम उठाया गया है।

# भ्रामक दावों पर सीसीपीए सख्त: दो कोचिंग संस्थानों पर 15 लाख का जुर्माना

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्राधिकरण ने संस्थानों के वेबसाइट, यूट्यूब और अखबारों के विज्ञापनों पर स्वत: संज्ञान लेकर यह कार्रवाई की

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने भ्रामक विज्ञापनों और अनुचित व्यापार प्रथाओं के लिए राजस्थान के दो कोचिंग संस्थानों पर 15 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। मुख्य आयुक्त निधि खरे और आयुक्त अनुपम मिश्र की पीठ ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के उल्लंघन में कोटा की 'मोशन एजुकेशन' पर 10 लाख और सीकर की 'करियर लाइन कोचिंग' (सीएलसी) पर 5 लाख रुपये की पेनाल्टी लगाई है। प्राधिकरण ने इन संस्थानों के वेबसाइट, यूट्यूब और अखबारों के विज्ञापनों पर स्वतः संज्ञान लेकर यह कार्रवाई की।

जांच में सामने आया कि इन संस्थानों ने आईआईटी-जेईई और नीट-2025 में सफल छात्रों की फोटो और रैंक का इस्तेमाल कर बड़े दावे किए, लेकिन उनके विशिष्ट कोर्स की जानकारी छिपाई। गंभीर बात यह है कि परीक्षा संपन्न होने के बाद दाखिला लेने वाले छात्रों के नाम-फोटो भी इस्तेमाल कर सफलता का झूठा श्रेय लिया गया। साथ ही, विज्ञापन के लिए छात्रों या अभिभावकों की कोई कानूनी सहमति भी नहीं ली गई थी। सीसीपीए ने पाया कि 'मोशन एजुकेशन' ने विज्ञापनों में नीट परिणाम में 91.2% और जेईई एडवांस्ड में 51.02% सफलता दर जैसे बड़े आंकड़े पेश किए थे। बार-बार अवसर देने और दस्तावेजी साक्ष्य मांगने के बावजूद दोनों संस्थान दावों की सत्यता साबित करने में पूरी तरह विफल रहे।

### विज्ञापन के नाम पर 'सफलता' का खेल

प्राधिकरण की जांच में कोचिंग उद्योग की कई ऐसी अनुचित व्यापार प्रथाएं सामने आई हैं, जो सीधे तौर पर छात्रों और अभिभावकों को गुमराह करती हैं। विज्ञापनों में टॉप रैंकर्स की तस्वीरें तो चमकाई गईं, लेकिन यह छुपा लिया गया कि वे छात्र फुल-टाइम क्लासरूम कोर्स के थे या सिर्फ आखिरी महीने की दो-दिन की टेस्ट सीरीज या क्रैश कोर्स का हिस्सा थे। मोशन एजुकेशन ने विज्ञापनों में दावा किया था कि उनके नीट बैच के 91.2% और जेईई एडवांस्ड के 51.02% छात्र पास हुए। इन रिकॉर्ड्स के दस्तावेजी सबूत मांगे तो संस्थान ठोस साक्ष्य नहीं दे सका।

## देश में बेरोजगारी दर छह महीने के उच्च स्तर 5.2% पर

**नई दिल्ली।** देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए बेरोजगारी दर अप्रैल महीने में बढ़कर 5.2 % पर पहुंच गई है। यह पिछले छह महीनों का उच्चतम स्तर है।

शुक्रवार को जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी पीएलएफएस मासिक बुलेटिन के अनुसार, इससे पहले अक्टूबर 2025 में भी बेरोजगारी दर इसी स्तर पर दर्ज की गई थी।

आंकड़ों के मुताबिक, शहरी क्षेत्रों में रोजगार की स्थिति में मामूली सुधार हुआ है और बेरोजगारी दर अप्रैल 2026 में घटकर 6.6 प्रतिशत रह गई, जो मार्च में 6.8 प्रतिशत थी। ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी की स्थिति बिगड़ी है और यह मार्च के 4.3 से बढ़कर अप्रैल में 4.6 प्रतिशत पर पहुंच गई है। पुरुषों की कुल बेरोजगारी दर अप्रैल में मामूली बढ़त के साथ 5.1 प्रतिशत रही। ग्रामीण पुरुषों में यह दर 4.4 प्रतिशत से बढ़कर 4.7 प्रतिशत हो गई।

## आईआईएफएल फाइनेंस पर 3.1 लाख जुर्माना

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी आईआईएफएल फाइनेंस पर नियमों के पालन में कमियां बरतने के लिए 3.1 लाख रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना 'मास्टर डायरेक्शन - भारतीय रिजर्व बैंक (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी - स्केल आधारित विनियमन)' के कुछ प्रमुख प्रावधानों का उल्लंघन करने के कारण लगाया गया है। आरबीआई ने स्पष्ट किया कि 31 मार्च, 2025 तक की वित्तीय स्थिति के आधार पर आईआईएफएल फाइनेंस का एक वैधानिक निरीक्षण किया गया था। केंद्रीय बैंक के निर्देशों का पालन न किए जाने के आधार पर कंपनी को नोटिस जारी किया गया था। नोटिस के जरिए पूछा गया था कि उक्त निर्देशों के उल्लंघन के लिए उस पर वित्तीय पेनाल्टी क्यों न लगाई जाए। इस प्रक्रिया के बाद रिजर्व बैंक ने पाया कि कंपनी के खिलाफ लगाए गए आरोप सही साबित हुए हैं, जिसके बाद जुर्माने की यह कार्रवाई की गई।

**राहत खत्म** — मुख्यमंत्री ने उद्घाटन के बाद 15 दिन तक एक्सप्रेस-वे को टोल मुक्त रखने की घोषणा की थी

# गंगा एक्सप्रेस-वे पर टोल शुरू, चलते- चलते कटेगा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कार, जीप और वैन जैसे हल्के वाहनों से 2.55 रुपये प्रति किमी की दर से वसूला जाएगा टोल
- भारी वाहनों पर 8.15 रुपये तथा भारी मशीनरी पर 12.55 रुपये प्रति किमी शुल्क निर्धारित

**अमृत विचार :** गंगा एक्सप्रेस-वे के उद्घाटन के दौरान मुख्यमंत्री ने 15 दिनों तक वाहनों को टोल टैक्स फ्री कर दिया था। इसकी मियाद गुरुवार को पूरी हो गई। रात 12 बजे के बाद एक्सप्रेस-वे पर दौड़ने वाले वाहनों को टोल टैक्स देना पड़ा। टोल की दरें पहले से ही निर्धारित थीं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 29 अप्रैल को गंगा एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन किया था। उद्घाटन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 15 दिनों तक वाहनों के लिए टोल फ्री कर दिया था। इसके चलते कार्यदायी संस्था यूपीडा ने 15 दिन तक टोल की वसूली नहीं की। मियाद पूरी होते ही यूपीडा ने गुरुवार आधी रात से टोल वसूलना शुरू कर दिया है। वाहनों से किलोमीटर के आधार पर टोल लिया जा रहा है। पूरे एक्सप्रेस-वे का सफर करने पर निजी वाहनों से अनुमानित 1515 रुपये टोल के रूप में लिए जा रहे हैं।

यूपीडा के डिप्टी मैनेजर दुलीचंद ने बताया कि गंगा एक्सप्रेस वे पर टोल प्लाजा पर भी वाहनों को रुकना नहीं पड़ रहा है। अत्याधुनिक सेंसर आधारित प्रणाली के जरिये टोल स्वतः वसूला जा रहा है। स्वतः टोल कटने से एक्सप्रेस वे पर जाम की समस्या नहीं बन रही है।




### तीन स्थानों पर बनाए गए हैं एंट्री प्वाइंट

यूपीडा के डिप्टी मैनेजर ने बताया कि बदायूं में तीन स्थानों पर एंट्री प्वाइंट बने हैं। इन प्वाइंटों पर वाहनों के एक्सप्रेस वे पर डिजिटल प्रक्रिया के तहत एंट्री दर्ज की जा रही है। एंट्री दर्ज होते ही वाहनों को यात्रा के लिए ट्रैक किया जा रहा है। वाहन के एक्सप्रेस वे से बाहर निकलने पर उतनी ही दूरी के हिसाब से टोल टैक्स स्वत: निर्धारित हो किया गया है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अफ्रीका के कांगो प्रांत में इबोला वायरस के नए प्रकोप की पुष्टि

**किंशासा (कांगो)।** अफ्रीका की शीर्ष सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्था ने शुक्रवार को कांगो के सुदूरवर्ती इटुरी प्रांत में इबोला वायरस के नए प्रकोप की पुष्टि की जिससे 246 लोगों के संक्रमित होने का संदेह है और अब तक 65 लोगों की मृत्यु दर्ज की जा चुकी है। शीर्ष सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्था अफ्रीका रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने एक बयान में कहा कि वायरस के संक्रमण से लोगों की मौत और संदिग्ध मामले मुख्य रूप से मोंगवालू और रवाम्पारा स्वास्थ्य क्षेत्रों में दर्ज किए गए हैं। एजेंसी ने कहा, प्रयोगशाला में जिन मामलों में संक्रमण की पुष्टि हुई है उनमें से चार की मौत हो चुकी है। बुनिया में भी संदिग्ध मामले सामने आए हैं, जिनमें संक्रमण की पुष्टि होना बाकी है।

### कीव: रिहायशी इमारत पर हमले में मरने वालों की संख्या 24 हुई

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शुक्रवार को कहा कि एक दिन पहले कीव की रिहायशी इमारत पर रूस की ओर से किए गए मिसाइल हमले में तीन बच्चों समेत 24 लोगों की जान चली गई। जेलेंस्की ने ''एक्स'' पर पोस्ट कर कहा कि राहत और बचाव दल ने एक दिन से अधिक समय में अभियान पूरा किया। यूक्रेनी वायुसेना के मुताबिक क्रूज मिसाइल ने नौ मंजिला इमारत के कोने वाले हिस्से को सीधे निशाना बनाया। वायुसेना ने कहा कि व्यापक स्तर पर आक्रमण शुरू होने के बाद से यह रूस का अब तक का सबसे बड़ा हमला है। जेलेंस्की ने कहा कि इस हमले का मुख्य निशाना यूक्रेन की राजधानी कीव रही जिसमें 48 लोग घायल भी हुए।

### प्रख्यात मिजो गीतकार वी थांगजामा का 91 की उम्र में हुआ निधन

**आइजोल।** प्रख्यात मिजो गीतकार एवं पूर्व सिविल सेवक वी थांगजामा का निधन हो गया। वह 91 वर्ष के थे। उनके परिवार ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मिजो संगीत और साहित्य में अपने महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रसिद्ध थांगजामा ने बृहस्पतिवार रात आइजोल के एक अस्पताल में अंतिम सांस ली। वर्तमान सैतुअल जिले के नगोपा के निवासी थांगजामा ने अपने जीवनकाल में 44 गीतों की रचना की और 17 गीतों का अनुवाद किया। उन्होंने अपनी रचनाओं से मिजो सांस्कृतिक और साहित्यिक परंपराओं पर गहरी छाप छोड़ी।

# चीन के साथ विवादित मुद्दों पर बिना किसी समझौते के बीजिंग से लौटे ट्रंप

## बोले- जिनपिंग पुराने दोस्त, मेरे मन में उनका बहुत सम्मान, संवाद जारी रखेंगे

**बीजिंग, एजेंसी**

चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और उनके अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को अपनी वार्ता को ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण बताया, हालांकि किसी भी विवादास्पद मुद्दे पर कोई समझौता नहीं हो सका। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शुक्रवार को चीन की अपनी तीन दिवसीय यात्रा पूरी कर बीजिंग से रवाना हो गए। इससे पहले उन्होंने शी जिनपिंग को अपना पुराना दोस्त बताते हुए कहा कि उनके मन में अपने चीनी समकक्ष के लिए बहुत सम्मानहै । उन्होंने गहन संवाद बनाए रखने की इच्छा व्यक्त की।

इस यात्रा के दौरान ट्रंप ने जिनपिंग के साथ ईरान युद्ध और व्यापार सहित विभिन्न वैश्विक मुद्दों पर कई दौर की वार्ता की। ट्रंप के रवाना होने से पहले दोनों नेताओं ने बीजिंग में कड़ी सुरक्षा वाले चीनी राष्ट्रपति के आवास 'झोंगनानहाई' में एक निजी बैठक की। चीनी पक्ष के अनुसार, ट्रंप ने इस यात्रा को बेहद सफल और अविस्मरणीय बताया। शुक्रवार को दोनों नेताओं की अंतिम बैठक के दौरान शी जिनपिंग ने कहा कि ट्रंप की यात्रा एक ऐतिहासिक और मील का पत्थर साबित हुई तथा दोनों पक्षों ने रणनीतिक स्थिरता पर आधारित रचनात्मक संबंध बनाने का नया दृष्टिकोण स्थापित किया है। शी जिनपिंग ने कहा, स्थिर आर्थिक और व्यापारिक संबंधों को बनाए रखने, विभिन्न क्षेत्रों में व्यावहारिक सहयोग का विस्तार करने और एक-दूसरे की चिंताओं को ठीक से संबोधित करने पर हम महत्वपूर्ण आम सहमति पर पहुंचे हैं।

शी के अनुसार, चीन और अमेरिका अंतरराष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर सहयोग को लेकर भी सहमत हुए। जिनपिंग ने कहा कि यह यात्रा आपसी समझ बढ़ाने, पारस्परिक विश्वास को गहरा करने और दोनों देशों के लोगों के कल्याण में सुधार लाने के लिए लाभदायक है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने प्रेसवार्ता के दौरान विवादास्पद मुद्दों पर दोनों नेताओं के बीच बनी आम सहमति के विवरण से संबंधित सवालों का जवाब देने से परहेज किया। दोनों नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान शी-ट्रंप के बीच ईरान युद्ध को समाप्त करने या भविष्य में अमेरिकी तेल खरीदने के समझौते से संबंधित सवालों के जवाब में प्रवक्ता ने कहा कि चीन वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा और औद्योगिक एवं आपूर्ति श्रृंखलाओं की स्थिरता की संयुक्त रूप से रक्षा के लिए सभी पक्षों के साथ काम करने को तैयार है।



चीनी राष्ट्रपति के झोंगनानहाई आवास परिसर में शी जिनपिंग के साथ डोनाल्ड ट्रंप।

### चीन के साथ बड़े व्यापारिक सौदे होने का दावा

**बीजिंग।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को अपनी चीन यात्रा के समापन पर कहा कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ उनके शिखर सम्मेलन में शानदार व्यापारिक सौदे हुए हैं और अमेरिका-ईरान युद्ध को और अधिक अनियंत्रित होने से रोकने के प्रयासों में दोनों देशों के बीच समान सहमति बनी है। दोनों नेताओं ने बीजिंग में उच्च स्तरीय बैठकों को एक सकारात्मक मोड़ पर समाप्त किया। इसने पिछले साल के नुकसानदेह व्यापार युद्ध और महीनों के भूराजनीतिक तनाव के बाद संबंधों को स्थिर करने में दोनों देशों की साझा रुचि का संकेत दिया है। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, एयर फ़ोर्स वन से चीन से रवाना होने से पहले ट्रंप ने इस यात्रा को अविश्वसनीय यात्रा बताया और कहा कि इससे बहुत कुछ अच्छा हुआ है, हालांकि उन्होंने हुए समझौतों का विस्तृत विवरण देने से परहेज किया।

### ताइवान को बड़े हथियार पैकेज पर अभी कुछ तय नहीं किया

**बीजिंग।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि उन्होंने अभी तक यह तय नहीं किया है कि ताइवान को अमेरिकी हथियारों की बिक्री के मामले में आगे बढ़ना है या नहीं। ट्रंप की तीन दिवसीय चीन यात्रा संपन्न होने के बाद उनका यह बयान आया है। चीन की यात्रा संपन्न करने के बाद शुक्रवार को 'एयर फोर्स वन' विमान से अमेरिका लौटते समय पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि उन्होंने ताइवान को हथियार बिक्री के बारे में अभी फैसला नहीं किया है। हालांकि, उन्होंने कहा, मैं इस पर निर्णय लूंगा। ट्रंप के रिपब्लिकन प्रशासन ने इस बिक्री को मंजूरी दे दी है, लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। चीन इस सौदे का विरोध कर रहा है और उसका कहना है कि स्वशासित द्वीप के साथ वाशिंगटन के रिश्तों के कारण चीन-अमेरिका संबंध प्रभावित हो सकते हैं। ट्रंप ने कहा कि चीनी राष्ट्रपति ने उन्हें बताया कि वह ताइवान की स्वतंत्रता के विरोधी हैं। ट्रंप ने कहा, मैंने उनकी बात सुनी। मैंने कोई टिप्पणी नहीं की।

### बीजिंग में भारत के राजदूत ने द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की

**बीजिंग।** चीन में भारत के नए राजदूत विक्रम दुरईस्वामी ने चीन के सीमा एवं समुद्री मामलों के विभाग की महानिदेशक होऊ यान्की के साथ परिचयात्मक बैठक की और इस दौरान सीमा से जुड़े घटनाक्रम तथा द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की।

यह विभाग चीन के विदेश मंत्रालय के अंतर्गत आता है। बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने बृहस्पतिवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, दोनों पक्षों के बीच भारत-चीन सीमा क्षेत्रों से जुड़े घटनाक्रमों पर विचारों का सार्थक आदान-प्रदान हुआ और द्विपक्षीय संबंधों में आ रही सकारात्मक गति की समीक्षा की गई। कहा गया, दोनों पक्ष सहमत हुए कि दोनों देशों के नेताओं की स्थिर और पारस्परिक रूप से लाभकारी संबंधों की परिकल्पना को लागू करने के लिए स्थापित तंत्रों का उपयोग किया जाएगा।

# तेल आपूर्ति बढ़ाने को भारत और रूस सहमत: लावरोव

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- रूसी विदेश मंत्री ने ब्रिक्स देशों की बैठक के बाद किया दावा

रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने शुक्रवार को कहा कि रूसी पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति बढ़ाने के लिए रूस और भारत पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। लावरोव ने ब्रिक्स देशों की बैठक के बाद अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर वीडियो साझा करते हुए बताया कि दोनों देश पेट्रोलियम पदार्थों, उर्वरकों की आपूर्ति बढ़ाने और शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने के इच्छुक हैं।

उन्होंने कहा, इसके साथ भारत में परमाणु ऊर्जा संयंत्र के अतिरिक्त ब्लॉकों के निर्माण और व्यापार-निवेश सहयोग पर भी विस्तृत चर्चा हुई है। रूसी विदेश मंत्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच सैन्य और तकनीकी सहयोग हमेशा की तरह उच्च स्तर पर है, जिसके तहत अत्याधुनिक रक्षा प्रौद्योगिकियों पर आधारित आधुनिक हथियारों का संयुक्त उत्पादन किया जा रहा है। उन्होंने पुष्टि की कि प्रधानमंत्री मोदी वर्ष 2026 में रूस का दौरा करेंगे और दोनों पक्ष शिखर सम्मेलन की तैयारी कर रहे हैं। लावरोव ने सुझाव दिया कि वर्तमान ब्रिक्स अध्यक्ष होने के नाते भारत क्षेत्रीय निर्भरता को देखते हुए ईरान और यूएई के बीच मध्यस्थता कर सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि ईरान के खिलाफ अमेरिकी-इजराइली हमले का उद्देश्य उसे अन्य अरब देशों के साथ संबंध सामान्य करने से रोकना है।

# सुधार किए बगैर नहीं बढ़ेगी संयुक्त राष्ट्र की विश्वसनीयता : जयशंकर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों के सम्मेलन में सुरक्षा परिषद के विस्तार पर दिया जोर

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के विस्तार की जोरदार वकालत करते हुए शुक्रवार को कहा कि इसमें सुधार किए बिना इस वैश्विक निकाय की प्रभावशीलता और विश्वसनीयता सीमित बनी रहेगी। जयशंकर ने यह टिप्पणी नई दिल्ली में ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों के सम्मेलन में की।

उन्होंने कहा, हम ऐसे समय में मुलाकात कर रहे हैं, जब वैश्विक शासन की प्रभावशीलता और बहुपक्षवाद की विश्वसनीयता पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने कहा, आज की दुनिया उस समय की तुलना में कहीं अधिक परस्पर जुड़ी, जटिल और बहुध्रुवीय हो चुकी है, जब हमारी कई मौजूदा संस्थाओं की स्थापना हुई थी। फिर भी, वैश्विक शासन की संरचनाएं इन बदलावों के अनुरूप नहीं बदल पाई हैं। जयशंकर ने प्रमुख अंतरराष्ट्रीय निकायों और बहुपक्षीय व्यापार प्रणालियों में सुधार के लिए दबाव डालने के लिए चार विशिष्ट बिंदुओं को सूचीबद्ध किया और जोर देकर कहा कि संयुक्त राष्ट्र और उसके सहायक निकायों का सुधार केंद्रीय बना हुआ है।



ब्रिक्स देशों के सम्मेलन में बोलते जयशंकर।

उन्होंने कहा, संयुक्त राष्ट्र की सदस्य संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और उसकी जिम्मेदारियां भी बढ़ी हैं। इसके बावजूद, विशेष रूप से सुरक्षा परिषद जैसी प्रमुख संस्थाएं अब भी पुराने दौर की झलक पेश करती हैं। उन्होंने कहा, स्थायी और अस्थायी दोनों श्रेणियों में सार्थक विस्तार सहित सुधारों के बिना संयुक्त राष्ट्र की प्रभावशीलता और विश्वसनीयता सीमित रहेगी। एशिया, अफ्रीका और लातिन अमेरिका का प्रतिनिधित्व बेहद आवश्यक है। भारत लंबे समय से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता का मजबूत दावेदार रहा है। अपने दूसरे बिंदु को विस्तार से बताते हुए जयशंकर ने कहा कि अब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए गंभीर वार्ता शुरू करने का समय आ गया है।

विदेश मंत्री ने कहा, तीसरा, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय ढांचे में तत्काल सुधार की आवश्यकता है। वैश्विक वित्तीय ढांचे में सुधार इसलिए जरूरी है ताकि आपूर्ति श्रृंखला की कमजोरियों, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा पर बढ़ते दबाव तथा महत्वपूर्ण संसाधनों तक पहुंच में असमानताओं जैसी आर्थिक चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। जयशंकर ने कहा, चौथा, बहुपक्षीय व्यापार व्यवस्था को मजबूती देने के साथ उसमें सुधार किया जाना चाहिए। गैर बाजार आधारित प्रथाओं, आपूर्ति श्रृंखलाओं के केंद्रीकरण और बाजार तक अनिश्चित पहुंच ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को नए जोखिमों के सामने खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) को केंद्र में रखते हुए नियम-आधारित, निष्पक्ष, खुली और समावेशी व्यापार व्यवस्था आज भी अत्यंत आवश्यक है।

# केरल तट पर 26 को दस्तक देगा मानसून

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- मौसम विभाग ने जताई संभावना चार दिन की हो सकती है घट-बढ़

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पूर्वानुमान में कहा है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के 26 मई को केरल में समय से पहले दस्तक देने की संभावना है। आमतौर पर केरल में मानसून की शुरुआत एक जून के आसपास होती है, जिसके बाद यह उत्तर की ओर बढ़ते हुए देश के बाकी हिस्सों में पहुंचता है।

इसके साथ देश में मानसून मौसम (जून से सितंबर) की शुरुआत मानी जाती है। पिछले वर्ष मानसून की शुरुआत 24 मई को हुई थी। आईएमडी ने कहा, इस वर्ष दक्षिण-पश्चिम मानसून के 26 मई को केरल पहुंचने की संभावना है। हालांकि यह चार दिन पहले या चार दिन बाद भी पहुंच सकता है। मौसम विभाग ने यह भी कहा कि अगले 24 घंटों के दौरान दक्षिण बंगाल की खाड़ी, अंडमान सागर तथा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के कुछ हिस्सों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं।

विभाग ने कहा, जैसे-जैसे मानसून उत्तर की ओर बढ़ता है, वैसे-वैसे क्षेत्रों को भीषण गर्मी से राहत मिलने लगती है। चार महीने के मानसून मौसम के दौरान देश की लगभग 70 प्रतिशत बारिश दर्ज की जाती है।

**इस वर्ष कम वर्षा:** आईएमडी ने कहा है कि इस वर्ष मानसून के दौरान भारत में सामान्य से कम वर्षा हो सकती है। देश में मानसून के महीनों में लगभग 80 सेंटीमीटर वर्षा होने की संभावना है, जबकि 1971-2020 की दीर्घकालिक औसत मौसमी वर्षा 87 सेंटीमीटर रही है। आईएमडी ने कहा कि इसका कारण अल नीनो परिस्थितियों का विकसित होना हो सकता है, जिसके चलते देश में वर्षा कम होती है।

### अरुणाचल में सैनिकों के लिए पारगमन सुविधा शुरू

**ईटानगर।** भारतीय सेना ने अग्रिम क्षेत्रों में परिचालन तैयारियों और सैनिकों के कल्याण को बेहतर बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को अरुणाचल प्रदेश के पूर्वी सियांग जिले में स्थित सिगार सैन्य स्टेशन में सैनिकों के लिए एक पारगमन सुविधा का उद्घाटन किया। सेना के एक बयान में कहा गया है कि इस सुविधा को स्पीयरहेड डिविजन के तत्वावधान में 'स्पीयरहेड गनर्स' द्वारा विकसित किया गया है, ताकि दूरस्थ परिचालन स्थलों पर आने-जाने वाले सैनिकों के लिए एक आरामदायक और कुशल पारगमन पड़ाव उपलब्ध कराया जा सके।

# होर्मुज सिर्फ उन देशों के लिए बंद जो ईरान के साथ युद्ध में

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर चल रही रस्साकशी के बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि ईरान हमेशा होर्मुज़ की सुरक्षा के रक्षक के रूप में अपना ऐतिहासिक कर्तव्य निभाता रहेगा और होर्मुज सभी जहाजों के नौवहन के लिए खुला है लेकिन यह उन देशों के जहाजों के लिए यह बंद रहेगा जो ईरान के साथ युद्ध में हैं।

ईरानी विदेश मंत्री ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से सभी जहाजों को गुजरने में मदद करने के लिए तैयार है। उन्होंने साथ ही यह भी कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में स्थिति इस समय बेहद जटिल है। ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल होने के लिए नई दिल्ली में मौजूद अराघची ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट का बातचीत के जरिए समाधान निकालने के अलावा कोई और हल नहीं हो सकता। उन्होंने कहा, हम भारत की किसी भी रचनात्मक भूमिका का स्वागत करेंगे। अमेरिका के साथ बातचीत के बारे में उन्होंने कहा कि यह विश्वास की कमी के कारण प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा, ईरान के पास अमेरिका पर भरोसा न करने के सभी कारण हैं, जबकि अमेरिकियों के पास हम पर भरोसा करने के सभी कारण हैं। अराघची ने कहा, पाकिस्तान की मध्यस्थता अभी विफल नहीं हुई है। अराघची ने कहा कि ईरान ने कभी भी परमाणु हथियारों की चाहत नहीं रखी है।





- ईरानी विदेशी मंत्री ने कहा- बाकी सभी देशों के जहाजों के लिए खुला है नौवहन

# अपने खाली हो चुके हथियारों के भंडार को फिर भरेगा अमेरिका

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका ने कई संघर्षों में हथियारों के भारी इस्तेमाल के बाद गंभीर रूप से घट रहे मिसाइल भंडार को फिर भरने के लिए 10,000 से अधिक सस्ती क्रूज मिसाइलों और 12,000 सस्ते हाइपरसोनिक हथियारों खरीद के ऑर्डर जारी किए हैं। यह घोषणा ऐसे समय की गई है, जब यूक्रेन और इजराइल को बड़े पैमाने पर सैन्य सहायता और ईरान में सैन्य अभियान के बाद अमेरिकी सैन्य आपूर्ति बहुत कम हो गई है।

युद्ध विभाग के अनुसार, लो-कॉस्ट कंटेनराइज्ड मिसाइल्स नामक नए कार्यक्रम के तहत एंडुरिल इंडस्ट्रीज, लेइदॉस, कोएस्पायर और जोन 5 टेक्नोलॉजीज के साथ रूपरेखा समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। युद्ध विभाग ने हालांकि यह नहीं बताया कि 'कंटेनराइज्ड' मिसाइलों का क्या अर्थ है, लेकिन एंडुरिल की ओर से जारी सूचना के अनुसार इन मिसाइलों को शिपिंग कंटेनरों जैसे दिखने वाले बक्सों से लॉन्च करते हुए दिखाया गया है। ऐसी प्रणालियों को नागरिक मालवाहक जहाजों पर छिपाया जा सकता है या पारंपरिक सैन्य बुनियादी ढांचे के बिना तेजी से तैनात किया जा सकता है।



- 10,000 क्रूज मिसाइलों और 12,000 हाइपरसोनिक हथियारों के ऑर्डर जारी

### ईरान युद्ध से खत्म हो गया 45 से 80% तक भंडार

यह कदम अमेरिका के भीतर तेजी से उन्नत हथियारों के खत्म होने की चिंता के बीच उठाया गया है। अकेले ईरान संघर्ष के दौरान, अमेरिका ने 1,000 से अधिक टॉमहॉक क्रूज मिसाइलें, 1,100 से अधिक जेएएसएसएम स्टील्थ मिसाइलें और 1,200 से अधिक पैट्रियट इंटरसेप्टर दागे। सेंटर फॉर स्ट्रेटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज के स्वतंत्र आकलन के अनुसार, अमेरिका ने अब अपने प्रिसिजन अटैक मिसाइल भंडार का लगभग 45 प्रतिशत, अपने पैट्रियट भंडार का लगभग आधा और कुछ थाड इंटरसेप्टर भंडार का 50 से 80 प्रतिशत हिस्सा खत्म कर दिया है।

# अपनी विदेश यात्राओं का ब्योरा दें राहुल: रीजीजू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने शुक्रवार को राहुल गांधी की विदेश यात्राओं और उनके वित्तपोषण को लेकर उठाए गए सवालों को बहुत गंभीर बताया और कांग्रेस नेता से कहा कि वह अपनी यात्राओं का विवरण संबंधित अधिकारियों को प्रदान करें ताकि कानून के किसी भी उल्लंघन के लिए कार्रवाई से बचा जा सके।

एक दिन पहले भाजपा ने राहुल गांधी की विदेश यात्राओं पर सवाल उठाने के साथ इन यात्राओं के वित्तपोषण के स्रोत का खुलासा करने की मांग की थी। राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा था कि गांधी ने पिछले 22 वर्षों में 54 विदेश यात्राएं कीं, जिन पर कुल 60 करोड़ रुपये खर्च हुए। हालांकि, भाजपा नेता ने दावा किया कि पिछले 10 वर्षों में उनके चुनावी हलफनामों में बताई गई उनकी वार्षिक आय लगभग 11 करोड़ रुपये ही रही। इस मुद्दे पर टिप्पणी करते हुए रीजीजू ने कहा कि गांधी की विदेश यात्राओं पर उठाए गए सवाल बहुत गंभीर हैं।

### भारतीय भूविज्ञानी कोलंबो में तीन करोड़ की कोकीन के साथ किया गया गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका के कोलंबो हवाई अड्डे पर शुक्रवार को 60 वर्षीय एक भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया गया और उसके कब्जे से 10.80 करोड़ श्रीलंकाई रुपये मूल्य की कोकीन बरामद की गई। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि आरोपी पेशे से भूविज्ञानी है और कतर एयरवेज के विमान से युगांडा से दोहा होते हुए कोलंबो पहुंचा था।

अधिकारियों के अनुसार, आरोपी के सामान में दो किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थ था। कहा गया, यात्री के सामान की गहन जांच के दौरान सीमा शुल्क अधिकारियों ने करीब 2.15 किलोग्राम कोकीन बरामद की, जिसे सामान के भीतर छिपाकर रखा गया था। जब्त कोकीन की अनुमानित कीमत करीब 10.80 करोड़ श्रीलंकाई रुपये (लगभग 3.32 लाख अमेरिकी डॉलर) है। कुछ दिन पहले इसी हवाई अड्डे पर एक अन्य भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया गया था, जिसके पास से चार किलोग्राम से अधिक कुश गांजा बरामद किया गया था।

**तल्ख टिप्पणी** | वरिष्ठ अधिवक्ता का दर्जा हासिल करने की कोशिश कर रहे वकील को फटकार लगाते हुए बोले सीजेआई

# कुछ बेरोजगार युवा कॉकरोच की तरह, व्यवस्था पर करते हैं हमला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सीजेआई सूर्यकांत ने कुछ बेरोजगार युवाओं की तुलना कॉकरोच से करते हुए शुक्रवार को कहा कि वे आगे चलकर मीडिया, सोशल मीडिया और आरटीआई कार्यकर्ता बन जाते हैं और फिर व्यवस्था पर हमला शुरू कर देते हैं। सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता का दर्जा हासिल करने के लिए प्रयासरत एक वकील को फटकार लगाते हुए यह टिप्पणी की।

पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा, पूरी दुनिया वरिष्ठ अधिवक्ता बनने की पात्र हो सकती है, लेकिन कम से कम आप इसके पात्र नहीं हैं। सीजेआई ने कहा कि यदि दिल्ली उच्च न्यायालय याचिकाकर्ता को वरिष्ठ अधिवक्ता का दर्जा प्रदान भी कर दे तो शीर्ष अदालत उसके आचरण को देखते हुए उसे रद्द कर देगी। सीजेआई ने फेसबुक पर याचिकाकर्ता की गई भाषा का भी उल्लेख किया। सवाल किया, क्या यह उस व्यक्ति का आचरण है जो वरिष्ठ अधिवक्ता बनना चाहता है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि वरिष्ठ अधिवक्ता का दर्जा प्रदान किया जाता है, इसके लिए प्रयास नहीं किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा, वह सीबीआई से उन लोगों की डिग्रियों की जांच कराएगी जो काला कोट पहनते हैं, क्योंकि उनकी डिग्रियों की प्रामाणिकता को लेकर गंभीर संदेह हैं। अदालत ने कहा कि इस मुद्दे पर भारतीय विधिक परिषद कभी कुछ नहीं करेगी क्योंकि उन्हें अपने वोट चाहिए।



> कुछ युवा कॉकरोच की तरह होते हैं, जिन्हें न कोई रोजगार मिलता है और न ही किसी पेशे में उनका कोई स्थान होता है। उनमें से कुछ मीडिया के क्षेत्र में जाते हैं, कुछ सोशल मीडिया कार्यकर्ता बनते हैं, कुछ आरटीआई कार्यकर्ता और अन्य कार्यकर्ता बनते हैं और फिर वे हर किसी पर हमला करना शुरू कर देते हैं। - **सीजेआई सूर्यकांत**

### सुप्रीम कोर्ट में सोमवार व शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस से सुनवाई होगी, कार पूलिंग भी करेंगे जज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने ईंधन की बचत के लिए सोमवार और शुक्रवार को मामलों की सुनवाई सिर्फ वीडियो कॉन्फ्रेंस से करने का फैसला लिया है। इसके साथ न्यायाधीशों ने यह भी निर्णय लिया कि वे आपस में कार पूलिंग की व्यवस्था अपनाएंगे। शीर्ष अदालत के परिपत्र में यह भी कहा गया है कि अगले आदेश तक रजिस्ट्री के प्रत्येक खंड या शाखा में 50 प्रतिशत कर्मियों को हर सप्ताह दो दिन तक घर से काम करने की अनुमति होगी, बशर्ते बाकी कर्मचारी निर्बाध कामकाज के लिए दफ्तर में उपस्थित हों। इसके लिए संबंधित रजिस्ट्रार सप्ताह शुरू होने से पहले साप्ताहिक रोस्टर तैयार कराने का निर्देश दिया गया है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष:** आज आप महंगे उत्पादों की खरीदी में धन खर्च कर सकते हैं। अपने उद्देश्यों को लेकर सतर्क रहें। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा।

**वृष:** आज आत्मसम्मान को लेकर थोड़े चिंतित रहेंगे। धर्म-कर्म के प्रति मन में रुचि कम होगी। लंबी दूरी की यात्रा करने से बचना चाहिए।

**मिथुन:** आज दिन की शुरुआत बहुत अच्छी रहेगी। जीवनसाथी की सलाह आपके काम आएगी। व्यापार में नई तकनीक का प्रयोग करेंगे।

**कर्क:** आज नई नौकरी ढूंढ रहे हैं, तो समय बहुत ही अच्छा है। महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय सावधानी बरतें। एक साथ कई कार्य करने से बचें।

**सिंह:** आज नौकरीपेशा लोगों का मन काम में नहीं लगेगा। व्यर्थ बातों पर अधिक ध्यान न दें। माइग्रेन के रोगियों को धूप बचना चाहिए।

**कन्या:** आज आपको आकस्मिक धन लाभ मिल सकता है। लोग आपकी आलोचना भी कर सकते हैं। मित्रों से अधिक सहयोग की अपेक्षा न रखें।

**तुला:** आज व्यवसाय में विस्तार के लिए समय बहुत ही शुभ है। धार्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। दांपत्य जीवन में मधुरता रहने वाली है।

**वृश्चिक:** आज कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों के प्रति विश्वास कम हो सकता है। पुराने मित्रों से मिलना हो सकता है। अपने व्यवहार को संतुलित रखें।

**धनु:** आज नई जॉब ऑफर हो सकती है। काफी दिनों से चली आ रही परेशानी दूर होगी। गूढ़ विद्याओं के प्रति आकर्षित हो सकते हैं।


**मकर:** आज आर्थिक लेन-देन में सावधानी रखें। कारोबार में बड़ी साझेदारी हो सकती है। वैवाहिक जीवन तनावयुक्त हो सकता है।

**कुंभ:** आज कार्यक्षेत्र में आपकी प्रशंसा होगी। पूरे दिन सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। विरोधी आपसे पराजित होंगे।

**मीन:** आज आर्थिक हानि होने की संभावना भी बन रही है। करियर को लेकर थोड़ा तनाव हो सकता है। शेयर मार्केट में बड़ा निवेश न करें।

## आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com





**आज की ग्रह स्थिति :** 16 मई, शनिवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- ज्येष्ठ, पक्ष- कृष्ण पक्ष, अमावस्या 17 मई 01.30 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

**दिशाशूल**-पूर्व, **ऋतु**-ग्रीष्म।

**चन्द्रबल**- मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।

**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

**नक्षत्र**-भरणी 17.30 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

### सुडोकू - 150 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 3 | 2 | 4 |
| 2 | 9 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 | 1 | 8 |
| 3 | 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 7 | 5 | 9 |
| 4 | 5 | 6 | 8 | 7 | 2 | 9 | 3 | 1 |
| 8 | 2 | 9 | 6 | 1 | 3 | 4 | 7 | 5 |
| 7 | 3 | 1 | 5 | 9 | 4 | 8 | 6 | 2 |
| 6 | 4 | 2 | 7 | 5 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 3 | 1 | 2 | 6 | 5 | 4 | 7 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 3 | 9 | 2 | 8 | 6 |

### सुडोकू -151

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 2 | | | | |
| | 4 | | 5 | | | | | |
| | | | 3 | | | 8 | | |
| 2 | | | 9 | 7 | | | | |
| 8 | | | | | | | | 9 |
| | | | | 6 | 1 | | | |
| | | 6 | | | 4 | | 2 | |
| | | 3 | | | 5 | | | |
| | | 9 | | 8 | | | 7 | |



आईपीएल के मौजूदा सत्र में टीमें लगातार 200 से अधिक के स्कोर बना और हासिल कर रही हैं। ऐसे हालात में गेंदबाजों के लिए अपनी योजनाओं और कौशल का सही तरीके से इस्तेमाल करना बेहद जरूरी है। बल्लेबाजों का मुकाबला करने के लिए विविधताओं पर काम करना होगा।

–प्रसिद्ध कृष्णा, तेज गेंदबाज

# स्टेडियम

बरेली, शनिवार, 16 मई 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com

**IPL 2026**

**आज का मुकाबला**

कोलकाता नाइट राइडर्स

बनाम

गुजरात टाइटंस

**समय** - शाम 7:30 बजे

स्थान : कोलकाता

# मार्श की तूफानी पारी की बदौलत एलएसजी ने सीएसके को रौंदा

## आईपीएल-2026 : गायकवाड़ की टीम के लिए कठिन हुई प्लेऑफ की डगर

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार :** राजधानी के इकाना स्टेडियम में शुक्रवार की शाम क्रिकेट के रोमांच का ऐसा ज्वार उठा कि चेन्नई सुपर किंग्स की 'येलो आर्मी' की चमक फीकी पड़ गई। भले ही लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) अंतिम चार की दौड़ से बाहर हो चुकी है, लेकिन मैदान पर टीम के लड़ाकू तेवरों में कोई कमी नहीं दिखी।

चेन्नई द्वारा दिए गए 187 रनों के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य को लखनऊ ने मिचेल मार्श और जॉश इंग्लिस की विध्वंसक बल्लेबाजी के दम पर मात्र 16.4 ओवरों में 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

**मिचेल मार्श और जॉश इंग्लिस की रिकार्ड साझेदारी**

188 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एलएसजी को मिचेल मार्श और जॉश इंग्लिस ने वह आक्रामक शुरुआत दिलाई, जिसकी कल्पना विपक्षी गेंदबाजों ने भी नहीं की थी। पावरप्ले के 6 ओवरों में ही दोनों ने स्कोर बोर्ड पर 86 रन टांग दिए। मार्श तो मानो किसी अलग ही लय में थे, उन्होंने मात्र 38 गेंदों में 236 के स्ट्राइक रेट से 90 रनों की पारी खेली, जिसमें 9 चौके और 7 गगनचुंबी छक्के शामिल थे।

दूसरे छोर पर जॉश इंग्लिस (36 रन, 32 गेंद) ने बखूबी साथ निभाया। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए हुई 135 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी ने जीत की राह आसान कर दी।



अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते लखनऊ सुपर जाएंट्स के मिचेल मार्श।

**आकाश सिंह की गेंदबाजी ने उड़ाई गिल्लियां**

इससे पहले, टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई को एलएसजी के तेज गेंदबाज आकाश सिंह ने शुरुआती झटके देकर बैकफुट पर धकेल दिया। आकाश ने अपनी रफ्तार और सटीक लाइन-लेंथ से कप्तान ऋुराज गायकवाड़ (13), संजू सैमसन (20) और उर्विल पटेल (6) को सस्ते में पवेलियन भेजकर चेन्नई के शीर्ष क्रम की कमर तोड़ दी। आकाश ने अपने 4 ओवरों में मात्र 26 रन देकर 3 महत्वपूर्ण विकेट चटकाए।

**जीत काफी सुखद है : मार्श**

प्लेयर ऑफ द मैच मिचेल मार्श ने कहा जीत काफी सुखद है। यह सीजन उतार-चढ़ाव भरा रहा है। हमारे ग्रुप में कुछ बड़े खिलाड़ी हैं और कुछ बेहतरीन युवा खिलाड़ी हैं। इंग्लिस के साथ बल्लेबाजी करने में आनंद आता है।

**चेन्नई सुपरकिंग्स**

**187/5** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| संजू सैमसन का चौधरी बो आकाश सिंह | 20 |
| रुतुराज का पूरन बो आकाश सिंह | 13 |
| उर्विल पटेल का मार्श बो आकाश सिंह | 06 |
| कार्तिक शर्मा का मारक्रम बो शाहबाज | 71 |
| डेवाल्ड ब्रेविस का आकाश सिंह बो शमी | 25 |
| शिवम दुबे नाबाद | 32 |
| प्रशांत वीर नाबाद | 13 |

**अतिरिक्त :** 07, **विकेट पतन :** 1-31, 2-36, 3-52, 4-122, 5-142, **गेंदबाजी :** शमी 4-0-41-1, आकाश सिंह 4-0-26-3, प्रिंस यादव 4-0-49-0, मयंक यादव 4-0-26-0, शाहबाज अहमद 4-0-45-1

**लखनऊ सुपर जाएंट्स**

**188/3** (16.4 ओवर)

| | |
|---|---|
| मिचेल मार्श रन आउट | 90 |
| जोश इंग्लिश का उर्विल बो मुकेश | 36 |
| निकोल्स पूरन नाबाद | 32 |
| अब्दुल समद बो जॉनसन | 07 |
| मुकुल चौधरी नाबाद | 13 |

**अतिरिक्त :** 10, **विकेट पतन :** 1-135, 2-135, 3-144, **गेंदबाजी :** मुकेश 3-0-24-1, जॉनसन 4-0-39-1, कंबोज 2.4-0-63-0, नूर 4-0-21-0, गुरजपनीत 3-0-34-0

### लखनऊ के बल्लेबाजों ने कमाल का प्रदर्शन किया : गायकवाड़

**नई दिल्ली।** लखनऊ सुपर जाएंट्स से सात विकेट से मिली करारी शिकस्त के बाद चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पिच से तेज गेंदबाजों के लिए मदद को स्वीकार करते हुए कहा कि प्रतिद्वंद्वी टीम के बल्लेबाजों ने कमाल का प्रदर्शन किया उन्होंने कहा कि टीम 160 से 170 रन के स्कोर की उम्मीद कर रही थी, लेकिन 180 तक पहुंचना संतोषजनक रहा। गायकवाड़ ने कहा बल्लेबाजी के नजरिए से इससे बेहतर शायद हम ज्यादा कुछ नहीं कर सकते थे। लखनऊ सुपर जायंट्स ने शानदार बल्लेबाजी की और कुछ असाधारण शॉट खेले। उन्होंने कहा कि टीम की योजना शॉर्ट गेंदों का इस्तेमाल करने की थी, लेकिन विरोधी बल्लेबाजों ने उनकी रणनीति को प्रभावी नहीं होने दिया। उन्होंने कहा जॉश इंग्लिस ने पिछले मैच में अलग तरह से बल्लेबाजी की थी और मिचेल मार्श शॉर्ट गेंदों को अच्छी तरह खेलते हैं, इसलिए हम हार्ड लेंथ पर टिके रहना चाहते थे। हमारे गेंदबाज इस मामले में चूक गए, लेकिन उन्होंने बेहतरीन शॉट लगाए। सुपरकिंग्स ने आठवें ओवर तक तीन विकेट गंवा दिये थे और गायकवाड़ ने माना कि शुरुआती विकेट गिरने के बाद नए बल्लेबाजों के लिए रन बनाना कठिन हो गया था। कप्तान के अनुसार, "जब गेंद हार्ड लेंथ पर पड़ रही थी, तब भी पिच में कुछ मदद मौजूद थी।

**अंक तालिका**

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 12 | 8 | 4 | 0 | 16 | 1.053 |
| 2. | गुजरात टाइटंस | 12 | 8 | 4 | 0 | 16 | 0.551 |
| 3. | सनराइजर्स हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 0 | 14 | 0.331 |
| 4. | पंजाब किंग्स | 12 | 6 | 5 | 1 | 13 | 0.355 |
| 5. | राजस्थान रॉयल्स | 11 | 6 | 5 | 0 | 12 | 0.082 |
| 6. | चेन्नई सुपर किंग्स | 12 | 6 | 6 | 0 | 12 | 0.027 |
| 7. | दिल्ली कैपिटल्स | 12 | 5 | 7 | 0 | 10 | -0.993 |
| 8. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 11 | 4 | 6 | 1 | 9 | -0.198 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 12 | 4 | 8 | 0 | 8 | -0.504 |
| 10. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 12 | 4 | 8 | 0 | 8 | -0.701 |

**ऑरेंज कैप**





- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद-508 रन
- साई सुदर्शन गुजरात-501 रन
- विराट कोहली बेंगलुरु -484 रन

**पर्पल कैप**





- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु-22 विकेट
- कागिसो रबाडा गुजरात-21 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई-19 विकेट

# उम्मीद जीवंत बनाए रखने उतरेगा केकेआर

**कोलकाता, एजेंसी**

- **गुजरात टाइटंस की निगाह शीर्ष दो में जगह बनाने पर**

लगभग एक महीने के बाद अपने घरेलू मैदान पर वापसी करने वाली कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम अपनी उम्मीद जीवंत रखने के लिए शनिवार को आईपीएल के मैच में शीर्ष दो में जगह बनाने की कवायद में लगी गुजरात टाइटंस का सामना करेगी। अनुभवी अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में केकेआर ने पिछले साल की तरह इस वर्ष भी अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है जिससे उन्हें फिर से कप्तान नियुक्त करने के फैसले पर सवाल उठने लग गए हैं।

केकेआर को मौजूदा सत्र में अपनी पहली जीत के लिए सातवें मैच (आधे चरण) तक इंतजार करना पड़ा था। वह इस दौरान एक संतुलित टीम संयोजन तैयार करने में नाकाम रहा। केकेआर ने इसके बाद लगातार चार मैच जीते लेकिन पिछले मैच में विराट कोहली के शानदार शतक के कारण उसे आरसीबी से हार का सामना करना पड़ा था। केकेआर के अब तीन मैच बचे हैं और अगर वह सभी मैच जीत जाता है तो अधिकतम 15 अंक तक पहुंच पाएगा। इसके बावजूद उसकी प्लेऑफ में जगह पक्की नहीं हो पाएगी। एक और हार से उसकी आगे बढ़ने की संभावना खत्म हो जाएगी।

**हाईलाइट**

### स्वितोलिना तीसरी बार फाइनल में, गॉफ से होगा खिताबी मुकाबला



**रोम :** हाल के वर्षों में डब्ल्यूटीए टूर पर एलिना स्वितोलिना और इगा स्वियाटेक से ज्यादा शानदार प्रदर्शन करने वाले दो खिलाड़ी शायद ही कोई रहे हों। इस जोड़ी ने टूर्नामेंट के पिछले 10 एडिशन में मिलकर पांच टाइटल जीते हैं लेकिन इस साल सिर्फ एक ही टाइटल मैच में वापस लौटी क्योंकि गुरुवार के सेमीफाइनल में उनका आमना-सामना हुआ। शुक्रवार को आधी रात के बाद, दो बार की चैंपियन स्वितोलिना ने सेमीफाइनल में तीन बार की विनर स्वियाटेक को 6-2, 4-6, 6-2 से हराया और 2017-18 में लगातार दो ट्रॉफी जीतने के बाद पहली बार टाइटल मैच में वापसी की। फाइनल में उनका सामना कोको गॉफ से होगा। उन्होंने इस साल अमेरिकी खिलाड़ी को दो बार हराया है क्योंकि दोनों महिलाएं सीजन का अपना पहला डब्ल्यूटीए 1000 टाइटल जीतने की कोशिश कर रही हैं।

### अनुशासन व निरंतरता आज के खेल की जरूरत : मारिन

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच शोर्ड मारिन अर्जेंटीना के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद चाहते हैं कि उनके खिलाड़ी आगामी टूर्नामेंटों में अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने के लिए पूरे अनुशासन के साथ खेलें। भारतीय टीम ने विश्व में नंबर दो टीम अर्जेंटीना के खिलाफ चार मैचों की सीरीज 2-2 से ड्रॉ खेली। पहले दो मैच हारने के बाद भारत ने जोरदार वापसी करते हुए अंतिम दो मैच (शूटआउट सहित) जीतकर सीरीज बराबर की। भारत अगले महीने न्यूजीलैंड में होने वाले एफआईएच नेशंस कप की तैयारियों के तहत 21 मई से तीन जून तक ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगा, जहां वह चार मैचों की श्रृंखला खेलेगा।

### एशियन बॉक्सिंग में भारत ने 2 गोल्ड जीते

**ताशकंद।** भारत ने एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026 में अपना अंडर-17 कैंपेन कुल 17 मेडल के साथ खत्म किया, जिसमें 2 गोल्ड, 7 सिल्वर और 8 ब्रॉन्ज़ शामिल हैं, जिसमें लड़कियों का ग्रुप सबसे आगे रहा। अंडर-17 लड़कियों ने शानदार 12 मेडल जीते, जिसमें 2 गोल्ड, 6 सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज़ शामिल हैं। अंडर-17 लड़कों ने 1 सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज़ मेडल जीते।





फीफा विश्व कप के हाफ टाइम शो की जानकारी देते काका, ह्यू इवांस, शकीरा और फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो। एजेंसी

# शकीरा का 'दाई दाई' होगा आधिकारिक गीत

**ज्यूरिख, एजेंसी**

विश्व कप का आधिकारिक गीत घोषित कर दिया गया है। विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने शुक्रवार को कहा कि शकीरा और नाइजीरिया के गायक-गीतकार बर्ना बॉय ने मिलकर 'दाई दाई' गाना जारी किया है जो उत्तरी अमेरिका में 11 जून से शुरू होने वाले टूर्नामेंट का आधिकारिक गीत होगा।

फीफा ने कहा दाई दाई फुटबॉल, संस्कृति और एकता का जीवंत नमूना है जो शकीरा और बर्ना बॉय की विश्व भर में जानी पहचानी ओजभरी आवाज और ऊर्जा का शानदार मिश्रण है।

कोलंबिया की गायिका शकीरा ने मई की शुरुआत में इस गीत का एक मिनट लंबा टीज़र क्लिप साझा करके सोशल मीडिया पर लिखा थामाराकाना स्टेडियम से पेश है 'दाई दाई', फीफा विश्व कप 2026 का आधिकारिक गीत।

फीफा ने कहा कि वह प्रमुख स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध इस गाने से मिलने वाली रॉयल्टी का उपयोग फीफा वैश्विक नागरिक शिक्षा कोष की मदद के लिए करेगा।

फीफा ने इसके साथ ही घोषणा की कि 19 जुलाई को न्यूजर्सी में होने वाले फाइनल के हाफटाइम के दौरान एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें मैडोना, शकीरा और बॉय बैंड बीटीएस मुख्य कलाकार होंगे।

# एमबाप्पे की अगुवाई में उतरेगा फ्रांस

**पेरिस, एजेंसी**

फ्रांस ने अगले महीने से शुरू होने वाले फुटबॉल विश्व कप के लिए अपनी 26 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है जिसमें स्टार स्ट्राइकर काइलिन एमबाप्पे की अगुवाई में मजबूत आक्रमण पंक्ति चुनी गई है। फ्रांस के कोच डिडिएर डेसचैम्प्स ने गुरुवार को जो टीम घोषित की उसमें गोलकीपर रॉबिन रिसर भी शामिल हैं जिन्हें घरेलू लीग में अच्छा प्रदर्शन करने का इनाम मिला है।

लेंस के लिए खेलने वाले रिसर ने इस सप्ताह की शुरुआत में सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार जीता था। डेसचैम्प्स ने उन्हें माइक मैगनन और ब्राइस सांबा के बाद तीसरे गोलकीपर के रूप में चुना। फ्रांस अपने तीसरे विश्व कप खिताब की कवायद में है। वह कनाडा, मैक्सिको और अमेरिका में 11 जून से 19 जुलाई तक होने वाले विश्व कप में खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में भाग लेगा। फ्रांस को ग्रुप आई में सेनेगल, इराक और नॉर्वे के साथ रखा गया है। फ्रांस की अग्रिम पंक्ति काफी मजबूत नजर आ रही है जिसमें एमबाप्पे के अलावा बैलोन डीओर विजेता ओस्मान डेम्बेले, उभरते सितारे डेसिरे डौए, माइकल ओलिसे, रेयान चेर्की और मैग्नेस अक्लिओचे आदि भी शामिल हैं। यह डेसचैम्प्स का आखिरी टूर्नामेंट होगा। उन्होंने इस साल घोषणा की थी कि वह विश्व कप के बाद संन्यास ले लेंगे, जिससे 2012 में शुरू हुआ उनका सफल कार्यकाल समाप्त हो जाएगा। उनके कोच रहते हुए फ्रांस ने 2018 में विश्व कप जीता और 2022 में फाइनल तक पहुंचा।





**टीम**

गोलकीपर : माइक मैगनन, ब्राइस सांबा, रॉबिन रिसर। डिफेंडर : लुकास डिग्ने, मालो गुस्टो, लुकास हर्नांडेज़, थियो हर्नांडेज़, इब्राहिमा कोनाटे, जूल्स कौंडे, मैक्सेंस लैक्रोइक्स, विलियम सलीबा, डेयोट उपामेकानो। मिडफील्डर : एनगोलो कांटे, मनु कोने, एड्रियन रबियोट, ऑरेलियन टचौमेनी, वॉरेन ज़ैरे-एमरी। फॉरवर्ड : मैग्नेस अक्लिओचे, ब्रैडली बारकोला, रेयान चेर्की, ओस्मान डेम्बेले, डेसिरे डौए, जीन-फिलिप माटेटा, किलियन एमबाप्पे, माइकल ओलिसे, मार्कस थुरम।

### रियाल मैड्रिड के कोच ने चौथी पसंद का स्ट्राइकर बना दिया : एमबाप्पे

**मैड्रिड।** काइलिन एमबाप्पे गुरुवार को रियाल मैड्रिड के ओविएडो के खिलाफ स्पेनिश लीग फुटबॉल मैच में शुरुआती लाइनअप में जगह न मिलने के बाद कहा कि कोच अल्वारो अर्बेलोआ ने उनसे कहा कि वह टीम के चौथी पसंद के स्ट्राइकर हैं। अर्बेलोआ ने हालांकि एमबाप्पे की बात पर हैरानी जताई और कहा कि उन्होंने कभी इस तरह की बात नहीं की थी और वह नहीं जानते कि फ्रांस के इस फुटबॉलर को ऐसा क्यों लग रहा है। एमबाप्पे बाएं पांव में हैमस्ट्रिंग में खिंचाव से परेशान थे।



**नाराजगी**

**पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली ने 2027 वर्ल्ड कप पर तोड़ी अपनी चुप्पी**

# मुझे काबिलियत साबित करनी पड़ी तो मैं वहां नहीं रहूंगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विराट कोहली को अब भी क्रिकेट से इतना लगाव है कि वह अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, लेकिन इसके साथ ही भारत के इस स्टार बल्लेबाज ने स्पष्ट किया कि अगर किसी विशेष 'माहौल' में उनकी योग्यता पर लगातार सवाल उठाए जाते हैं, तो उन्हें यह स्वीकार करने में कोई हिचकिचाहट नहीं होगी कि वह 'जगह' उनके लिए नहीं बनी है।

इस 37 वर्षीय सुपरस्टार ने अपनी आईपीएल फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पॉडकास्ट पर कहा कि उन्हें अपने महत्व को लेकर किए जा रहे आकलन में लगातार बदलाव से नफरत है। कोहली ने कहा मैं हमेशा तैयार रहता हूं क्योंकि यही मेरी रोजमर्रा की जिंदगी है। मैं कसरत करता हूं, हम घर पर अच्छा खाना खाते हैं। मुझे इस तरह जीना पसंद है। यह केवल क्रिकेट खेलने तक सीमित नहीं है। मेरा कहने का मतलब है कि 2027 के विश्व कप को लेकर होने वाली बातें और बाकी सब। मुझे कई बार पूछा गया है कि क्या आप 2027 में खेलना चाहते हैं। उन्होंने कहा मुझे इसका जवाब पता है और अगर मैं खेल रहा हूं तो फिर मैं क्रिकेट खेलना चाहता हूं। मैं खेलना जारी रखना चाहता हूं। भारत के लिए विश्व कप खेलना शानदार है। कोहली ने कहा मेरा नजरिया बिल्कुल स्पष्ट है। मैं जिस माहौल का हिस्सा हूं उसमें कुछ योगदान दे सकता हूं और टीम को भी लगता है कि मैं योगदान दे सकता हूं, तो मैं खेलता रहूंगा। अगर मुझे अपनी काबिलियत और अहमियत साबित करने की जरूरत महसूस कराई जाती है तो मैं उस माहौल में नहीं रह सकता। कोहली 2024 में टी20 अंतर्राष्ट्रीय और 2025 में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद अब केवल वनडे में खेलते हैं। पिछले कुछ वर्षों से बहुत कम वनडे मैच खेले जा रहे हैं जिससे कोहली कम अवसरों पर ही भारत का प्रतिनिधित्व कर पा रहे हैं। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कोहली और एक अन्य स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा के टीम का हिस्सा बनने की उनकी इच्छा के बावजूद उनके भविष्य को लेकर कोई स्पष्ट टिप्पणी नहीं की है। कोहली ने कहा कि जब तक टीम को उनकी जरूरत होगी, वह टीम के साथ बने रहेंगे।

उन्होंने कहा मैं तब स्पष्ट सोच के साथ वहां गया था कि मुझे वहां किसी को कुछ साबित नहीं करना है। मैं वहां खेलने गया क्योंकि मुझे खेल खेलना पसंद है। कोहली ने कहा मैं इसलिए खेलना चाहता हूं क्योंकि मुझे खेल से प्यार है।

### अपनी तैयारियों के प्रति मैं ईमानदार हूं

विराट ने कहा मैं अपनी तैयारियों के प्रति ईमानदार हूं, मैं खेल के प्रति अपने दृष्टिकोण के प्रति ईमानदार हूं। मैं पूरी लगन से मेहनत करता हूं। जब मैं खेलने के लिए जाता हूं तो मैं दूसरों से कम नहीं बल्कि उनसे भी ज्यादा मेहनत करता हूं और सही तरीके से खेलता हूं। कोहली ने खेल के प्रति अपने दृष्टिकोण के बारे में कहा कि वह हमेशा कड़ी मेहनत के लिए तैयार रहते हैं। मैं इसी तरह से तैयारी करता हूं। मैं 50 ओवर तक फील्डिंग करने के लिए तैयार हूं। इस तरह से खेलने के बाद भी अगर मुझे अपनी काबिलियत और अहमियत साबित करनी पड़े, तो वह जगह मेरे लिए नहीं है। कोहली ने 2025-26 सत्र के दौरान दो दशकों के बाद विजय हजारे ट्रॉफी में खेलने का उदाहरण दिया। उन्होंने दिल्ली के लिए दो मैच खेले और उनमें से एक में शतक लगाने के साथ-साथ लिस्ट ए में सबसे कम पारियों में 16,000 रन बनाने वाले खिलाड़ी भी बने।

# सिंधु व लक्ष्य की हार से एकल में भारतीय चुनौती खत्म

**बैंकॉक, एजेंसी**

**थाईलैंड ओपन**



- **सात्विक और चिराग सेमीफाइनल में पहुंचे**

पूर्व विश्व नंबर एक पीवी सिंधु और मौजूदा समय देश के शीर्षस्थ पुरुष शटलर लक्ष्य सेन शुक्रवार को यहां में थाईलैंड ओपन के क्वार्टर फाइनल में परास्त हो गए। इसके साथ ही पांच लाख डॉलर ईनामी सुपर 500 टूर्नामेंट के एकल वर्ग से भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। फिलहाल सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी व चिराग शेट्टी की विश्व नंबर चार जोड़ी ने पुरुष युगल में सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है।

निमिबुत्र स्टेडियम के कोर्ट नंबर एक पर दिन का दूसरा मैच खेलने उतरीं दो बार की ओलम्पिक पदक विजेता व छठी वरीयता प्राप्त सिंधु एक गेम की बढ़त बरकरार नहीं रख सकीं और शीर्ष वरीयता प्राप्त जापानी अकाने यामागुची के हाथों 61 मिनट तक खिंची कश्मकश 21-19, 18-21, 15-21 से गंवा बैठीं। विश्व रैंकिंग में संप्रति 12वें नंबर पर काबिज 30 वर्षीय सिंधु का इस हार के साथ ही अब विश्व नंबर तीन यामागुची के खिलाफ मैच रिकॉर्ड घटकर 15-13 रह गया है।

उधर 2021 की विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता व संप्रति विश्व रैंकिंग में 11वें नंबर पर काबिज लक्ष्य सेन कोर्ट नंबर एक पर ही खेले गए दिन के नौवें व अंतिम मैच में कड़ी चुनौती प्रस्तुत करने के बावजूद दूसरी सीड थाईलैंड के कुंलावुत वितिदसर्न से पार नहीं पा सके। विश्व नंबर दो वितिदसर्न ने छठी सीड सेन को 21-19, 21-16 से शिकस्त दी।

वहीं सर्वोच्च वरीय सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी व चिराग शेट्टी को आगे बढ़ने में तनिक भी दिक्कत नहीं हुई। इस जोड़ी ने कोर्ट नंबर पर खेले गए दिन के पहले ही मैच में छठी वरीयता प्राप्त जापानी ताकुमी नोमूरा व युइची शिमोगामी 41 मिनट में 21-12, 21-13 से हराया।